# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 4 जनवरी 2024


**रात 1 बजे जारी हुआ आदेश**

कई कलेक्टर बदले, सुब्रत साहू धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के मुख्य सचिव

# विष्णु सरकार की बड़ी सर्जरी, 88 आईएएस, एक आईपीएस का ट्रांसफर, मयंक जनसंपर्क आयुक्त और गौरव रायपुर कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश की विष्णुदेव सरकार ने बुधवार की आधी रात को बड़ी प्रशासनिक सर्जरी कर दी। मंत्रालय से जारी आदेश में 88 आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया गया। इनमें रायपुर समेत कई जिलों के कलेक्टरों का तबादला किया गया है। आईपीएस मयंक श्रीवास्तव को जनसंपर्क आयुक्त सह संचालक के पद पर पदस्थ किया



गया है। पी. दयानंद को जनसंपर्क विभाग का सचिव बनाया गया है। रायपुर का कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को बनाया गया है, वहीं डॉ. सर्वेश्वर भूरे को राज्य निर्वाचन आयोग का सचिव बनाया गया है। इसके अलावा सचिव स्तर के अफसरों का तबादला आदेश जारी हुआ है। 1992 बैच के आईएएस सुब्रत साहू को धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव पद पर पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही ▶▶| शेष पेज 4 पर

- मनोज कुमार पिंगुआ को गृह और जेल विभाग का प्रभार
- प्रमुख सचिव निहारिका बारिक को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
- शहला निगार होंगी कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव कृषि
- कमलप्रीत सिंह लोक निर्माण विभाग के सचिव बनाए गए
- सिद्धार्थ कोमल परदेसी को सचिव स्कूल शिक्षा विभाग का जिम्मा
- प्रसन्ना आर को सचिव उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी
- अंबलगन पी को सचिव संस्कृति विभाग की जिम्मेदारी

## आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जनसंपर्क आयुक्त



आईपीएस मयंक श्रीवास्तव को जनसंपर्क आयुक्त सह संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। श्री श्रीवास्तव 2006 बैच के आईपीएस हैं। अभिजीत सिंह को कांकेर कलेक्टर और रणबीर शर्मा को बेमेतरा का कलेक्टर बनाया गया है।

## गौरव रायपुर और ऋचा दुर्ग कलेक्टर

गौरव कुमार सिंह को रायपुर कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वे 2013 बैच के आईएएस अफसर हैं। रायपुर के कलेक्टर भूरे सर्वेश्वर नरेंद्र को छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग के सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। इसी तरह ऋचा प्रकाश चौधरी को दुर्ग, इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को बालोद का कलेक्टर बनाया गया है। 2018 बैच के आईएएस अबिनाश मिश्रा को रायपुर नगर निगम का आयुक्त बनाया गया है। वे जिला पंचायत रायपुर में सीईओ थे। इसी तरह विश्वदीप को सीईओ जिला पंचायत रायपुर में पदस्थ किया गया है। भिलाई नगर निगम के आयुक्त पद पर देवेश कुमार ध्रुव की तैनाती की गई है।



## खबर संक्षेप

### जायसवाल बने विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक रणधीर जायसवाल ने अरिंदम बागची के स्थान पर विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता के रूप में बुधवार को पदभार ग्रहण किया। बागची को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत का स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। वर्ष 1998 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जायसवाल अपनी पिछली तैनाती में न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत के रूप में कार्यरत थे।



### बच्चों ने फूल तोड़े तो काट दी उनकी मां की नाक

**बेलगावी।** कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की केवल इसलिए नाक काट डाली क्योंकि उसके बच्चों ने व्यक्ति के बगीचे से फूल तोड़ लिए थे। यह घटना मंगलवार को बेलगावी जिले के बासुरते गांव में हुई। आरोपी कल्याणी मोरे ने कार्यकर्ता सुगंधा मोरे (50) के साथ पहले इस बात को लेकर झगड़ा किया और फिर उसकी नाक काट दी। खून से लथपथ सुगंधा को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।



### नए वेरिएंट के जेएन.1 के अब तक 511 केस

**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 के उपस्वरूप जेएन.1 के अब तक कुल 511 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से सबसे अधिक मामले कर्नाटक से सामने आए हैं। कर्नाटक से 199, केरल से 148, गोवा से 47, गुजरात से 36, महाराष्ट्र से 32, तमिलनाडु से 26, दिल्ली से 15, राजस्थान से चार, तेलंगाना से दो और ओडिशा व हरियाणा से एक-एक मामला सामने आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जेएन.1 के तेजी से वैश्विक प्रसार के बाद इसे निगरानी में रखे जाने वाले स्वरूप के रूप में वर्गीकृत किया है



### सोनवानी के पुत्र नितीश को पीएससी में मिला था सातवां रैंक, अन्य करीबियों का भी चयन

# छिपाया गया था टॉपर का सरनेम, थोक में अफसरों के रिश्तेदार बने डिप्टी कलेक्टर, अब खुलेंगी परतें

*नई सरकार ने पहली कैबिनेट में ही पीएससी में हुई गड़बड़ियों की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्णय ले लिया। पीएससी की नियुक्तियों पर गंभीर आरोप थे और युवा जांच की मांग कर रहे थे। सरकार के आदेश के बाद अब जांच का रास्ता साफ हो गया। अब पीएससी की परतें खुल सकेंगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उल्लेखनीय है कि 11 मई को परिणाम घोषित होते ही इस पर विवाद शुरू हो गया था। पीएससी के तत्कालीन चेयरमैन टॉमन सिंह सोनवानी के पुत्र सहित करीबी रिश्तेदारों का थोक में चयन हुआ। राज्यपाल के सचिव अमृत खलको के बेटे-बेटी संग बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और बड़े अधिकारियों का चुनाव हुआ। सूची जारी होने के बाद जमकर हंगामा हुआ लेकिन पूरे मामले पर पीएससी की ओर से अपनी निष्पक्षता साबित करने कोई सबूत नहीं दिए गए।

- राज्य सरकार ने करेगी पीएससी-2021 भर्ती परीक्षा की सीबीआई जांच

**सरनेम छिपाया :** 11 मई को नतीजे जारी करने के साथ ही जब पीएससी ने मेरिट लिस्ट जारी की तो सातवें स्थान पर रहने वाले नितीश का सरनेम छिपाया गया। वह तत्कालीन चेयरमैन टॉमन सिंह सोनवानी का ▶▶| शेष पेज 4 पर



### शोक सभा, रैली सीएम हाउस घेराव और आक्रोश रैली

विधानसभा चुनाव नजदीक होने के कारण भी इस मामले ने अधिक तुल पकड़ा। भाजपा इस लड़ाई को सोशल मीडिया से सड़क पर लेकर आई। भाजपा नीति एवं अनुसंधान विभाग के उज्ज्वल दीपक ने राज्यपाल से सीबीआई जांच की मांग की। नगर घड़ी में शोक सभा का आयोजन किया गया। राजभवन तक रैली निकाली गई। युवा मोर्चा ने सीएम हाउस का घेराव किया। एबीवीपी ने छात्र आक्रोश रैली निकाली।



### सितंबर 2022 में हुआ था पीएससी का साक्षात्कार

171 पदों के लिए वर्ष 2022 में साक्षात्कार लिए गए। इसमें 509 शामिल हुए थे। साक्षात्कार समाप्ति के दिन ही परिणाम घोषित करने की परंपरा पीएससी की रही है, लेकिन आरक्षण मामले के कारण परिणाम जारी नहीं किए जा सके थे। आरक्षण संबंधित फैसला आने के बाद 11 मई 2023 को परिणाम जारी किए गए।

### पीएससी चेयरमैन का खानदान चयनित: खलखो के कई रिश्तेदार

- पीएससी चेयरमैन के दत्तक पुत्र नितीश सोनवानी ने 7वां स्थान हासिल किया है। उसे डिप्टी कलेक्टर का पद दिया गया। चेयरमैन की बहू निशा कोशले का भी चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ है।
- टामन सिंह सोनवानी के बड़े भाई के बेटे साहिल का चयन डीएसपी के पद पर हुआ। सूची में उनके भी सरनेम का जिक्र नहीं किया गया। भाई की बहू दीपा अजगले आदिल की नियुक्ति जिला आबकारी अधिकारी और बहन की बेटी सुनीता जोशी को श्रम अधिकारी का पद दिया गया।
- आयोग के सचिव जीवन ध्रुव के रिश्तेदार सुमित ध्रुव का डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन हुआ।
- राज्यपाल के सचिव अमृत खल्को के बेटे निखिल और बेटी नेहा ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 21 क्विंटल धान खरीदी 5 वर्ष तक मुफ्त चावल

*कैबिनेट में मंजूर, डिप्टी सीएम साव ने दी कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी*



विष्णुदेव साय की पहली विस्तारित कैबिनेट की बैठक में किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर प्रदेश के किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान खरीदी लिंकिंग सहित करने का निर्णय लिया गया है। मंत्रिपरिषद के इस निर्णय से राज्य शासन द्वारा किसानों से 21 क्विंटल धान खरीदी का वायदा पूरा हो गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डधारी परिवारों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए उन्हें ▶▶| शेष पेज 4 पर

**जनवरी से मिलेगा लाभ**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत जारी राशन कार्डों में माह जनवरी से आगामी 5 सालों तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण के समान ही छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम-2012 के तहत जारी अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डों को शामिल किया गया है।

**खुल गए दरवाजे**

## छत्तीसगढ़ में सीबीआई की एंट्री, बैन हटाने के लिए केंद्र को लिखा जाएगा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के साथ ही अब यहां सीबीआई के लिए दरवाजे खुल गए हैं। दरअसल, 2018 में कांग्रेस सरकार बनने के बाद 2019 से सरकार ने राज्य में सीबीआई के प्रवेश पर रोक लगा दी थी। अब जानकारों का कहना है कि राज्य सरकार ने सीबीआई को मामला देना तय कर लिया है, अब जल्द ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को इस संबंध में पत्र लिखा जाएगा।




छत्तीसगढ़ में तत्कालीन भूपेश सरकार ने सीबीआई के प्रवेश पर रोक लगा दी थी । उस समय गृह विभाग ने गुरुवार को केंद्रीय कार्मिक, जनशिकायत और पेंशन मामले तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखा गया था। इसमें कहा गया कि राज्य सरकार साल 2001 में केंद्र को दी गई उस सहमति को वापस लेती है, जिसके तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सीबीआई को छत्तीसगढ़ में कोई भी मामलों की जांच के लिए अधिकृत करने की अधिसूचना जारी की गई थी। इससे पहले आंध्रप्रदेश और पश्चिम बंगाल सरकार ने अपने-अपने राज्य में सीबीआई के प्रवेश पर रोक लगा दी थी।

### इतनी जांच कर चुकी

उल्लेखनीय है कि सीबीआई के प्रवेश पर रोक से पहले यहां सीबीआई जग्गी हत्याकांड, बिलासपुर के पत्रकार सुशील पाठक और छुरा के उमेश राजपूत की हत्या, एसईसीएल कोल घोटाला, आईएएस बीएल अग्रवाल रिश्वत कांड, भिलाई का मैगनीज कांड और एक पूर्व मंत्री की कथित अश्लील सीडी कांड की जांच में शामिल थी।

# ईरान में आतंकी धमाके, मारे गए 100 से ज्यादा

एजेंसी ▶▶| केर्मान

ईरान के केर्मान शहर में बुधवार को एक के बाद एक हुए दो धमाकों में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। यह विस्फोट ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र के पास हुए। राज्य मीडिया के मुताबिक अल-ज़मान मस्जिद के पास हुए विस्फोट में 170 अन्य लोग घायल हो गए। केर्मान के डिप्टी गवर्नर ने इसे एक आतंकी हमला करार दिया है। ऑनलाइन जो वीडियो प्रसारित किया गया है, उसमें सड़क पर कई शव दिखाई दे रहे हैं। ईरानी मीडिया के मुताबिक कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सड़क पर गैस कनस्तरों में विस्फोट हुआ। केमॉन प्रांत के रेड क्रिसेंट के प्रमुख रेजा पल्लाह ने बताया कि राहत कार्य शुरू कर दिया गया है।

- जनरल कासिम सुलेमानी की बरसी पर जुटे थे लोग

### रिमोट से किए गए दो धमाके, 170 घायल



### भगदड़ में भी कई लोग घायल हुए

दावा किया गया कि कासिम सोलेमानी की कब्र के पास धमाके हुए। हालांकि, विस्फोट के कारण के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। विस्फोटों के बाद मची भगदड़ में भी कई लोग घायल हुए हैं। बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सुलेमानी ने बनाई थी नीति

रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की विदेशी ऑपरेशन शाखा, कुद्स फोर्स के कमांडर के रूप में सुलेमानी ने ही पूरे मिडिल ईस्ट में ईरानी नीति बताई थी। वह कुद्स फोर्स के गुप्त मिशनों और हमास और हिजबुल्लाह को हथियार, धन, रसद और मदद उपलब्ध कराते थे।

### हर तरफ चीख-पुकार मच गई

पहला धमाका साहेब अल-जमान मस्जिद के पास हुआ। इसके थोड़ी देर बाद ही दूसरा विस्फोट भी हुआ। धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। घटनास्थल पर धुएं का अंबार देखा गया। थोड़ी ही देर में इलाका मृतकों और घायलों से पट गया। हर तरफ चीख-पुकार मच गई। यह वही जगह है, जहां कासिम सुलेमानी को दफनाया गया था।






**महाराष्ट्र की लकड़ी से बन रहे दरवाजे, दिल्ली के कारीगर लगा रहे सोना**

# राम मंदिर में 44 दरवाजे, 14 पर सोने की परत!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

**खास खबर**

अयोध्या में भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तारीख नजदीक आ रही है। 22 जनवरी 2024 को भगवान रामलला अपने घर में विराजमान होंगे। राम मंदिर में लगने वाले दरवाजों की अद्भुत तस्वीरें सामने आईं हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय के प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि रामलला के मंदिर में 44 दरवाजे होंगे, जिसमें 14 दरवाजों पर सोने की परत चढ़ाई जाएगी। अन्य दरवाजों पर चांदी की परत चढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि भगवान रामलला के ▶▶| शेष पेज 4 पर



### महाराष्ट्र से लाई गई लकड़ी

राम मंदिर में लगने वाले दरवाजे की लकड़ी महाराष्ट्र से लाई गई है। इस लकड़ी की खास बात यह है कि वर्षों तक इसमें किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आ सकती है। प्रकाश गुप्ता ने कहा कि राम मंदिर में जो प्रमुख दरवाजे होंगे वह स्वर्ण जड़ित रहेंगे, इन दरवाजों पर परत चढ़ाने के लिए दिल्ली के कारीगर कार्य कर रहे हैं।

### त्रेतायुग थीम पर सज रही अयोध्या

प्रभु राम की नगरी का नया स्वरूप, यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अपनी तरफ तो आकर्षित कर ही रहा है, साथ ही साथ उन्हें आश्चर्यचकित भी कर रहा है। राम भक्त यहां आकर यहां की भव्यता देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। रामलला के विराजमान होने के पहले पूरी अयोध्या को त्रेता की तरह सजा लिया जाएगा।



### लता मंगेशकर चौक बना सेल्फी केंद्र

अयोध्या नगरी में मशहूर गायिका लता मंगेशकर को समर्पित चौक स्थानीय निवासियों और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बन गया है। इस चौक पर लोग उत्साह के साथ सेल्फी ले रहे हैं। कला में लोगों को अपनी ओर खींचने की शक्ति होती है। इस चौराहे के केंद्र में स्थापित 14 टन वजनी एक विशाल अलंकृत वीणा की प्रतिकृति अपना यह काम बखूबी कर रही है।

*भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) साल 2023 में इतिहास रचने के बाद नए साल से नए जोश और मिशन के साथ आगे बढ़ रहा है। 2024 में इसरो एक बार फिर इतिहास रचने जा रहा है। इस बार इसरो ने अंतरिक्ष में इतिहास रचने के लिए अंतरिक्ष की नंबर वन कंपनी स्पेस एक्स से हाथ मिलाया है।*

# इसरो, मस्क पहली बार आएंगे साथ, अंतरिक्ष में रचेंगे इतिहास

## अंतरिक्ष की नंबर वन कंपनी स्पेस एक्स के साथ हुआ करार, एक्स की मदद से लॉन्च होगा संचार सैटेलाइट जीएसएटी-20

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इसरो साल 2024 की तिमाही में अपने संचार सैटेलाइट जीएसएटी-20 को अंतरिक्ष कंपनी स्पेस-एक्स की मदद से लॉन्च करने वाला है। इसकी घोषणा बुधवार को इसरो के कमर्शियल पार्टनर एनएसआईएल ने की है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब इसरो अपने किसी मिशन को लॉन्च करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी स्पेस एक्स के फाक्कन-9 हेवी लिफ्ट लॉन्चर का प्रयोग करेगा। स्पेस एक्स उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी है, जिसकी 2002 में स्थापना की गई थी। इसरो का बहुत प्रतिक्षित मिशन जीएसएटी-20 को फाल्कन 9 रॉकेट की मदद से अमेरिका के फ्लोरिडा से अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।



### इसरो मिशन में क्यों ले रहा मदद

यहां यह जानना जरूरी है कि भारत के अपने रॉकेटों में 4 टन वर्ग से ऊपर भूस्थैतिक कक्षा में बहुत भारी सैटेलाइट्स को लॉन्च करने की क्षमता नहीं है। इसलिए इसरो इसके लिए एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स की मदद ले रहा है। इससे पहले भारत इसके लिए फ्रांस पर निर्भर था।

### बेहद महत्वपूर्ण है मस्क से करार

इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ का कहना है कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी को स्पेस-एक्स के पास जाना पड़ा, क्योंकि समय पर कोई अन्य रॉकेट उपलब्ध नहीं था। स्पेस-एक्स और इसरो के साथ यह करार महत्वपूर्ण बदलाव है, क्योंकि भारत भारी सैटेलाइट को लॉन्च करने के लिए अभी तक फ्रांस के नेतृत्व वाले एरियनस्पेस कंसोर्टियम पर बहुत अधिक निर्भर था। जीएसएटी 20 सैटेलाइट का नाम जीएसएटी-N2 होगा और यह अनिवार्य रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट पहुंच प्रदान करेगा।

### ये है मिशन

*इसरो के कमर्शियल पार्टनर न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने बताया कि इसरो जीएसएटी-20 सैटेलाइट का निर्माण कर रही है। इस सैटेलाइट को विशेष रूप से दूरदराज के इलाकों में संचार व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस सैटेलाइट का वजन 4700 किलोग्राम है जो करीब 48 **Gpbs** की क्षमता प्रदान करता है। यह सैटेलाइट अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, जम्मू और कश्मीर और लक्षद्वीप सहित भारतीय क्षेत्रों में संचार सेवाएं प्रदान करेगा। इसे 2024 की आखिरी तिमाही में लॉन्च किया जा सकता है।*

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र के पालघर जिले में 3.4 तीव्रता का भूकंप

**पालघर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में बुधवार को 3.4 तीव्रता का भूकंप आया।



अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूकंप से किसी नुकसान की सूचना नहीं है। जिला प्रशासन की एक विज्ञप्ति के अनुसार, भूकंपीय गतिविधि एक बजकर 47 मिनट पर दर्ज की गई। हालांकि, अधिकारियों ने भूकंप के केंद्र का सटीक स्थान नहीं बताया। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी के घायल होने या संपत्ति के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। जिले में पहले भी कई बार भूकंप के झटके आ चुके हैं।

### नाबालिग ने गाड़ी चलाई तो अभिभावक को जेल

**लखनऊ।** नाबालिग के दो पहिया और चार पहिया वाहन चलाने पर



प्रतिबंध संबंधी कानून को उत्तर प्रदेश में अब और सख्ती से लागू किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, अगर अभिभावकों या गाड़ी मालिक ने नाबालिग दो या चार पहिया वाहन चलाने दिया तो उन्हें तीन साल की कैद की सज़ा हो सकती है और उनपर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह द्वारा हाल में जारी निर्देश के बाद परिवहन विभाग के सहयोग से माध्यमिक स्कूलों में इसे लेकर सख्ती की जाएगी और युवाओं को जागरूक करने के लिए मुहिम भी चलाई जाएगी।

### असम में 4.5 करोड़ की हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार

**सिलचर।** असम के कछार जिले से करीब 4.8 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की गई है और इस



सिलसिले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि कछार जिला पुलिस ने पड़ोसी राज्य से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक अभियान चलाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम ने दो व्यक्तियों के कब्जे से 600 ग्राम हेरोइन बरामद की।

## केरल के त्रिशूर में पीएम मोदी ने किया रोड शो, महिलाओं की रही अपार भीड़

### 'तीन शक्ति मोदीकोप्पम' सम्मेलन में बोले पीएम मोदी, इस बीच लोगों ने की फूलों की बारिश

# दुनिया ने देखा, नारी शक्ति विकसित भारत के 'संकल्प सिद्धि' की 'सबसे बड़ी गारंटी'



पीएम मोदी ने अपने किए गए कार्यों को सामने रखा

| 500 | 51 | 4 | 315 | 45 | 220 | 11 | 10,000 | 10 | 70,000 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किमी का मेट्रो ये मोदी की गारंटी है | करोड़ बैंक खाते ये मोदी की गारंटी है | करोड़ मुफ्त आवास ये मोदी की गारंटी है | मेडिकल कॉलेज ये मोदी की गारंटी है | करोड़ मुद्रा लोन ये मोदी की गारंटी है | मुफ्त वैक्सीन ये मोदी की गारंटी है | करोड़ नल से जल ये मोदी की गारंटी है | जन आयुष केंद्र ये मोदी की गारंटी है | करोड़ लोगों को फ्री गैस कनेक्शन ये मोदी की गारंटी है | किमी नेशनल हाइवे ये मोदी की गारंटी है |

एजेंसी ▶▶| त्रिशूर

केरल के त्रिशूर में पीएम नरेंद्र मोदी ने रोड शो किया। रोड शो में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। पीएम मोदी पर लोगों ने फूलों की बारिश की। लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी ने भाजपा के महिला सम्मेलन में महिलाओं की एक विशाल सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं आभारी हूं कि 'स्त्री शक्ति' मुझे आशीर्वाद देने के लिए बड़ी संख्या में यहां एकत्र हुई हैं। मोदी ने कहा कि केरल की बेटियों ने देश की आजादी में अहम भूमिका है। पीटी ऊषा हो या बॉबी जार्ज हो ये देश की महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं। सौभाग्य से मैं शिव की नगरी कहे जाने वाले काशी संसदीय क्षेत्र से सांसद हूं। यहां वडक्कुनाथन मंदिर में भी भगवान शिव विराजमान हैं। आज केरल की सांस्कृतिक राजधानी त्रिशूर से निकलने वाली ऊर्जा पूरे केरल में नई आशा का संचार करेगी। आजकल देश में मोदी की गारंटी की चर्चा है। लेकिन, मैं मानता हूं कि देश की नारी शक्ति 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी हैं।

■ केरल में रोड शो में उमड़ी भारी भीड़

### देशभर में मोदी की गारंटी की चर्चा, लेकिन यह 'स्त्री शक्ति' का मुझ पर मात्र आशीर्वाद




### महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम में मोदी को बधाई दी

इसे आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर आधिकारिक तौर पर भाजपा का चुनावी बिगुल माना जा रहा है। संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर मोदी को बधाई देने के लिए भाजपा की केरल इकाई ने थेक्किनकाडु मैदान में 'तीन शक्ति मोदीकोप्पम' नामक सम्मेलन का आयोजन किया है।

### कई क्षेत्रों की महिलाएं रहीं शामिल

भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख के सुरेंद्रन ने कहा है कि पीएम मोदी के कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं हो रही हैं। जिनमें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाली प्रमुख हस्तियां भी शामिल हैं। सुरेंद्रन ने कहा, अभिनेत्री-नृत्यांगना शोभना, क्रिकेटर मिन्नू मणि, उद्यमी बीना कन्नन, गायिका वाईकॉम विजयलक्ष्मी और भ्रष्टाचार एवं लालफीताशाही के खिलाफ आवाज उठाने वाली मारियाकुट्टी उन लोगों में शामिल कार्यक्रम स्थल साझा कर रही हैं। केरल की राजनीति में माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा का प्रभुत्व है। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने हाल ही में स्पष्ट किया था कि लोकसभा चुनाव से पहले अगले कुछ महीनों में और अधिक राष्ट्रीय नेता दक्षिणी राज्य का दौरा करेंगे।



### लक्षद्वीप में लाभार्थियों के साथ की बातचीत, 'एक्स' पर किया साझा

पीएम ने लक्षद्वीप के कवरत्ती में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद लक्षद्वीप में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। इस बातचीत की कुछ झलकियां पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर भी साझा की।

### फुले और नाचियार को दी श्रद्धांजलि



पीएम मोदी ने सावित्रीबाई फुले और रानी वेलु नाचियार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने उनकी करुणा और साहस से समाज के लिए किए गए प्रेरणादायक कार्यों को याद किया। अपने निस्वार्थ एवं समर्पण भाव से सावित्रीबाई फुले ने महिला उत्थान और सामाजिक सुधारों में का नेतृत्व किया।

### मुख्य आरोपी अभिजीत सिंह ने किए अहम खुलासे

## ब्लैक मेल से परेशान होकर की थी मॉडल दिव्या की हत्या

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

गुरुग्राम के सनसनीखेज दिव्या पाहुजा मर्डर केस में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनका नाम अभिजीत सिंह, ओम प्रकाश और हेमराज बताया जा रहा है। मुख्य आरोपी अभिजीत सिंह एक होटल का मालिक है, जबकि ओम प्रकाश और हेमराज उसमें कर्मचारी हैं। अभिजीत ने बताया उसकी कुछ



अश्लील तस्वीरें दिव्या के पास थीं। इन तस्वीरों के जरिए वह उसे ब्लैकमेल किया करती थी। उससे अक्सर पैसे लेती रहती थी। पिछले कुछ दिनों से ज्यादा पैसों की मांग कर रही थी। 2 जनवरी को भी उसके गुरुग्राम के होटल सिटी प्वाइंट में दिव्या से उसने तस्वीरें डिलीट करने के लिए कहा। इस दौरान विवाद बढ़ने पर उसने गुस्से में आकर मॉडल को गोली मार दी थी।

### ऐसे लगाया शव ठिकाने

अभिजीत ने बताया, दिव्या के शव को होटल के दो कर्मचारियों हेमराज और ओम प्रकाश के साथ मिलकर अपनी बीएमडब्ल्यू कार में रखवा दिया। इसके बाद उसने अपने दो अन्य साथियों को बुलाकर उसका शव ठिकाने लगाने के लिए अपनी कार उनको दे दी. इन दोनों की तलाश अभी पुलिस कर रही है। इनके बारे में अभिजीत सिंह से जानकारी एकत्र की जा रही है। मृतिका की बहन की शिकायत पर सेक्टर-14 थाना में संबंधित धाराओं में केस दर्ज है। इधर, दिव्या की बहन ने अपनी तहरीर में बताया है कि 2 जनवरी की सुबह तक उसकी बहन से बात हुई थी, लेकिन रात होते ही उसका मोबाइल नंबर नॉट रीचेबल हो गया था। उसको शक हुआ तो उसने होटल मालिक अभिजीत को कई बार कॉल किया, लेकिन उसने दिव्या के बारे में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। इसके बाद उसके मरने की खबर आई गई। वैसे दिव्या गैंगस्टर संदीप गाडोली एनकाउंटर केस में मुख्य गवाह थी। ऐसे में पहले आरोप लगाया गया था कि गैंगस्टर की बहन और भाई ने उसकी हत्या करवाई है।

### दुर्लभ मामला

## कोलकाता में बच्ची चाइनीज निमोनिया से संक्रमित

**कोलकाता।** कोलकाता के इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ में एक दस वर्षीय बच्ची में चाइनीज निमोनिया का एक दुर्लभ प्रकार माइकोप्लाज्मा निमोनिया पाया गया है।



दक्षिण कोलकाता के बांसद्रोणी में रहने वाली बच्ची को सांस लेने में समस्या, बुखार और खांसी की शिकायत के बाद 25 दिसंबर को पार्क सर्कस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच के दौरान डॉक्टरों ने बच्ची में माइकोप्लाज्मा निमोनिया पाया। माइकोप्लाज्मा निमोनिया को चीनी निमोनिया या चाइनीज निमोनिया भी कहा जाता है, क्योंकि पिछले साल चीन में माइकोप्लाज्मा निमोनिया के कारण सांस में दिक्कत होने के कई मामले देखे गए थे। एम्स-दिल्ली के डॉक्टरों ने पिछले हफ्ते करीबन सात मरीजों में यह संक्रमण देखा, जिसमें ज्यादातर बच्चे थे।

### एक जमीन घोटाले पर ईडी ने दिया है समन

## हेमंत सोरेन नहीं छोड़ेंगे सीएम पद विधायकों की बैठक में फैसला

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन इस्तीफा नहीं देंगे। रांची में सीएम आवास पर हुई विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया है। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में 43 विधायक थे। बैठक फैसला लिया गया कि हेमंत सोरेन सीएम हैं और आने वाले दिनों में भी वही



सीएम रहेंगे... वहीं सूत्रों ने बताया कि बैठक में सभी विधायकों ने एक स्वर में कहा कि हेमंत सोरेन सीएम बने रहेंगे। साथ ही ईडी के कदम पर भी नजरें रखी जाएगी। यह फैसला ऐसे वक्त में सामने आया है जब हेमंत सोरेन ईडी ने ईडी के सातवें समन पर भी एजेंसी के सामने जाने से परहेज किया है। एक दिन पहले ही (मंगलवार को) सोरेन ने ईडी कार्यालय में एक पत्र भिजवाया था।

### ईडी की डेडलाइन

मुख्यमंत्री के इस रुख पर ईडी के आधिकारिक सूत्रों का कहना था कि जांच पर सवाल उठाने का मतलब है कि हेमंत सोरेन का जांच के लिए एजेंसी के सामने आने का कोई इरादा नहीं है। मालूम हो कि ईडी ने बीते 29 दिसंबर को एक पत्र जारी करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जमीन घोटाले से संबंधित मामले में बयान दर्ज कराने के लिए दो दिनों के भीतर अपनी सुविधा के अनुसार जगह और समय बताने की अपील की थी।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

### तीन भारतीय कंपनियों की एंटी ड्रोन तकनीक का परीक्षण सफल

## अब सीमा पार के हमलों और तस्करियों पर लगेगा लगाम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए साल में सीमा पार से ड्रोन के जरिये होने वाली हथियारों, ड्रग्स की तस्करी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की घटनाओं पर लगाम लग सकेगी। दरअसल, तीन स्वदेशी कंपनियों का एंटी ड्रोन तकनीक का परीक्षण सफल रहा है। इसी साल से अंतराष्ट्रीय सीमा पर इस तकनीक का इस्तेमाल कर ड्रोन के बढ़ते खतरों को रोका जाएगा। गृह मंत्रालय के अतिविशिष्ट सूत्र ने बताया कि इस दिशा में मंत्रालय के अधीन आधुनिकीकरण पर अनुसंधान करने वाली एजेंसी ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (बीपीआरडी) लंबे समय से कई कंपनियों के संपर्क में थी। तीन कंपनियों का परीक्षण सफल रहा है। अब यह तय करना है कि सीमा पर ड्रोन के खतरों से निपटने के लिए किस कंपनी की तकनीक का इस्तेमाल किया जाए।

### खुली नहीं रहेगी म्यांमार सीमा

पूर्वोत्तर भारत में उग्रवाद की मुख्य समस्या म्यांमार से घुसपैठ से जुड़ी है। हालिया मणिपुर हिंसा में म्यांमार में शरण लेने वाले उग्रवादी गुट की भूमिका सामने आई थी। इसी के मद्देनजर सरकार ने अगले पांच साल में म्यांमार से लगती 1,643 किमी सीमा पर स्थाई बाड़ लगाने की योजना बनाई है। इस क्रम में 300 किमी में बाड़ लगाने का टेंडर हो चुका है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑक्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508133

रायपुर
गुरुवार, 4 जनवरी 2024
पौष कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष : 22, अंक : 168
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 28.8
न्यून. 15.6

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 ब्रिसबेन : दूसरे दौर में हारी ओसाका

विचार पेज
2 प्राण प्रतिष्ठा से विपक्ष दूर क्यों




inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बस-ट्रक की टक्कर में 12 यात्रियों की मौत



**गोलाघाट/जोरहाट।** असम के गोलाघाट जिले में बुधवार को एक कोयला लदे ट्रक और एक बस की आमने-सामने की टक्कर में तीन बच्चों समेत कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर डेरगांव के पास बालीजान में हुई जब 49 यात्रियों को ले जा रही बस ट्रक से टकरा गई।

### साल- 2024 में लगेंगे चार ग्रहण



**इंदौर।** इस साल सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा की चाल से एक पूर्ण सूर्यग्रहण समेत चार ग्रहण लगेंगे। उज्जैन की एक प्रतिष्ठित वेधशाला का यह पूर्वानुमान भारत के खगोलप्रेमियों को निराश कर सकता है कि देश में इनमें से एक भी खगोलीय घटना निहारी नहीं जा सकेगी। इस साल ग्रहणों का सिलसिला 25 मार्च को लगने वाले उपच्छाया चंद्रग्रहण से शुरू होगा।

### मादा चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया



**भोपाल।** अफ्रीकी देश नामीबिया से लाई गई मादा चीता आशा ने मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में तीन शावकों को जन्म दिया है। जंगल में शावकों की आवाज गूंजी। कूनो राष्ट्रीय उद्यान तीन नए सदस्यों का स्वागत कर रहा है। शावकों को नामीबिया से लाई गई मादा चीता आशा ने जन्म दिया है।

### जापान में भूकंप से कम से कम 62 की मौत



**सुजु।** पश्चिमी जापान में एक के बाद एक आए भूकंप के कई झटकों में बुधवार तक कम से कम 62 लोगों की मौत हो गई। बचावकर्मी क्षतिग्रस्त इमारतों के मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जापान के इशिकावा प्रांत और आसपास के इलाकों में 7.6 तीव्रता के भूकंप के बाद भी दो दिन तक भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### 71 लाख की धोखाधड़ी सुनार पर मुकदमा दर्ज




**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक स्वर्ण व्यापारी के साथ कथित तौर पर 71.18 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में गुजरात के राजकोट के एक सुनार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।पीड़ित और आरोपी के बीच लंबे समय तक व्यापारिक संबंध थे। दो जुलाई 2023 को पीड़ित ने 71,18,491 रुपए के आभूषण उसे उपलब्ध कराए थे।

### शीर्ष न्यायालय ने हिंडनबर्ग केस में सुनाया अपना फैसला, सेबी को दिए तीन माह

# सेबी की जांच में सुप्रीम कोर्ट का दखल से इंकार, अदाणी बोले-सत्यमेव जयते

**अदाणी ग्रुप को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। पिछले साल जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से जो बवंडर खड़ा हुआ था, वो इस साल जनवरी में अब खत्म होता दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी ग्रुप की कंपनियों पर लगे आरोपों की जांच को सीबीआई या किसी एसआईटी से कराने की मांग को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि इस मामले की जांच सेबी ही करेगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों से जुड़े दो लंबित मामलों पर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को अपनी जांच तीन माह के भीतर पूरी के निर्देश बुधवार को दिए। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि वह सेबी की जांच करने की शक्ति को नियंत्रित नहीं कर सकती। पीठ ने साथ ही कहा कि सेबी ने अडाणी समूह पर आरोपों से जुड़े 24 में से 22 मामलों में अपनी जांच पूरी कर ली है। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि मामले के तथ्यों को देखकर ऐसा नहीं लगता कि जांच का जिम्मा विशेष जांच दल या अन्य एजेंसियों को सौंपा जाना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने उन याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह निर्णय सुनाया जिनमें आरोप लगाया गया था कि अडाणी समूह द्वारा शेयर मूल्यों में हेराफेरी की गई है। प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमन क्षेत्र में शीर्ष अदालत की शक्ति सीमित है। ये जनहित याचिकाएं वकील विशाल तिवारी, एम एल शर्मा, कांग्रेस नेता जया ठाकुर और अनामिका जायसवाल ने दाखिल की थीं। अडाणी समूह ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि वह सभी कानूनों का पालन करता है।

खास खबर



### फैसले की अहम बातें

1. अदाणी ग्रुप पर सिक्योरिटीज नियमों के उल्लंघन के लगे आरोपों की जांच को सेबी से लेकर एसआईटी सौंपने का कोई मामला नहीं बनता है। यानी यह जांच सेबी के पास ही बनी रहेगी।
2. कोर्ट ने अदाणी ग्रुप के खिलाफ बाकी बची 2 जांच को 3 महीने के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया है।
3. कोर्ट ने कहा-बस किसी थर्ड-पार्टी की रिपोर्ट या किसी न्यूज रिपोर्ट के आधार पर सेबी की जांच शुरू करने का रिक्वेस्ट नहीं किया जा सकता है।
4. कुछ याचिकाकर्ताओं ने इस मामले की जांच के लिए गठित की गई एक्सपर्ट्स पैनल के सदस्यों पर हितों के टकराव का मामला बनाया था, लेकिन कोर्ट ने इसे भी खारिज कर दिया।

### जो हमारे साथ खड़े रहे उन लोगों का आभारी



*गौतम अदाणी ने इस फैसले को सत्य की जीत बताया है। अदाणी ने एक ट्वीट में कहा, माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सत्य की जीत हुई है। सत्यमेव जयते। मैं उन लोगों का आभारी हूं जो हमारे साथ खड़े रहे। भारत की विकास गाथा में हमारा विनम्र योगदान जारी रहेगा। जय हिंद।*

### जांच ट्रांसफर करने का कोई आधार नहीं

*तीन जजों की बेंच ने कहा कि इस मामले में जांच स्थानांतरित करने का कोई आधार नहीं है। इसे केवल तभी उठाया जा सकता है, जब नियमों का जानबूझकर उल्लंघन किया गया हो। कोर्ट ने ओसीसीपीआर रिपोर्ट पर निर्भरता को भी खारिज करते हुए कहा कि बिना किसी सत्यापन के थर्ड पार्टी ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट पर प्रमाण के रूप में भरोसा नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि सरकार और सेबी भारतीय निवेशकों के हित को मजबूत करने के लिए समिति की सिफारिशों पर विचार करेंगे।*

### फैसले का ऐसा असर

इस फैसले के चलते सुबह से ही अदाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी रही। फैसले से पहले इसके शेयरों में तेजी 14 फीसदी तक पहुंच गई थी। हालांकि फैसले के बाद इसमें थोड़ी गिरावट आई। कारोबार के अंत में इसकी सबसे प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 2 फीसदी बढ़ कर बंद हुए। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस सबसे अधिक 11.5 पर्सेंट बढ़कर बंद हुआ। जबकि अदाणी पावर और बाकी शेयरों में 4 से 10 फीसदी की तेजी रही।



### कांग्रेस बोली- सेबी के प्रति 'असाधारण तरीके से उदारता'

कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि अदाणी समूह के लेनदेन से जुड़े कुछ मामलों पर उच्चतम न्यायालय का फैसला सेबी के लिए 'असाधारण तरीके से उदार' साबित हुआ है। कांग्रेस ने यह भी कहा कि सांठगांठ वाले पूंजीवाद तथा मूल्यों, रोजगार पर उसके बुरे प्रभावों के खिलाफ पार्टी की लड़ाई जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी समूह को बड़ी राहत देते हुए, समूह द्वारा शेयर मूल्य में हेराफेरी किए जाने के आरोपों की जांच विशेष जांच दल से कराने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायालय ने साथ ही बाजार नियामक सेबी से दो लंबित मामलों की जांच तीन माह के भीतर करने के निर्देश दिए।

## लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की कल अहम बैठक

सांसद, कोरग्रुप के सदस्य समेत सभी मंत्री होंगे शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के बाद लोकसभा की सभी 11 सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने तैयारी शुरु कर दी है। जीत की रणनीति बनाने के लिए एक अहम बैठक शुक्रवार 5 जनवरी को ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आज आएंगे प्रदेश प्रभारी माथुर

*भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर गुरुवार को राजधानी आएंगे। वे शुक्रवार को होने वाली भाजपा कोरग्रुप, सांसदों और मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। विधानसभा चुनाव में जीत के लिए बेहतर मार्गदर्शन और रणनीति बनाने का श्रेय ओम माथुर को दिया जाता है।*

## अजय के समर्थन में बीजापुर बंद कहा- परिवार से बदसलूकी

- युवा आयोग के पूर्व सदस्य ने थाना प्रभारी पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



राज्य युवा आयोग के पूर्व सदस्य अजय सिंह ने भैरमगढ़ थाना प्रभारी पर घर में घुसकर परिवार के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। इधर, बुधवार को अजय के समर्थन में व्यापारियों ने बीजापुर जिला बंद रहा। परिवार के साथ थाने पहुंचे अजय सिंह ने थाना प्रभारी वीरेंद्र श्रीवास्तव पर घर में घुसकर परिवार के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया है।

### जिला बदर

*एसडीओपी तरेश साहू का कहना है कि अजय सिंह पर जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। जिसे प्रशासन द्वारा 22 दिसम्बर को निरस्त कर दिया गया। अजय के घर थाना प्रभारी जिला बदर करवाई निरस्तीकरण के आदेश की कॉपी लेने गया था। एसडीओपी ने माना है कि थाना प्रभारी को रात के 12 बजे अजय के घर नहीं जाना चाहिए था।*

जेईई-मेन में नए नियम

## शौचालय ब्रेक के बाद फिर से तलाशी, बायोमेट्रिक भी जरूरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को शौचालय के लिए ब्रेक लेने के बाद फिर से जामातलाशी और बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने की प्रक्रिया से गुजरना होगा। अधिकारियों, परीक्षकों, स्टाफ सदस्यों और जलपान परोसने में मदद करने वालों को भी इसी प्रक्रिया से गुजरना होगा।

### 13 भाषाओं में परीक्षा

*जेईई (मेन)-2024 13 भाषाओं- अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की जाएगी। कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) 24 जनवरी से एक फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। परिणाम 12 फरवरी को घोषित किए जाएंगे।*

## ड्राइवर की पूछी औकात, सीएम ने कर दिया कलेक्टर का ट्रांसफर

**मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लिया एक्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश सरकार ने ट्रक चालकों के विरोध के बीच एक चालक की 'औकात' को लेकर सवाल उठाने वाले शाजापुर जिला कलेक्टर किशोर कन्याल को उनके पद से हटा दिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को कन्याल को कलेक्टर पद से हटाने का फैसला साझा करते हुए कहा कि उनकी सरकार में इस तरह की भाषा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ के अनुसार, यादव के निर्देश पर कन्याल को शाजापुर कलेक्टर के पद से हटा दिया गया है। राज्य सरकार ने बुधवार को एक आदेश जारी कर कन्याल को राज्य उप सचिव के पद पर स्थानांतरित कर दिया। नरसिंहपुर ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कलेक्टर ने दी सफाई** कलेक्टर कन्याल ने कहा, एक चालक दूसरों को भड़काने की कोशिश कर रहा था और आंदोलन को तेज करने की धमकी दे रहा था जिसके कारण मैंने इन शब्दों का इस्तेमाल किया। ठेस पहुंची है तो मैं खेद व्यक्त करता हूं।

### क्या है मामला

वीडियो क्लिप में कलेक्टर चालकों और अन्य लोगों से कानून अपने हाथ में नहीं लेने के लिए कहते हुए दिख रहे हैं, तभी चालकों के एक प्रतिनिधि ने उनसे अच्छे से बात करने के लिए कहा। इस पर कन्याल को गुस्सा आ गया और उन्होंने पूछा, 'क्या करोगे तुम, क्या औकात है तुम्हारी? उस व्यक्ति ने इसके जवाब में कहा कि वे यह लड़ाई इसलिए लड़ रहे हैं क्योंकि उनकी कोई 'औकात' नहीं है।

### आप बोली- गिरफ्तारी का डर, भाजपा ने कहा- भ्रष्ट नेता को होगी सजा

# केजरीवाल नहीं गए ईडी दफ्तर, कहा- नोटिस अवैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालयद्वारा जारी तीसरे समन पर भी बुधवार को पेश नहीं हुए। उन्होंने एक लिखित जवाब भेजकर नोटिस को अवैध बताया। आप ने आरोप लगाया कि केजरीवाल को बार बार नोटिस भेजना लोकसभा चुनाव में चुनाव प्रचार से रोकने के लिए उन्हें गिरफ्तार करने की साजिश का हिस्सा है। भाजपा ने दावा किया कि केजरीवाल नहीं चाहते कि सच बाहर आए। आप ने कहा कि केजरीवाल जांच एजेंसी के साथ सहयोग के लिए तैयार हैं, लेकिन दावा किया कि ▶▶ शेष पेज 4 पर



### आप ने उठाए सवाल

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि अगर ईडी कानूनी तौर पर उनसे जवाब चाहती है तो वे सहयोग करने के लिए तैयार हैं, लेकिन वे भाजपा के समन का जवाब देने के लिए 'बाध्य नहीं' हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री राय ने कहा, ईडी भाजपा है और भाजपा ईडी है।

### भाजपा बोली- केजरीवाल हों या सोरेन

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में हर 'भ्रष्ट नेता' को उनके गलत कामों के लिए 'दंडित' किया जाएगा। केजरीवाल हों या हेमंत सोरेन सभी पर कार्रवाई होगी। कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है तो अदालतों का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया।

### इधर, सोरेन के करीबियों पर ईडी के छापे

ईडी ने झारखंड में कथित अवैध खनन में धन शोधन की जांच के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार, साहिबगंज जिले के अधिकारियों और एक पूर्व विधायक के परिसरों पर बुधवार को छापेमारी की। छापेमारी की कार्रवाई के दौरान ईडी अधिकारियों के साथ केंद्रीय सुरक्षा बलों का एक सशस्त्र दल भी साथ में है।



## चिंतन

# महिलाओं के हित में केंद्र सरकार का नया फैसला

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने ऐसे कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है, जो अपनी फैमिली पैंशन बच्चों को देना चहाते हैं। अब वो ऐसा कर सकते हैं। अगर सरकारी नौकरी में कोई महिला कर्मचारी है और उनकी शादी टूट गई है तो ऐसी स्थिति में अब वो अपने पति से पहले अपने बच्चों को फैमिली पेंशन के लिए नॉमिनेट कर सकती है। 2021 के नियमों के तहत अगर किसी सरकारी कर्मचारी या रिटायर्ड कर्मचारी की मौत हो जाती है, तो उसके परिवार को फैमिली पेंशन दी जाती है। पहले ये पेंशन सबसे पहले मृतक के पति या पत्नी को मिलती थी, लेकिन अब अगर पति-पत्नी के बीच मनमुटाव है, तो कर्मचारी अपने बच्चों को पहले नॉमिनेट कर सकता है या कर सकती है। ये नियम उन सभी सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगा जिनका निधन एक सितंबर 2021 के बाद हुआ है। इसके लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। अनेक ऐसे परिवार थे, जहां कर्मचारी किसी कारण से अपनी पत्नी से अलग हो चुका है, लेकिन पैंशन पाने की हकदार पत्नी ही थी। अब केंद्र सरकार के पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत महिला कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन के लिए अपने पति की जगह अपने बच्चे/बच्चों को नामित करने की भी अनुमति दी गई है। यह संशोधन महिला सरकारी कर्मचारी की पारिवारिक पेंशन को उसके पति की वरीयता में एक योग्य बच्चे को वितरित करने की अनुमति देता है। यह उन सभी मामलों में जहां उसने तलाक की याचिका या घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम के तहत याचिका दायर की है या भारतीय दंड संहिता के तहत मामले हैं, उन पर लागू होगा। यह संशोधन महिला और बाल विकास मंत्रालय के परामर्श से प्राप्त अभ्यावेदनों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया। नई व्यवस्था से महिलाओं को फायदा होगा, क्योंकि उन्हें शादी टूटने के बाद पति पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उनके बच्चों को पेंशन मिलने से उनका भविष्य सुरक्षित हो जाएगा। ये नियम सिर्फ उन मामलों में लागू होगा जहां शादी टूट गई है और बच्चे पात्र होंगे। पति को पेंशन तभी मिलेगी जब बच्चे पात्र नहीं रहेंगे। असल में होता क्या था, कई बार कर्मचारी महिला या पुरुष किसी भी कारण से अपने जीवन साथी से अलग हो चुका होता था, लेकिन अगर तलाक नहीं हुआ हो तो पैंशन पाने का अधिकारी जीवन साथी ही होता था। विशेषकर महिला कर्मचारी और सिंगल मदर के लिए विकट हालात की स्थिति थी। उसके न रहने पर पैंशन बच्चों को न मिलकर उसके पति को मिलती थी। इसका खामियाजा महिला कर्मचारी की मृत्यु के बाद उसके बच्चों को भुगतना पड़ता था। सरकार ने यह संशोधन करके संवेदनशीलता दिखाई है। अगर किसी सिंगल मदर की मृत्यु हो जाती है तो उसकी पैंशन के हकदार तब तक उसके बच्चे होंगे जब तक वे बालिग नहीं हो जाते। उसके बाद पैंशन उसके पति को मिलेगी। इसके लिए कर्मचारी अपने बच्चों को पैंशन के लिए नॉमिनेट करेगा। सरकार के इस फैसले से सिंगल मदर या सिंगल फादर को बहुत राहत मिलेगी। सिंगल मदर महिला कर्मचारी अब अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित नहीं रहेगी। पैंशन से ही उसके बच्चे अपना भविष्य संवार सकेंगे।

# प्राण प्रतिष्ठा से विपक्ष दूर क्यों



श्रीराम मंदिर
अवधेश कुमार

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में कायम यह वातावरण अस्वाभाविक नहीं है। हमारे देश में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या रही है जो श्रीराम मंदिर आंदोलन के महत्व और उसके प्रभाव को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। यह देखते हुए भी कि अयोध्या आंदोलन ने भारतीय जनता पार्टी को देश के एक बड़े वर्ग का चहेता बना दिया ऐसे लोग आज तक सच्चाई स्वीकारने को तैयार नहीं है। उनका यही मानना रहा है कि भाजपा और संघ ने जानबूझकर अपनी राजनीति के लिए श्रीराम मंदिर के मुद्दे को उठाया, हिंदुओं का ध्रुवीकरण करके अपना वोट बैंक बढ़ाया। कुछ नेताओं का बयान भी है कि आखिर लोकसभा चुनाव के पहले ही इसकी प्राण प्रतिष्ठा क्यों हो रही है?

अनेक विपक्षी दलों के नेताओं ने साफ कर दिया है कि वो निमंत्रण मिलने के बावजूद अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कुछ लोगों ने तो इस कार्यक्रम का ही तीखा विरोध कर दिया है। हालांकि इसके परे आम लोगों में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तथा लोकार्पण को लेकर उत्साह का माहौल साफ दिखाई पड़ता है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में कायम यह वातावरण अस्वाभाविक नहीं है। हमारे देश में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या रही है, जो श्रीराम मंदिर आंदोलन के महत्व और उसके प्रभाव को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। यह देखते हुए भी कि अयोध्या आंदोलन ने भारतीय जनता पार्टी को देश के एक बड़े वर्ग का चहेता बना दिया, ऐसे लोग आज तक सच्चाई स्वीकारने को तैयार नहीं है। उनका यही मानना रहा है कि भाजपा और संघ ने जानबूझकर अपनी राजनीति के लिए श्रीराम मंदिर के मुद्दे को उठाया, देश में सांप्रदायिक विभाजन किया तथा हिंदुओं का ध्रुवीकरण करके अपना वोट बैंक बढ़ाया। कुछ नेताओं का बयान भी है कि आखिर लोकसभा चुनाव के पहले ही इसकी प्राण प्रतिष्ठा क्यों हो रही है? उनके अनुसार यह सीधे-सीधे राम मंदिर का राजनीतिकरण है। कोई पार्टी केंद्र की सत्ता में है तो उसकी भूमिका के पीछे राजनीति होगी। क्या यह मान लिया जाए कि प्राण प्रतिष्ठा का पूरा कार्यक्रम केवल भाजपा की राजनीति है और वह इसका 2024 की दृष्टि से लाभ लेना चाहती है?

इसके उत्तर के लिए यह प्रश्न करना होगा कि फिर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम कब रखा जाना चाहिए था? जिन लोगों के लिए आज भी मंदिर कोई मुद्दा नहीं है उनके वक्तव्य की इस संदर्भ में कोई प्रासंगिकता नहीं है। उन सारे हिंदुओं के बारे में विचार करिए जिनके मन में यह आकांक्षा थी कि करीब 500 वर्ष प8हले जिस पवित्र मंदिर को ध्वस्त करके मस्जिद बनाई गई, वहां मंदिर का निर्माण हो। इस मंदिर को बचाने और फिर बाद में उस जगह को प्राप्त कर पूजा पाठ करने के लिए संघर्ष का लंबा इतिहास है। अनेक इतिहासकारों ने उसे महत्व देने की कोशिश नहीं की। न्यायालयों में दोनों पक्षों की हुई बहस से साफ हो गया कि इसके लिए संघर्ष सतत चलता रहा। इसमें हिंदुओं के साथ सिख, बौद्ध ,जैन सबकी भूमिका रही है। इतने संघर्ष और स्वतंत्रता प्राप्ति के बावजूद लगभग 72 वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद इसका फैसला आया। क्या उस फैसले को साकार करने के लिए समय सीमा का संकल्प नहीं होना चाहिए था? हमारे देश में किसी भी निर्माण में समय सीमा का संकल्प नहीं दिखाते हैं तो वह कितना आगे खींच जाएगा इसकी कल्पना हम आप सबको है। एक निर्माण कार्य शुरू होने के बाद वह कब पूरा होगा इसकी गारंटी नहीं होती। वैसे भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गठन के कुछ समय बाद धीरे-धीरे यह समाचार आने लगा था कि आम लोगों के दर्शन और पूजन के लिए 2023 के अंत या 2024 के आरंभ में श्रीराम मंदिर खुल जाएगा। निश्चित रूप से इसे हर हाल में पूरा किया ही जाना चाहिए था।



कौन सा चुनाव कब है, इसका प्रभाव उन चुनावों पर क्या पड़ेगा इसकी दृष्टि से विचार करना अनुचित होता। संसदीय लोकतंत्र में चुनाव अपने समय पर आयोजित होते हैं और उसके लिए ऐसे ऐतिहासिक सांस्कृतिक आयोजन को टाला नहीं जा सकता।

संकल्पबद्धता का ध्यान रखते हुए दिन रात एक नहीं किया जाता तो 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा संभव नहीं होती। संपूर्ण मंदिर और उससे संबंधित अन्य निर्माण कार्य आगे भी जारी रहेंगे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब सरदार वल्लभभाई पटेल, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे महान नेताओं ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की योजना बनाई, तब भी उसका विरोध हुआ था। हालांकि तब देश में न मीडिया का इतना प्रसार था और न राजनीति में ऐसा तीखा विभाजन और वोट की रणनीति की दृष्टि से ही हर मुद्दे पर अपना स्टैंड लेने का माहौल था। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण, प्राण प्रतिष्ठा और निर्माण की पूरी कथा जिन्हें पता है वो किसी तरह का प्रश्न नहीं उठा सकते। 8 मई 1950 को मन्दिर की आधारशिला रखी गई तथा 11 मई ,1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मन्दिर में ज्योतिर्लिंग स्थापित किया। तब तक मंदिर का संपूर्ण निर्माण नहीं हो पाया था। दूरदर्शी नेताओं का मानना था कि ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा के साथ धीरे-धीरे देश का वायुमंडल बदलेगा और भारत फिर 15 अगस्त, 1947 के पहले की दुर्दशा को प्राप्त नहीं होगा। ध्यान रखिए, वर्तमान सोमनाथ मंदिर का निर्माण 1962 में जाकर पूरा हुआ। इसलिए आधे-अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर प्रश्न उठाने वाले सोमनाथ मंदिर के इतिहास को अवश्य पढ़ लें।

वास्तव में इस तरह का प्रश्न उठाने वाले लोगों की सोच को समझना कठिन नहीं है। इनमें कुछ ऐसे हैं जिनको मंदिर से ही समस्या रही है। कुछ संघ और भाजपा के स्थायी विरोधी हैं। किसी संगठन या राजनीतिक दल का विरोध करने में समस्या नहीं है पर हर विषय में हमारा विरोध का ही स्टैंड रहे, यह अपनी नकारात्मकता और कुंठा को प्रमाणित करता है। राम मंदिर केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं है, भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण, एक आध्यात्मिक राष्ट्र के रूप में भारत के उद्भव तथा विश्व कल्याण के लिए समर्पित भावना वाले देश के उदय की दृष्टि से इसका महत्व है। संघ परिवार या अन्य हिन्दू संगठनों के लिए यह आंदोलन किसी एक मंदिर के निर्माण तक ही सीमित नहीं था। किसी की संघ या अन्य संगठनों से जितना भी मतभेद हो, श्रीराम मंदिर आंदोलन ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और एक सांस्कृतिक पहचान के साथ राष्ट्र के उद्भव का संपूर्ण संकेत दिया। धीरे-धीरे इसके पीछे विरोध में कमी आई और ऐसे लोग भी अंदर से मानने लगे कि वहां मंदिर निर्माण ही होना चाहिए, जो पहले यह स्वीकार नहीं करते थे। राजनीतिक दलों के सामने समस्या यह हो गई कि राम मंदिर का विरोध करेंगे तो एक बड़े वर्ग के वोट से वंचित हो जाएंगे। इसलिए अनेक दल और नेता न चाहते हुए भी इसके विरोध में खड़े होने से बचने लगे। यह बदले हुए भारत का ही परिणाम था जो आज तक कायम है। इसलिए राम मंदिर का सार्वजनिक विरोध करने वाले नेताओं की संख्या काफी कम हो गई। लगातार विरोध करने और नकारने के बाद उन सबके लिए मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना कठिन है और इसे आसानी से समझा जा सकता है। आखिर कल तक विरोध करने वालों को लगता होगा कि वह किस मुंह से वहां जायें। इनकी समस्याओं के कारण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा नहीं रुक सकती। हालांकि इन्हें लगता है कि नरेंद्र मोदी, भाजपा और संघ इसका लाभ ले जाएंगे तो इन्हें अवश्य शामिल होना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## खोज
प्रमोद भार्गव



# अब ब्लैक होल के भी खंगाले जाएंगे रहस्य

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ब्लैक होल यानी कृष्ण विवर के रहस्यों को खंगालने के नजरिए से एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह (एक्सपोसैट) का प्रक्षेपण नववर्ष के पहले दिन कर दिया है। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी 58 रॉकेट अपने साठवें अभियान पर प्रमुख पेलोड 'एक्सपोसैट' और 10 अन्य उपग्रह लेकर गया है। इस अभियान की उम्र करीब पांच वर्ष है। इसरो के अनुसार यह उपग्रह खगोलीय स्रोतों से एक्स-रे उत्सर्जन का अंतरिक्ष आधारित ध्रुवीकरण माप में अध्ययन करने के लिए इसरो का पहला अभियान है। इसके पहले केवल अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दिसंबर 2021 में सुपरनोवा विस्फोट के अवशेषों, ब्लैक होल से निकलने वाले कणों की धाराओं और अन्य खगोलीय घटनाओं के अध्ययन के लिए उपग्रह भेजा था, जिसका जीवन काल केवल दो वर्ष था जो अब पूरा हो रहा है। एक्सपोसैट के दस पेलोड में से एक केरल के लालबहादुर शास्त्री तकनीकी संस्थान द्वारा निर्मित है, जिसे महिला वैज्ञानिकों के समूह ने बनाया है।

दुनियाभर के वैज्ञानिक इस बात को लेकर उत्सुक है कि यह उपग्रह पांचर वर्ष में कृष्ण विवर के किन अनसुलझे रहस्यों को जानने में मददगार



साबित होगा। दरअसल एक्सपोसैट के अध्ययन का दायरा विस्तृत है। यह अंतरिक्ष में मृत तारों की संरचना का अध्ययन करने के अलावा ब्लैक होल तथा अन्य न्यूट्रॉन सितारों के निकट की विकिरण की प्रक्रिया को भी जानने का प्रयास करेगा। यह ब्रह्माण्ड में सबसे अधिक चमकने वाले तत्वों के रहस्यों से पर्दा उठाएगा। ब्रह्मांड की असीमित परिधि में अनेक रहस्यमयी पिंड विचरण कर रहे हैं। जिस तरह ब्रह्मांड का विस्तार अनंत है, उसी तरह इसमें अनंत आकाशीय पिंड, तत्व, पदार्थ, गैसें, ग्रह, नक्षत्र, तारे और मंदाकनियां भी अनंत हैं। हमारे वैदिक ऋषियों ने इन्हें खंगालने की शुरुआत हजारों साल पहले कर दी थी। अब आधुनिक वैज्ञानिक दो सौ साल से इन्हें खंगालने में लगे हैं। बावजूद ब्रह्मांड का सबसे बड़ा व प्रमुख रहस्य यह है कि ब्रह्मांड को गतिमान बनाए रखने के जो पदार्थ और ऊर्जाएं हैं, उनका मात्र चार प्रतिशत ही हम अब तक जान पाए हैं। सच यह भी है कि जिसे वैज्ञानिक अदृश्य पदार्थ या ऊर्जा कह रहे हैं, वह किस तरह का पदार्थ अथवा ऊर्जा है, इसकी सटीक जानकारी भी नहीं है। अब जाकर वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि कृष्ण विवर में लंबे समय तक गैसों के लगातार एकत्रित होते रहने से ब्लैक होल क्वासर के रूप में परिणत होकर चमकने लगता है। इस अध्ययन से उस कालखंड में कृष्ण-विवरों पर गैसों का किस तरह प्रभाव पड़ता था, इस परिप्रेक्ष्य में नई समझ विकसित हुई है।

वैज्ञानिकों ने इस खोज में दावा किया है कि जितना अधिक चमकीला क्वासर होगा, आकार में वहां उतना ही विराट विवर होगा। उसकी गहराई भी उतनी ही ज्यादा होगी। मंदाकिनी के केंद्र में बनने वाले एक विषालकाय कृष्ण-विवर का आकार सूर्य से करोड़ों अथवा अरबों गुना तक बड़ा होता है। हमारी निहारिका या आकाशगंगा में जो सुपरमैसिव कृष्ण-विवर होता है, उसे सैगिटेरियस-1 नाम दिया गया है। इसके द्रव्यमान का अनुमान 40 लाख सूर्यों के बराबर माना गया है। सभी कृष्ण-विवर आकार में बड़े ही होते हों, ऐसा भी नहीं है। एक अणु के बराबर कृष्ण-विवर भी होते है, लेकिन इनका द्रव्यमान एक बड़े पहाड़ के बराबर होता है। विराट ब्रह्मांड में तारों के इर्द-गिर्द गुरुत्वाकर्शण के प्रभाव से ही ग्रह निरंतर परिक्रमा में लगे रहते हैं। इसी कारण सौरमंडल के गृह सूरज की परिक्रमा में लगे हैं। पहले इन्हें अत्याधिक तीव्र रेडियो या आकाशीय तरंगों के स्रोत के रूप में देखा व जाना गया। नतीजतन इन्हें क्वासर स्टेलर रेडियो सोर्स नाम दिया गया था।

दरअसल, ब्रह्मांडीय विचलनों के चलते पृथ्वी पर चल रहे जीवन को लेकर अनेक चुनौतियां और आशंकाएं पैदा होने लगी हैं। चूंकि सौर्यमंडल के सारे ग्रह गुरुत्वाकर्षण बल के जरिए ही परस्पर जुड़े हुए हैं और एक-दूसरे को संतुलित रखते हुए गतिशील हैं। मंदाकिनी और तारों का अचानक विलोपित हो जाना और अपने पीछे एक कृष्ण विवर छोड़ जाना सौरमंडल के लिए खतरे का संकेत है। इनका द्रव्यमान इतना सघन और गुरुत्वाकर्षण बल इतना तीव्र होता है कि प्रकाश की किरणें भी इनके पार नहीं जा पाती हैं। यह इन्हें अवषोशित कर लेते हैं। ये सब प्रक्रियाएं किस तरह से घटित होती हैं, इन रहस्यों से ही पर्दा उठाने का काम भारतीय उपग्रह एक्सपोसैट करेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## तृष्णा से मुक्त होना ही संसार से मुक्त होना



संकलित
दर्शन

कबीर कहते हैं कि हम में से प्रत्येक व्यक्ति संसार से मुक्त होने की इच्छा रखता है, लेकिन अपनी तृष्णाओं से मुक्त नहीं होता, उससे घिरा रहता है। जब तक ये हमारे भीतर जीवित हैं, हम संसार से मुक्त नहीं हो सकते। इससे मुक्त होकर इस संसार से जाने पर दोबारा जन्म नहीं होता। वास्तव में तृष्णा से मुक्त होना ही संसार से मुक्त होना है। तुम अहंकार की ऊंचाइयों पर उठे और वहां भी तुमने भीतर क्षुद्रता का ही वास पाया। तुम महलों में रहे, लेकिन तुम्हारे भीतर की वासना का भिखमंगापन नहीं मिटा। तुमने सब कमाया और तुमने पाया कि सब कमाना अपने को गंवाना है। बुद्ध निरंतर कहते हैं कि तुम तृष्णा से मुक्त हो जाओ, तुम संसार से मुक्त हो गए। तुम कोई कामना नहीं करो कि यह मुझे पूरा करना है। तुम जैसे हो वैसे होने से राजी हो जाओ, फिर तुम्हारा कोई जन्म नहीं होगा। तुम जहां हो वहीं ऐसे तृप्त हो जाओ जैसे मंजिल पर हो। कोई यात्रा नहीं है करने की, कहीं जाना नहीं है। जो पा लिया, वह काफी से काफी है। जो मिल गया, वह पर्याप्त से ज्यादा है। जो हो गया, उससे ज्यादा का कोई खयाल नहीं है। तब तुम्हें कैसे जन्म मिल सके गा? तब तुम पूरे होकर मरोगे। और जो पूरा होकर मरता है, उसके आने की कोई जरूरत नहीं रह जाती। उसने मरने की कला जान ली। जो तृष्णा-शून्य मरता है, वह मरने की कला जान गया।' कितने जन्मों से तुम मर रहे हो और एक क्षण को तुमने विचार नहीं किया, लौट कर एक बार नहीं सोचा कि तुम क्यों इस जाल में फंसे हो।

## आमदनी और खर्चों के बीच संतुलन



संकलित
प्रेरणा

चाणक्य शास्त्र में आचार्य चाणक्य ने तरक्की की राह पर आगे बढ़ने और जीवन में महान उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए कुछ बातों का खास ध्यान रखने की सलाह दी है। चाणक्य के अनुसार, व्यक्ति में कई ऐसी बुरी आदतें होती हैं, जिससे जीवन में धन की तंगी का सामना करना पड़ता है और व्यक्ति की आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे खराब होने लगती है। चाणक्य का मानना है कि जिस घर में अक्सर गृह-क्लेश की स्थिति रहती है। व्यक्ति की बोल हमेशा कड़वे रहते हैं और ज्यादातर समय दूसरों की बुराई करने में व्यतीत होता है। ऐसे लोग की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बिना सोचे-समझे धन खर्च करने से व्यक्ति को अक्सर धन की तंगी का सामना करना पड़ता है। इसलिए आय से अधिक खर्च ना करें। बचत पर ध्यान दें। आमदनी और खर्चों के बीच संतुलन बनाए रखें। इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। चाणक्य नीति के अनुसार, कड़ी मेहनत और व्यक्ति के गुण-ज्ञान से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता जरूर मिलती है और उसे धन, सुख और संपत्ति की कभी कमी नहीं रहती है। इसलिए लालच से हमेशा दूर रहना चाहिए और ईमानदारी से धन अर्जित करना चाहिए। आचार्य चाणक्य के अनुसार, जिस घर में ज्यादा गंदगी रहती है और व्यक्ति साफ-सुथरे वस्त्र नहीं पहनते हैं। ऐसे लोगों को जीवनभर दरिद्रता का सामना करना पड़ता है। इसलिए घर की साफ-सफाई के साथ स्वच्छ कपड़े पहनें।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़क हादसों का बढ़ता ग्राफ चिंताजनक

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश में सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों का जो आंकड़ा पेश किया है, जो वह बहुत ही चिंता का विषय है। इन आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में लगभग 4 लाख से ऊपर सड़क दुर्घनाएं हुईं। इनमें लगभग एक लाख से ऊपर लोगों की मौत और लगभग 4 लाख से ऊपर घायल हुए। लेकिन यह भी हो सकता है कि कुछ सड़क हादसे ऐसे हों जिनका कोई रिकॉर्ड न हो, जैसे कि टूटी-फूटी गलियों या सड़कों पर हुए हों, जिनका पुलिस केस न बना हो। बढ़ते सड़क हादसों की समस्या तो आतंकवाद और नक्सलवाद से भी बड़ी समस्या है। सरकार हमारी सुविधा के लिए सड़कों का विस्तार कर रही है, इन्हें अच्छा बना रही है, लेकिन इनका प्रयोग कैसे सावधानी से करना है, यह तो हमारी जिम्मेदारी है न! *-दिनेश कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### सरकार की प्राथमिकता



हम भारत वर्ष की नारी शक्ति को सशक्त बनाने और उन्हें भारत की प्रगति का संचालक बनाने को अत्यधिक प्राथमिकता देते हैं। केरल में श्रीत्रि शक्ति मोदिक्कोप्पम में बोलते हुए हमने अपनी इसी प्राथमिकता को दोहराया है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### वीवीपैट बहुत जरूरी



लोकतंत्र में यह जानना हमारा अधिकार है कि मेरा वोट सही ढंग से डाला गया है। मैंने कभी भी ईवीएम पर भरोसा नहीं किया। वीवीपैट मुझे दिखाता है कि मेरे वोट का सही उपयोग हुआ है। ये मुझे आश्वस्त करने के लिए बहुत जरूरी है।
-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### सत्य की जीत



माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से पता चलता है कि सत्य की जीत हुई है। सत्यमेव जयते। मैं उन लोगों का आभारी हूं जो हमारे साथ खड़े रहे। भारत की विकास गाथा में हमारा विनम्र योगदान जारी रहेगा। जय हिन्द।
-गौतम अडाणी, उद्योगपति

### नए लक्ष्य पाने का अवसर



पिछले सालों में युवा हुए करोड़ों नागरिकों को यह देखने का अनुभव ही नहीं है कि प्रधानमंत्री कभी प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करते थे, कैसी होती थी वह? वे जानते ही नहीं कि लोकतंत्र में प्रधानमंत्री कैसे प्रेस के माध्यम से जनता को अपनी जवाबदेही निभाता है।
-राहुल देव, पत्रकार

## करंट अफेयर

# भारत में कैंसर से 9.3 लाख लोगों की मौत

एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि भारत में 2019 में कैंसर के 12 लाख नए मामले सामने आए वहीं 9 .3 लाख लोगों की कैंसर से मौत हो गई। 'द लांसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया' पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। शोधकर्ताओं ने पाया कि कैंसर के बढ़ते मामलों और इससे होने वाली मौत के मामले में एशिया में चीन और जापान भी भारत से पीछे नहीं हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार 2019 में एशिया में कैंसर जन स्वास्थ्य के लिए अहम खतरा बना, जहां इसके 94 लाख नए मामले सामने आए और 56 लाख लोगों की मौत हो गई। इनमें से चीन में कैंसर के सर्वाधिक 48 लाख नए मामले सामने आए और 27 लाख लोगों की मौत हुई। जापान में कैंसर के लगभग नौ लाख नए मामले सामने आए और 4 .4 लाख मौतें हुईं। शोधकर्ताओं की अंतरराष्ट्रीय टीम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर और बठिंडा के शोधकर्ता भी शामिल थे। उन्होंने अपने अध्ययन में लिखा, हमने 1990 से 2019 के बीच एशिया के 49 देशों में 29 प्रकार के कैंसर के अस्थाई पैटर्न की जांच की। शोधकर्ताओं के अनुसार एशिया में कैंसर सबसे अधिक श्वासनली, ब्रोन्कस और फेफड़ों (टीबीएल)में पाया गया।



## ऑफ बीट

# उल्काएं, सुपरमून, एक धूमकेतु 2024 में बहुत कुछ ...

हम 2024 में दक्षिणी आकाश में कौन सी रोमांचक घटनाएं देखेंगे? उल्कापात, चंद्रमा द्वारा ढका हुआ शनि, चमकीले ग्रहों का एक-दूसरे के करीब आना, सुपरमून - और, अगर हम भाग्यशाली हैं, तो आंखों से दिखाई देने वाला धूमकेतु। भले ही आप प्रकाश प्रदूषण से घिरे शहर में रहते हों, ये सब देखने लायक हैं। यहां कुछ मुख्य घटनाक्रम इस प्रकार हैं। मई में दक्षिणी गोलार्ध के दो मुख्य उल्कापातों में से पहला एटा एक्वेरिड या एटा एक्वेरिड शावर है। इसका नाम कुंभ राशि के एक तारे, वाटर कैरियर के नाम पर रखा गया है, क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है कि उल्कापिंड वहीं से उत्पन्न होते हैं। उल्कापिंड छोटे कण होते हैं जो पृथ्वी के वायुमंडल से टकराते हैं और जलते ही प्रकाश की एक लकीर बनाते हैं। उल्कापात तब होता है जब कई कण टकराते हैं, सभी एक ही दिशा से आते हैं। वे आम तौर पर पृथ्वी के धूमकेतु द्वारा छोड़ी गई धूल की धारा से गुजरने के कारण होते हैं। एटा एक्वेरिड्स के लिए, धूमकेतु प्रसिद्ध हैली धूमकेतु है, जिसे पहली बार 2,000 साल से भी पहले दर्ज किया गया था। 2024 में, सोमवार 6 और मंगलवार 7 मई की सुबह उन्हें देखने का अच्छा अवसर मिलेगा, क्योंकि चंद्रमा आकाश में चमक नहीं रहा होगा। दिसंबर में दो मुख्य उल्कापातों में से दूसरा जेमिनीड शावर है।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।




## खबर संक्षेप



### विस्फोट में हमास के शीर्ष अधिकारी की मौत

**लेबनान।** लेबनान के दक्षिणी बेरूत के उपनगर में हुए एक विस्फोट में हमास के शीर्ष अधिकारी सालेह अरोरी की मौत हो गई है। इसकी पुष्टि लेबनान के हिजबुल्ला समूह के टेलीविजन स्टेशन ने की है। हमास की सैन्य शाखा के संस्थापकों में से एक सालेह अरोरी ने वेस्ट बैंक में समूह का नेतृत्व किया था। 7 अक्टूबर को हमास-इजराइल युद्ध के बाद पीएम नेतन्याहू ने अरोरी की जान लेने की धमकी दी थी।

### पाक: हमले में 4 आतंकियों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आतंकवाद से बुरी तरह जूझ रहा है। पहले आतंकियों को पाला पोसा, अब वे ही पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं। इसी बीच पाकिस्तान में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में आत्मघाती हमलावर समेत 4 आतंकवादी मारे जाने की खबर है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान एक आत्मघाती हमलावर समेत 4 वांछित आतंकवादियों को मार गिराया।

### पीठासीन अफसरों का सम्मेलन आज से

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा की राजधानी कंपाला में



04 से 06 जनवरी तक होने वाले राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों के 27वें सम्मेलन को संबोधित करेंगे। हरिवंश एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ युगांडा रवाना हो गए हैं।

### गिरफ्तारी का विरोध भाजपा ने किया प्रदर्शन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में हिंदू कार्यकर्ता की गिरफ्तारी पर बवाल मच गया है। कर्नाटक पुलिस ने



अयोध्या राम मंदिर के लिए 1992 में एक आंदोलन में कथित भागीदारी के सिलसिले में श्रीकांत पुजारी को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के खिलाफ भाजपा राज्य में विरोध प्रदर्शन किया।

### गोल्डी पर शिकंजा, लेकिन कत्ल का रहस्य अनसुलझा

**नई दिल्ली।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की गुत्थी अभी



अनसुलझी ही है। इस बीच, सरकार ने इस हत्या के मास्टरमाइंड गैंगस्टर गोल्डी बरार पर शिकंजा सख्त किया है। मूसेवाला की हत्या 29 मई, 2022 को हुई थी। मौसी के घर जाने की बात कह कर निकले थे। दो लोग और थे। तीनों 'महिंद्रा थार' गाड़ी से गए थे। गार्ड भी साथ नहीं ले गए थे। मां को अनहोनी की आशंका डरा रही थी। मां चरण कौर उन्हें 'फॉरच्यूनर' गाड़ी में जाने के लिए कह रही थीं। बता दें कि मूसेवाला ने करीब 22 लाख रुपए खर्च कर इस गाड़ी को बुलेटप्रूफ बनवा रखा था।

---

*युवा पहलवान हुए एकजुट, कुश्ती को बर्बाद करने का लगाया आरोप*

# साक्षी, बजरंग और विनेश के खिलाफ जंतर मंतर पर प्रदर्शन

*भारतीय कुश्ती में पिछले एक साल से सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सीनियर पहलवानों के प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। उसके बाद चुनाव हुए तो खिलाड़ियों ने नए अध्यक्ष संजय सिंह का विरोध किया। साक्षी मलिक ने संन्यास का एलान कर दिया और बजरंग पूनिया-विनेश फोगाट ने अपने पुरस्कार वापस कर दिए। खेल मंत्रालय ने फिर कुश्ती संघ को ही निलंबित कर दिया।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब बुधवार (तीन जनवरी) को एक बार फिर पहलवान जंतर-मंतर पर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन इस बार यह विरोध कुश्ती संघ या उसके अधिकारियों के खिलाफ नहीं बल्कि बजरंग, साक्षी और विनेश फोगाट के खिलाफ है। भारतीय कुश्ती में चल रहे संकट ने बुधवार को एक नया मोड़ ले लिया जब सैकड़ों जूनियर पहलवान अपने करियर के एक महत्वपूर्ण वर्ष के नुकसान के विरोध में जंतर-मंतर पर एकत्र हो गए। इस स्थिति के लिए उन्होंने शीर्ष पहलवान बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश को दोषी ठहराया। बसों में भरकर, जूनियर पहलवान उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

**खास बातें**

- विवादों के साए में है सालभर से भारतीय कुश्ती
- उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे जूनियर पहलवान




**बजरंग, साक्षी और विनेश के खिलाफ लगाए नारे**

लगभग 300 लोग छपरौली, बागपत में आर्य समाज अखाड़े से आए थे, जबकि कई अन्य नरेला में वीरेंद्र कुश्ती अकादमी से आए थे। कई लोग अभी भी बसों में भरे हुए हैं। सभी अपने सहयोगियों के साथ प्रदर्शन में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। सुरक्षाकर्मियों को उन्हें नियंत्रित करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। वह बजरंग, साक्षी और विनेश के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के हाथ में बैनर थे जिन पर लिखा था, ''यूडब्ल्यूडब्ल्यू हमारी कुश्ती को इन तीन पहलवानों से बचाएं।''

**शीर्ष तीन पहलवानों को मिला था भारी समर्थन**

लगभग एक साल पहले जंतर-मंतर पर शीर्ष तीन पहलवान अपने उद्देश्य के लिए भारी समर्थन हासिल करने में कामयाब रहे थे। उन्होंने पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। किसान समूहों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनेताओं, महिला समूहों और कुश्ती बिरादरी के सदस्यों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के हजारों लोग मलिक, फोगाट, पूनिया के समर्थन में सामने आए।

**पहलवानों की मांग**

*इन तीनों को अब अपने समुदाय के भीतर से विरोध का सामना करना पड़ रहा है और जंतर-मंतर पर इकट्ठा हुए लोगों ने उन पर अपना करियर बर्बाद करने का आरोप लगाया है। जनवरी 2023 से राष्ट्रीय शिविर और प्रतियोगिताएं रुकी हुई हैं क्योंकि भारतीय कुश्ती संघ को दो बार निलंबित कर दिया गया है। अब एक तदर्थ पैनल खेल का संचालन कर रहा है। बुधवार को विरोध करने वालों ने मांग की कि खेल मंत्रालय द्वारा खेल को चलाने के लिए नियुक्त किए गए तदर्थ पैनल को भंग करके निलंबित भारतीय कुश्ती संघ को बहाल किया जाए।*

---

*श्रमजीवी विस्फोट : 14 लोगों की हुई थी मौत*

## आतंकियों को फांसी की सजा पांच-पांच लाख का जुर्माना



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

श्रमजीवी एक्सप्रेस बम विस्फोट में दोषी आतंकी हेलाल और नफीकुल विश्वास को फांसी की सजा सुनाई गई है साथ ही पांच-पांच लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार राय के न्यायालय में सजा के निर्धारण पर सुनवाई पूरी हो गई।

बता दें कि राजगीर बिहार से चलकर नई दिल्ली जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस के जनरल बोगी में 28 जुलाई 2005 की शाम 5:20 बजे सिंगरामऊ व हरिहरपुर स्टेशन के बीच हरपालगंज क्रासिंग पर आतंकवादियों ने बम विस्फोट किया था। विस्फोट में 14 लोगों की मौत और 62 लोग घायल हुए थे। वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में बुधवार को ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वेक्षण रिपोर्ट को सार्वजनिक करने संबंधी अर्जी पर सुनवाई हो रही है। इसके लिए दोपहर दो बजे के बाद का समय निर्धारित किया गया था।

**अलग-अलग अर्जी**

*प्रकरण में दोनों पक्षों ने अलग-अलग अर्जी दी गई है। एएसआई ने बीते 18 दिसम्बर को दो बंद लिफाफे में जिला जज की अदालत में सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट सौंपने की भनक लगते ही हिन्दू पक्ष की महिलाओं की ओर से अदालत से सर्वे रिपोर्ट बिना सील लिफाफे में देने और सार्वजनिक करने की मांग की गई।*

---

*नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी किए दिशा-निर्देश*

## उड़ानें रद्द होने और देरी के मामले में यात्रियों को मिलेगी 'राहत'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विमान यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। दरअसल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कोहरे और अन्य परिचालन संबंधी मुद्दों के कारण उड़ानें रद्द होने और देरी को लेकर एयरलाइंस और ऑपरेटरों से यात्रियों के साथ न्याय करने को कहा है। बुधवार को यह सलाह विमानन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सभी एयरलाइंस और ऑपरेटरों को अचानक उड़ान रद्द होने और अधिक देरी की स्थिति में दी है। ऐसे में रद्दीकरण के मामले में एयरलाइंस या तो वैकल्पिक उड़ान प्रदान करेगी या हवाई टिकटों की पूरी वापसी के अलावा मुआवजा भी प्रदान करेगी।

**सख्ती से होगा दिशा-निर्देशों का पालन**

ऑपरेटर प्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों और एयरलाइंस के साथ एक बैठक में विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने खुद ऑपरेटरों से उड़ान रद्द करने या देरी और रिफंड नीतियों के मामले में नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं (सीएआर) का सख्ती से पालन करने के लिए कह चुके हैं। इसके बाद दिसंबर में सरकार ने उड़ान रद्द होने और देरी के कारण हवाई यात्रियों को मुआवजे के लिए दिशा-निर्देश जारी किए।

---




## फ्लाईओवर पर भीषण | डिवाइडर से टकराकर धधक उठा ऑयल टैंकर

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में खन्ना इलाके के पास एक फ्लाईओवर पर बुधवार एक आइल टैंकर रोड डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इससे फ्लाईओवर पर भीषण आग लग गई। फ्लाईओवर पर से आग की लपटें उठती हुई दिखाई दीं और आसमान में घना काला धुआं फैल



गया। खन्ना के पास फ्यूल टैंकर के डिवाइडर से टकराकर पलटने से उसका आइल नेशनल हाईवे पर फैल गया और आग लग गई। इसके बाद गहरा धुंआ और और आग की लपटों का दृश्य दिखाई देने लगा। इससे हाईवे पर यातायात रुक गया और इमरजेंसी सर्विसेज को तत्काल हालात को नियंत्रित करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचना पड़ा।

---

*विदेश मंत्री आज जाएंगे काठमांडू*

## 132 केवीए की 3 ट्रांसमिशन लाइन का करेंगे शुभारंभ

- एस जयशंकर भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 4 व 5 जनवरी को नेपाल दौरे पर जाएंगे।



- भारत अगले 10 साल में 10 हजार मेगावाट बिजली खरीदेगा

नेपाल के विदेश मंत्री एन.पी. सऊद के निमंत्रण पर काठमांडू का दौरा करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक के बाद दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक विद्युत व्यापार समझौता किया जाएगा। भारत अगले 10 सालों में 10 हजार मेगावाट बिजली की खरीद करेगा।

**भारत ने किया सहयोग**

चार जनवरी को ही भारतीय विदेश मंत्री नवनिर्मित 132 केवीए के तीन प्रसारण लाइन का उद्घाटन करेंगे। इनमें बिहार से लगी रक्सौल-परवानीपुर, कुशहा-कटैया और उत्तर प्रदेश के नौतनवा-मैनहवां ट्रांसमिशन लाइन शामिल हैं। यह ट्रांसमिशन लाइन भारत के सहयोग से निर्मित हुआ है। इसी तरह भारत सरकार के सहयोग से काठमांडू स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय में निर्मित केंद्रीय पुस्तकालय भवन का भी उद्घाटन किया जाएगा।

**पड़ोसी 'प्रथम नीति'**

भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना 1987 में की गई थी। यह दोनों मंत्रियों को द्विपक्षीय साझेदारी के लिए एक मंच प्रदान करती है। गौरतलब हो कि 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत नेपाल भारत का प्राथमिक भागीदार है। यह यात्रा दो करीबी और मैत्रीपूर्ण पड़ोसियों के बीच उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के अनुरूप है।

---

*केंद्रीय मंत्री गिरिराज का असदुद्दीन पर हमला*

## ओवैसी के अंदर समाया जिन्ना का जिन्न, जबरन भड़का रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने असदुद्दीन ओवैसी पर जमकर हमला बोला है। सिंह ने ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि ओवैसी के अंदर जिन्ना का जिन्न प्रवेश कर गया है। ये भारत को



तोड़ना चाहते हैं। वह युवाओं को भड़का रहे हैं। पूरे देश में भगवान राम का ही डीएनए है। हिंदू-मुसलमान एक ही है। हम सब प्रभु श्रीराम के संतान हैं। हजारों साल सनातन हिंदू धर्म को सताया गया। कभी बाबर तो कभी गजनी तो कभी मुगल आक्रांताओं। सीएम नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर हमला करते कहा, लालू यादव का ये मकड़जाल है वह नीतीश को मकर जाल में फंसाकर रखना चाहते हैं।

**यह सनातन हिंदू पुनर्जागरण का समय**

सिंह ने कहा कि 22 जनवरी का समय अब सनातन हिंदू पुनर्जागरण का है। जागो और हर घर में दीपक जलाओ। यह संकल्प लो कि फिर से कोई बाबर और गजनी नजर उठाकर न देखे।

---

*सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई की वकील से तीखी बहस, हिदायत दी*

# अपनी आवाज नीची करो, नहीं तो बाहर करवा दूंगा

एक मामले की सुनवाई चल रही थी। वकील याचिका को पेश कर रहे थे, लेकिन आवाज काफी तेज और तल्ख थी। सुनवाई के बीच में ही सीजेआई चंद्रचूड़ को पहले कहना पड़ गया कि आप अपनी आवाज कम कीजिए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में जज और वकील के बीच में तीखी बहस होना नई बात नहीं है। कई अवसरों पर कई मुद्दों पर ऐसा हो चुका है। लेकिन कोई जज अपना आपा खो दे, सीधे बाहर भेजने की धमकी दे दे, ऐसा कम ही बार होता दिखता है। अब जो कम बार होता है, वो सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कर दिया है। उनकी तरफ से एक वकील को दो टूक कह दिया गया कि अपनी आवाज नीचे करो, नहीं तो बाहर निकलवा दूंगा।

**ये भी बोले- आवाज ऊंची कर आप हमें मना लेंगे तो ये आपकी गलतफहमी होगी**

### ये 23 साल में आज तक कभी नहीं हुआ



सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई चल रही थी। वकील याचिका को पेश कर रहे थे, लेकिन उनकी आवाज काफी तेज और तल्ख थी। इसी वजह से सुनवाई के बीच में ही सीजेआई चंद्रचूड़ को पहले कहना पड़ गया कि आप अपनी आवाज कम कीजिए। अगर आपको लगता है कि अपनी आवाज ऊंची कर आप हमें मना लेंगे तो ये आपकी गलतफहमी है। ये 23 सालों में आज तक कभी नहीं हुआ है। मेरे कॅरियर के आखिरी साल में भी ऐसा नहीं होने वाला है।

**विकास सिंह चुप रहिए, बाहर जाइए**

इसी तरह पिछले साल मार्च में भी एक ऐसा मौका आया था जब चंद्रचूड़ ने चिल्ला दिया था। उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को चुप रहने के लिए कह दिया था और तुरंत कोर्ट से जाने के आदेश दिए थे। ऐसे में ये कोई पहली बार नहीं है जब चंद्रचूड़ ने इस तरह से तल्ख अंदाज में जवाब दिया हो।

**इसके पहले फोन जब्त कर लिया था...**

सीजेआई की इस तल्ख टिप्पणी से वकील भी हैरान रह गए। उन्होंने उम्मीद नहीं की थी कि उन्हें इस



तरह से फटकार पड़ जाएगी। लेकिन क्योंकि सुनवाई को जारी रखना था, ऐसे में वकील ने न सिर्फ अपनी आवाज धीमी की, बल्कि उनकी तरफ से माफी भी मांग ली गई। इससे पहले भी सीजेआई की नाराजगी दिख चुकी है। एक बार सुनवाई के दौरान कोई वकील अपने फोन का इस्तेमाल कर रहा था, उन्होंने दो टूक कहा था कि ये क्या कोई मार्केट है, इनका फोन जब्त कर लिया जाए।

## जैकेट के शेष

### विष्णु सरकार की ....

वे ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार देखेंगी। इसी तरह मनोज पिंगुआ को अपर मुख्य सचिव, गृह एवं जेल विभाग में पदस्थ किया गया है। श्रीमती निहारिका बारिक को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। श्रीमती शहला निगार कृषि उत्पादन आयुक्त होंगी। डॉ. कमलप्रीत सिंह को लोक निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है। रोहित यादव को सूरजपुर कलेक्टर, मयंक चतुर्वेदी को दंतेवाड़ा कलेक्टर, कुणाल दुदावत को कोंडागांव कलेक्टर, चंद्रकांत वर्मा को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का कलेक्टर बनाया गया है। इसी तरह प्रतीक जैन को अपर आयुक्त वाणिज्यिक कर में पदस्थ किया गया है।

परदेशी सिद्धार्थ कोमल भाप्रसे (2003) को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पर पदस्थ करता है।

गोविंदराम चुरेंद्र को आयुक्त, सरगुजा संभाग, अंबिकापुर, प्रसन्ना आर. सचिव उच्च शिक्षा विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी छ.ग. इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस बिलासपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। अंबलगन पी. को सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सुश्री अलरमेलमंगई डी. सचिव, श्रम विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ- साथ श्रमायुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

सुश्री आर. शंगीता, को सचिव, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग, अध्यक्ष छग पर्यावरण संरक्षण मंडल का अतिरिक्त प्रभार, राजेश सुकुमार टोप्पो को विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार) जल संसाधन विभाग के पद पर भेजा गया है। एस. प्रकाश को सचिव संसदीय कार्य विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, परिवहन विभाग एवं सचिव समाज कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। टोपेश्वर वर्मा को सचिव राजस्व मंडल बिलासपुर के पद पर पदस्थ किया गया है। नीलम नामदेव एक्का को सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा पदेन राहत आयुक्त व आयुक्त, पुनर्वास एवं आयुक्त, भू-अभिलेख के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करता है। अंकित आनंद भा.प्र.से (2006) सचिव, वित्त विभाग तथा अति प्रभार सचिव, ऊर्जा विभाग, अध्यक्ष, पेंशन निराकरण समिति एवं अध्यक्ष छग स्टेट पावर कंपनी को केवल सचिव, ऊर्जा विभाग एवं अध्यक्ष, छग स्टेट पावर कंपनी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए सचिव, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

पी दयानंद भा.प्र.से (2006) सचिव मुख्यमंत्री तथा अति. प्रभार सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग को केवल सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए सचिव ऊर्जा विभाग, सचिव, खनिज साधन विभाग, सचिव, जनसंपर्क विभाग एवं अध्यक्ष, छग स्टेट पावर कंपनी, सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग (रेल परियोजनाएं) विभाग , सचिव, विमानन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। सी.आर प्रसन्ना भा.प्र.से (2006) आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं को अस्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, सहकारिता विभाग के पद पर पदस्थ करता है। भुवनेश यादव भा.प्र.से (2006) सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग एवं आयुक्त नि:शक्तजन, नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना को अस्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पद पर पदस्थ करता है। एस भारतीदासन भा.प्र.से (2006) सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग को अस्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के पद पर पदस्थ करता है। शम्मी आबिदी भा.प्र.से (2007) आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास तथा अति प्रभार प्रबंध संचालक, अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम एवं संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, आयुक्त वक्त सर्वे, सचिव कौशल विकास विभाग को अस्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के पद पर पदस्थ करता है। बसवराजू एस. भा.प्र.से (2007) सचिव गृह विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, वन विभाग को अस्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। हिमशिखर गुप्ता, भा.प्र.से (2007) सचिव, सहकारिता विभाग तथा अति प्रभार सचिव, वाणिज्यक कर (आबकारी एवं पंजीय को छोड़कर ) विभाग एवं सचिव, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग को अस्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पद पद पदस्थ्य करते हुए सचिव, वाणिज्यिक कर आबकारी एवं पंजीयन को छोड़कर विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। मोहम्मद कैसर अब्दुलहक, भा.प्र.से (2007) सचिव छग राज्य निर्वाचन आयोग को अस्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। यशवंत कुमार संचालक, ग्रामोद्योग के पद पर पदस्थ करते हुए प्रबंध संचालक, छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड, प्रबंध संचालक, छ.ग. हाथकरघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित तथा प्रबंध संचालक, छ.ग. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। यशवंत कुमार को संचालक, ग्रामोद्योग के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठित एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासिनक सेवा के अधिसमय वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है।

जनक प्रसाद पाठक, प्रबंध संचालक मण्डी बोर्ड, भीम सिंह को मुख्य कार्यपालन अधिकारी छ.ग. राज्य ग्रामीण विकास अभिकरण के पद पर पदस्थ करता है। राजेश सिंह राणा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रेडा के पद पर पदस्थ किया गया है। श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी को आयुक्त बिलासपुर संभाग सत्यनारायण राठौर को आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग के पद पर पदस्थ किया गया है।

महादेव कावरे को संचालक, कोष एवं लेखा, नरेन्द्र कुमार दुग्गा को आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ. प्रियंका शुक्ला, भा.प्र.से. द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासिनक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रवर श्रेणी वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है। श्रीमती किरण कौशल, भा.प्र.से(2009), महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक तथा अतिरिक्त प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार), वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग के पद पर पदस्थ करता है।

डॉ. तंबोली अय्याज फकीरभाई को आयुक्त, गृह निर्माण मंडल, सौरभ कुमार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सौरभ कुमार, संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रवर श्रेणी वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है।

सुनील कुमार जैन, संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, कुमार लाल चौहान, कलेक्टर, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के पद पर पदस्थ किया गया है। बिपिन मांझी को कलेक्टर, जिला-नारायणपुर, डोमन सिंह को विशेष सचिव, मंत्रालय एवं केडी कुंजाम को विशेष सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। अनुराग पाण्डेय को कलेक्टर बीजापुर और जय प्रकाश मौर्य को विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग बनाया गया है। सारांश मित्तर को विशेष सचिव, कृषि विभाग एवं पदुम सिंह एल्मा को विशेष सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के पद पर पदस्थ करता है। रमेश कुमार शर्मा को विशेष सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए संचालक, भू-अभिलेख, संचालक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, विशेष सचिव, धार्मिक न्यास तथा धर्मस्व विभाग, प्रबंध संचालक, मार्कफेड का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। धर्मेश कुमार साहू को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रायपुर विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। भूरे सर्वेश्वर नरेंद्र भा.प्र.से. (2011), कलेक्टर जिला रायपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग के पद पर पदस्थ करता है।

दीपक सोनी को पंजीयक, सहकारी समिति के पद पर पदस्थ करते हुए नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

भोसकर विलास संदिपान को कलेक्टर सरगुजा एवं संजीव कुमार झा को संचालक, समग्र शिक्षा बनाया गया है।

जीवन किशोर ध्रुव को प्रबंध संचालक, छ.ग. माटीकला बोर्ड एवं रजत बंसल को आयुक्त, वाणिज्यिक कर (जी.एस.टी.) के पद पर पदस्थ किया है। अभिजीत सिंह कलेक्टर, जिला-कांकेर होंगे। रणबीर शर्मा कलेक्टर बेमेतरा, पुष्पेन्द्र कुमार मीणा सचिव, लोक सेवा आयोग और तारन प्रकाश सिन्हा को संयुक्त सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग बनाया गया है। सुश्री इफ्फत आरा संचालक, आयुष, सुश्री दिव्या उमेश मिश्रा, संचालक, लोक शिक्षण, संजय अग्रवाल कलेक्टर राजनांदगांव होंगे। इसी तरह सुश्री नम्रता गांधी कलेक्टर जिला-धमतरी होंगी। अजीत बसंत कलेक्टर कोरबा, विनीत नंदनवार संयुक्त सचिव, मंत्रालय के पद पर बनाया गया है। इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, को कलेक्टर, जिला-बालोद के पद पर पदस्थ किया है।

जगदीश सोनकर प्रबंध संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजेन्द्र कुमार कटारा संचालक, राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद के पद पर पदस्थ करते हुए मिशन संचालक, राज्य साक्षरता मिशन का अतिरिक्त प्रभार, कुंदन कुमार संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास के पद पर पदस्थ किया गया है। सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी कलेक्टर दुर्ग, कुलदीप शर्मा, प्रबंध संचालक, पाठ्य पुस्तक निगम, ऋतुराज रघुवंशी पर्यन्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, डी. राहुल वेंकट कलेक्टर जिला मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर होंगे।

श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी संचालक, कृषि के पद पर पदस्थ करता है। डॉ. फरिहा आलम उप सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पर पदस्थ करता है। श्रीमती रोक्तिमा यादव संचालक, पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। दीपक कुमार अग्रवाल कलेक्टर जिला गरियाबंद, श्रीमती तुलिका प्रजापति, संचालक महिला एवं बाल विकास, श्रीमती पद्मिनी भोई साहू, प्रबंधक संचालक छग मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन रायपुर के पद पर पदस्थ किया है। गोपाल वर्मा उप सचिव मंत्रालय, आकाश छिकारा को कलेक्टर जिला जांजगीर-चांपा के पद पर पदस्थ किया गया है।

### छिपाया गया था .....

पुत्र है। पहचान उजागर ना हो, इसलिए बगैर सरनेम सिर्फ नाम ही मेरिट लिस्ट में लिखा गया। पीएससी के इतिहास में यह पहली बार था, जब मेरिट लिस्ट में टॉपर का पूरा नाम दर्ज नहीं किया गया। उनके अन्य रिश्तेदारों के सरनेम भी सूची से हटाए गए।

### पीएससी चेयरमैन का ....

ने टॉप 15 में अपना स्थान बनाया। डीआईजी पीएल ध्रुव की बेटी साक्षी ने 11वां स्थान, कांग्रेस नेता सुधीर कटियार की बेटी भूमिका और दामाद शशांक ने टॉप-15 में स्थान बनाया। बिल्हा विधानसभा सीट के प्रत्याशी राजेंद्र शुक्ला की बेटी स्वर्णिम शुक्ला ने 16वां स्थान हासिल किया है। कांग्रेस नेता के ओएसडी के रिश्तेदार की बेटी प्रज्ञा नायक और बेटे प्रखर नायक को डिप्टी कलेक्टर का पद मिला। वरिष्ठ कांग्रेस नेता की बेटी अनन्या अग्रवाल की नियुक्ति डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुई।

### 21 क्विंटल धान खरीदी .....

आगामी पांच वर्ष तक नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण का निर्णय लिया है, इससे राज्य के 67.92 लाख हितग्राही लाभान्वित होंगे। बैठक के बाद फैसले की जानकारी देते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया, विस्तारित कैबिनेट में जो वायदे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में शामिल था, उन्हें पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया, राज्य सरकार द्वारा 6र7 लाख राशनकार्ड धारियों को 5 साल तक नि:शुल्क चावल देने के निर्णय का भी कैबिनेट ने अनुमोदन कर दिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डधारी परिवारों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए उन्हें आगामी पांच वर्ष तक नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण का निर्णय लिया है, इससे राज्य के 67.92 लाख हितग्राही लाभान्वित होंगे।

### राम मंदिर में 44 .....

सिंहासन पर भी चांदी की परत चढ़ाई गई है यानी जहां पर भगवान रामलला विराजमान होंगे, उस सिंहासन को चांदी की परत से बनाया गया है। जब भक्त भगवान का दर्शन करें तो उनको दूर से ही रामलला का अद्भुत दर्शन मिलेगा. मंदिर का गर्भगृह बनकर पूरी तरह तैयार हो गया है। पहले फ्लोर पर 80फीसदी तक कार्य पूरा कर लिया गया है। छत का कार्य मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। अब भगवान रामलला के मंदिर में विराजमान होने का इंतजार है।

मंदिर परिसर में ही होगा हेलीपेड : मंदिर निर्माण कार्य के साथ-साथ मंदिर परिसर में स्थाई हेलीपैड बनाया जा रहा है। हेलीपैड बनाने का सबसे बड़ा जो कारण है, वह वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान राम भक्तों को आने वाली परेशानी। जिस प्रकार से रोजाना राम भक्तों की संख्या बढ़ रही है, उसको देखते हुए अयोध्या में रोजाना मूवमेंट होते हैं। ऐसे में राम जन्मभूमि परिसर में ही स्थाई हेलीपैड बनाया जा रहा है। अभी हेलीपैड राम कथा पार्क के पास बनाया गया है। वहां से आने पर कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पूरी सड़क बंद करनी पड़ती है और सुरक्षा को भी बढ़ाना पड़ता है, जिसको देखते हुए ट्रस्ट और प्रशासन ने ये फैसला लिया है कि राम मंदिर परिसर में ही स्थाई हेलीपैड बनाया जाए।

## पेज एक के शेष

### लोकसभा चुनाव के लिए...

होगी। इसमें छत्तीसगढ़ के लोकसभा सांसद, छत्तीसगढ़ भाजपा कोरग्रुप के सदस्य और सभी मंत्री शामिल होंगे। सूत्रों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में मिले जनाधार से उत्साहित है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता से भी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा हुआ है।पार्टी का मानना है कि सही रणनीति और योजना के साथ लोकसभा चुनाव में जाया जाए तो छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर विजय प्राप्त की जा सकती है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ की 11 में से दो सीटें कांग्रेस के पास हैं। भाजपा सभी 11 सीटों पर जीत हासिल करना चाहती है। लोकसभा चुनाव में पूरी की पूरी सीट जीतने के लिए रणनीति बनाने के साथ नवनियुक्त मंत्रियों को भी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

### ड्राइवर की पूछी औकात, सीएम...

की कलेक्टर रिजु बाफना को शाजापुर का नया कलेक्टर बनाया गया है। मंगलवार को एक ड्राइवर यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान कन्याल अपना आपा खो बैठे और बाद में उन्होंने कहा कि अगर उनके शब्दों से किसी को ठेस पहुंची है तो वह खेद व्यक्त करते हैं। इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री यादव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम गरीबों के उत्थान के लिए काम करते हैं। कोई भी कितना भी बड़ा अधिकारी क्यों न हो, उसे गरीबों के काम और भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। हमारी सरकार में इस तरह की भाषा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### केजरीवाल नहीं गए ईडी...

समन उन्हें गिरफ्तार करने के इरादे से भेजा गया है। आप ने आरोप लगाते हुए कहा, चुनाव से ठीक पहले नोटिस क्यों भेजा गया है? नोटिस केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने से रोकने का एक प्रयास है। आप नेता और दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने समन को 'बदले की राजनीतिक' बताया और कहा कि ईडी ने केजरीवाल के बार-बार लिखित अनुरोधों का जवाब नहीं दिया है, जिसमें यह स्पष्ट करने की मांग की गई है कि उन्हें पूछताछ के लिए क्यों बुलाया जा रहा है। आतिशी ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने ईडी से बार-बार पूछा है कि वह बताए कि उन्हें पूछताछ के लिए गवाह या आरोपी, किस हैसियत से बुलाया जा रहा है। उन्होंने ईडी से सभी संबंधित प्रश्नों को एक प्रश्नावली के रूप में भेजने के लिए भी कहा है जिसका विधिवत उत्तर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप 'इस तरह के समन' से नहीं डरती।

## दुनिया में 'सबसे शक्तिशाली' बना यूएई भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग 66वीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2024 के आते ही वैश्विक नागरिकता वित्तीय सलाहकार फर्म आर्टन कैपिटल ने 2024 की पहली तिमाही के लिए पासपोर्ट इंडेक्स जारी कर दिया है। इस इंडेक्स में संयुक्त अरब अमीरात यूएई के पासपोर्ट को सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट मानते हुए पहला स्थान दिया गया है। यूएई के पासपोर्ट का मोबिलिटी स्कोर 180 है और यह सबसे शक्तिशाली ट्रैवल डॉक्यूमेंट बन गया है। यूएई के पासपोर्टधारक बिना पूर्व वीजा के 130 देशों की यात्रा कर सकते हैं और वीजा ऑन अराइवल वाले 50 देशों में जा सकते हैं। यूएई का पासपोर्ट इतना शक्तिशाली है कि धारक 123 देशों में वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं। गल्फ टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूएई को विश्व का सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट बताते हुए आर्टन कैपिटल ने कहा कि यूएई ने




सकारात्मक कूटनीति अपनाई है जिस कारण उसका पासपोर्ट इतना मजबूत हुआ है।

इस सूची में दूसर स्थान पर जर्मनी, स्पेन, फ्रांस, इटली और नीदरलैंड सहित कई देश हैं जिनका मोबिलिटी स्कोर 178 है। यानी इन देशों के पासपोर्टधारी 178 देशों में यात्रा कर सकते हैं। तीसरे स्थान पर स्वीडन, फिनलैंड, लक्जमबर्ग, ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड हैं जिनका मोबिलिटी स्कोर 177 है।


## भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा

**प्रेसमड़ विक्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा उत्पादन वर्ष 2023-24 में उत्पादित प्रेसमड़ लगभग 12000 मे.टन (जो कम ज्यादा हो सकती है) प्रेसमड़ के विक्रय हेतु कारखाने कार्यालय में दिनांक 05/01/2024 से 10/01/2024 को दोपहर 02:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा में प्रेसमड़ क्रय हेतु न्यूनतम मात्रा 500 मे.टन होगी, इससे कम मात्रा हेतु निविदा अस्वीकार की जायेगी, ई-निविदा दिनांक 10/01/2024 को दोपहर 02:00 बजे पश्चात खोला जायेगा, जिसमे निविदाकार / प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। निविदा प्रपत्र के साथ क्रय हेतु प्रस्तावित प्रेसमड़ के क्रय मूल्य का 10% ई. एम. डी. राशि केवल आर. टी.जी.एस./ बैंक ट्रांस्फर के माध्यम से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा के नाम एकाउन्ट नम्बर 19012191000743 पंजाब नेशनल बैंक कवर्धा शाखा आर.टी.जी.एस. कोड PUNB0208520 में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदाकार को ई-टेंडर वेबसाइड https:eproc.cgstate.govt.in में अपलोड किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी कारखाना कार्यालय वेबसाइड www.Bssuk.co.in., एवं मो. नं. 9893404589 एवं 9752616668 से प्राप्त की जा सकती है

महाप्रबंधक

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT NAI LEDRI

**E-procurement Tenter Notice**

Main Portal : https://cgeprocurement.gov.in

NIT.No.560/N.P./2024 Nai Ledri/ Dated - 03/01/2024

Online bids ( 3 rd call) are Invited for followings works up to 15/01/2024.

| S. No. | System Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract (In lakh) | Earnest Money (In lakh) | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 150942 | Survey, Engineering, Procurement. Construction, testing, commissioning of Nai ledri Water supply scheme under AMRUT Mission2.0 Including Traial run,12 months Defects Liability period and 5 years Operation and Maintenance of all Project Component /whole scheme(3rd Call) | Rs.2502.15 | Rs.13.51 | In Appropriate Class |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 03-01-2024 at 13:00 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Chief Municipal Officer
Urban Local Body Nai Ledri Distt.- M.C.B. (C.G.)

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)** दिनांक 02.01.2024

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है । **ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 22.01.2024 है :-**

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT No. 230 Tender No. 150903 | पैरी नदी में राजिम से नेहरू घाट तक रिवर बेड पर पुल पुलिया सहित सर्विस रोड का निर्माण कार्य । (राजिम माघी पुन्नी मेला 2024) | रू. 36.78 लाख |
| NIT No. 233 Tender No. 150904 | पैरी नदी में राजिव लोचन मंदिर से महोत्सव स्थल एवं बाघ तक रिवर बेड पर पुल-पुलिया सहित सर्विस रोड का निर्माण कार्य । (राजिम माघी पुन्नी मेला 2024) | रू. 45.01 लाख |
| NIT No. 234 Tender No. 150905 | जिला महासमुन्द विकासखंड पिथौरा के बेल्डीह में शासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य । (शेष कार्य) | रू. 32.46 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि.रायपुर मंडल क्र.-2 (छ.ग.)

G- 06870/2 आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल जगदलपुर (छ.ग )

email-csjdp12@gmail.com

क्रमांक / सी.एस./निविदा/2023-24 / 27 जगदलपुर दिनांक 02.01.2024

**महारानी जिला अस्पताल जगदलपुर मे सुरक्षा व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

शासकीय महारानी जिला चिकित्सालय जगदलपुर जिला - बस्तर छ.ग. के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 मे अस्पताल के समस्त भवनो मे सुरक्षा व्यवस्था के लिये फर्म / प्रदायकर्ता से मुहरबंद खुली निविदाये आमंत्रित की जाती है। बस्तर जिले की बेबसाइट www.bastar.gov.in से आनलाईन निविदा प्रपत्र प्राप्तकर निर्धारित शुल्क राशि रुपये 2000 / - रु दो हजार मात्र का अतिरिक्त डिमांड ड्राफ्ट सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल जगदलपुर के नाम से तैयार कर दस्तावेजो के साथ जमा किया जाना अनिवार्य होगा ।

निविदा प्रपत्र विक्रय तिथि :- 03/01/2024 प्रातः 11:00 बजे से
निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :- 12/01/2024 शाम 05:00 बजे तक
निविदा जमा करने की तिथि :- 23/01/2024 दोपहर 01:00 बजे तक
निविदा खोले जाने की तिथि :- 23/01/2024 शाम 05:00 बजे
निविदा खोलने का स्थान :- कार्यालय, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल जगदलपुर

निविदा के संबंध मे विस्तृत जानकारी के लिये बस्तर जिले की वेबसाईट www.bastar.gov.in का अवलोकन कर सकते है। निविदा शुल्क की राशि 2000/- रु वापसी योग्य नही है ।

सिविल सर्जन सह मुख्य
अस्पताल अधीक्षक
जिला - चिकित्सालय जगदलपुर (छ.ग.)

G-06865/3

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.) (जल जीवन मिशन)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ( निविदा आमंत्रण सूचना)**

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य- पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में ऑनलाईन (Online) निविदा ( प्रमुख अभियंता, लो.स्वा. यां. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर ) आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ मिशन संचालक महोदय के निर्देशानुसार दिये नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. में उल्लेखित नियम एवं शर्तों के आधार पर आमंत्रित की जा रही है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें पुराने नियम एवं शर्तों के आधार पर भाग लेने पर अपात्र कर दिया जावेगा। जिसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगें । आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है.

| क्र. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | सिस्टम क्रमांक | ग्राम | कॉल | कार्य की अनु. लागत ( रू. लाख में) | अमानत राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 702/ 29.12.2023 | 150703 | RASPALLI | 6th call | 30.81 | 23108/- |
| 2 | 703/ 29.12.2023 | 150704 | POLEMPALLI (G.P. Malempent) | 6th call | 23.15 | 17363/- |
| 3 | 704/ 29.12.2023 | 150705 | KARREMARKA (G.P.Sagmeta) | 6th call | 10.76 | 8070/- |
| 4 | 706/ 29.12.2023 | 150794 | POLEMPALLI( G.P.Polempalli) | 7th call | 34.80 | 26100/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) 22.01.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि ( Bid start date ) 01.01.2024 से है । निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है ।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

G-06878/4

## कार्यालय संचालक सह वनमण्डलाधिकारी जंगल सफारी रायपुर (छ.ग.)

Phone No. - 0771-2439725 Email ID- dfojunglesafari@yahoo.com

**निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंगल सफारी रायपुर द्वारा नंदनवन जू एवं जंगल सफारी अटल नगर नवा रायपुर में वन्यप्राणी के भोजन एवं अन्य सामग्री की निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तें अधोहस्ताकर्ता के कार्यालय से सूचना प्रकाशन के 30 दिन के अंदर या दिनांक 05/02/2024 5.00 बजे शाम तक 1000/- का डिमांड ड्राफ्ट/ नगद शुल्क जो संचालक सह वनमंडलाधिकारी, जंगल सफारी रायपुर के नाम में देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। प्रथम बार निविदा दिनांक 06/02/2024 को कार्यालयीन समय सायं 3.00 बजे खोली जावेगी । किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्रथम निविदा असफल होने पर निविदा की द्वितीय तिथि 13/02/2024 एवं तृतीय तिथि 20/02/2024 को दोपहर 3.00 बजे निर्धारित की जाती है ।

संचालक सह वनमंडलाधिकारी,
जंगल सफारी रायपुर (छ.ग.)

G- 06855/3

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी / अंतागढ़ / में संग्रहित ईमारती काष्ठ / बल्ली / औद्योगिक / व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। जिसका निर्वतन नीलाम तिथि 09.01.2024 को किया जावेगा तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि घोष विक्रय में भाग लेवें। नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वनमंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | स्थान/नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल | काष्ठागार भानुप्रतापपुर | काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम भवन दिनांक 09.01.2024 प्रातः 09:00 बजे से |

-: अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियां :-

| अ.क्रं. | प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | काष्ठ घ.मी | बल्ली | काष्ठ घ.मी | बल्ली | काष्ठ घ.मी | बल्ली |
| 1 | सागौन | 0 | 22 | 37 | 96 | 37 | 118 |
| 2 | साल | 6 | 0 | 344 | 0 | 350 | 0 |
| 3 | बीजा | 9 | 0 | 34 | 0 | 43 | 0 |
| 4 | साजा | 4 | 58 | 50 | 0 | 54 | 58 |
| 5 | शीशम | 1 | 32 | 0 | 9 | 1 | 41 |
| 6 | हल्दू/मुंडी | 10 | 41 | 20 | 0 | 30 | 41 |
| 7 | सलिहा/मोदे | 3 | 0 | 4 | 0 | 7 | 0 |
| 8 | तिन्सा | 2 | 0 | 6 | 0 | 8 | 0 |
| 9 | धावड़ा | 0 | 113 | 27 | 0 | 27 | 113 |
| 10 | कर्रा | 0 | 34 | 0 | 0 | 0 | 34 |
| 11 | तेन्दु | 39 | 121 | 0 | 0 | 39 | 121 |
| 12 | अन्य | 84 | 1454 | 43 | 0 | 84 | 1454 |
| | योग | 158 | 1875 | 565 | 105 | 680 | 1980 |

-: नीलाम हेतु प्रस्तावित औद्योगिक/व्यापारिक बांस :-

| क्रं. | वनमंडल | बांसागार भानुप्रतापपुर | बंडल | नो. टन | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर | औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट ) | 250 | 2.000 | काष्ठ नीलाम के पश्चात औद्योगिक / व्यापारिक बांस का भानुप्रतापपुर नीलाम हॉल में किया जावेगा। |
| | | बांसागार अंतागढ़ | नग | नो.टन | |
| | | व्यापारिक बांसागार अंतागढ (नया लॉट ) | 2830 नग | 8.606 | |
| | | औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (नया लॉट ) | 1350 | 19.943 | |
| | | व्यापारिक बांसागार अंतागढ़ (पुराना लॉट) | 1780 नग | 5.055 | |

दूरभाष क्रमांक - पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (07850-252223)

1. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लॉट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1,000 /- रूपये इसमें जो भी अधिक हो, जमा करना अनिवार्य है । 2. क्रेता द्वारा नीलाग में बोली लगाने के पूर्व कलेण्डर वर्ष 2023 का पंजीयन, आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति एवं जी.एस. टी. पंजीयन का प्रमाण पत्र ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है । 3. विनिर्माता / उपभोक्ता / व्यापारी लायसेंस / जी.एस.टी.पंजीयन नम्बर की छायाप्रति एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही कार्य आदेश जारी किया जावेगा। 4. नीलाम में क्रय किये गये लॉटों का विक्रय मूल्य सहित पूर्ण विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। 5. वनोपज विक्रय उपरांत डिमाण्ड ड्राफ्ट स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का ही स्वीकार किया जावेगा । 6. अन्य जो भी जानकारी जो आवश्यक हो वनमंडल कार्यलय से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त कर सकते है।

वनमंडलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल भानुप्रतापपुर

G-06863/3


## शब्द पहेली - 5384



**बाएँ से दाए-**
1. सेवक,दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला,जाम-2
11. टोंटी,नलका-2
12. आनंद,जूस-2
13. प्रतिज्ञा,शपथ-3
16. सिमरन,सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन,लेखनी-3
22. कमल,जलज-3
23. क्रोध,गुस्सा-2
24. पाश,फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव,प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल,श्रेष्ठ-3
3. धनवान,संपन्न-3
4. घ्राणेद्रिय,इज्जत-2
5. दैत्य,असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार,पार लगाना-3
10. शरण,आश्रय-3
14. चूर-चूर,ढहा-5
15. टोंटी,नलका-2
17. युद्ध,संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र,दोस्त.मीत-2
27. हूर,अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर,नैहर-3
34. युक्तिवाद,पैरवी-3
35. टब,परात,तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत,तह-2
41. कदर,सम्मान-2

**शब्द पहेली -5383 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5394

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5393 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## बोंस प्रॉब्लम में मिलती है एक्सरसाइज से राहत



**मेरी उम्र 51 वर्ष है। मुझे सर्वाइकल और फ्रोजन शोल्डर की दिक्कत है। क्या एक्सरसाइज से दोनों ठीक हो सकते हैं या दवाएं भी लेनी पड़ेंगी?**

**-राजेंद्र, भोपाल**

हड्डियों संबंधी ज्यादातर परेशानी का स्थाई उपचार एक्सरसाइज से ही संभव है। मेडिसिन से आपको कुछ समय के लिए आराम मिल सकता है। आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर एक्स-रे करवाएं, जिससे पता चलेगा कि किन स्थितियों तक समस्या बढ़ गई है? उसके अनुसार डॉक्टर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। डॉक्टर की सलाह के बाद आप फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर सर्वाइकल और फ्रोजन शोल्डर दोनों की एक्सरसाइज सीख लें और नियमित रूप में सुबह-शाम करें। स्थाई समाधान इससे ही मिलेगा।

**मेरी उम्र 64 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मुझे दिन भर थकान रहती है। एक्टिव रहने के लिए डाइट में क्या चेंज करना चाहिए, कृपया बताएं?**

**-यशराज, महेंद्रगढ़**

एक्टिवनेस का सर्दी-गर्मी से कोई लेना-देना नहीं होता है। आप सबसे पहले खून की जांच करवाएं। कई बार खून की कमी की वजह से भी थकान लगती है। इसके अलावा खान पान में मौसमी हरी सब्जियां खाएं। खाने में गाजर और चुकंदर भी शामिल करें। संभव हो तो ड्राई फ्रूट्स का सेवन भी करें।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। कुछ दिनों से जीभ में जलन महसूस होती है, खाने में स्वाद नहीं आता, कड़वापन लगता है। कृपया मेरी समस्या का समाधान बताएं?**

**-सुरेश, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि स्वाद भी नहीं लग रहा है और जलन हो रही है, इसलिए बगैर जांच किए कोई भी उपचार नहीं बताया जा सकता है। आप तुरंत किसी डॉक्टर से संपर्क करें और अगर वो कहें तो आपको ईएनटी विशेषज्ञ के पास जाकर जरूरी जांच करवानी चाहिए।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। मेरे दोनों पैरों की अंगुलियों के बीच में लाल चकत्ते हो गए हैं। इनमें खुजली, चुभन और जलन होती है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अजित, बिलासपुर**

सर्दियों में इस तरह की समस्या हो जाती है। आप कोशिश करें कि रात में सोने से पहले पैरों को गर्म पानी से धोएं। फिर आप पैर को सुखाने के बाद उनपर मॉयश्चराइजर या नारियल का तेल लगाएं। साथ ही कोशिश करें कि हमेशा मोजे पहनकर रहें, खुले पैर कम रखें। इसके बाद भी राहत नहीं मिलती है तो त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें और उनकी सलाह के अनुसार दवा लेकर इस बीमारी का ट्रीटमेंट करवाएं।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मुझे हाई बीपी है और कुछ महीनों में वजन भी बढ़ गया है। मुझे क्या समस्या हो सकती है और क्या सावधानी बरतनी चाहिए?**

**-प्रमोद, जबलपुर**

अधिक वजन वालों को ब्लड प्रेशर होने की आशंका अधिक रहती है। जैसा आप बता रहे हैं कि आपका बीपी बढ़ा हुआ है, वजन भी बढ़ रहा है। इसलिए आपको सतर्क रहना चाहिए। खाने में तला-भुना और अधिक ऑयली चीजें बिल्कुल नहीं खानी चाहिए। साथ में मीठे से परहेज करें। खाने में अतिरिक्त नमक जैसे कि अचार, पापड़, चटनी जैसे खाद्य भी लेना बंद कर दें। अगर इससे भी वजन कंट्रोल नहीं होता तो डॉक्टर से संपर्क कर दवा लें।

**मेरी उम्र 49 वर्ष है। हाल में मेरी बायपास सर्जरी हुई है। कृपया बताएं मैं किस तरह की एक्सरसाइज कर सकता हूं, जिससे रिकवरी में हेल्प मिले?**

**-उत्पल, दिल्ली**

आपकी बायपास सर्जरी कब हुई है, आपने यह स्पष्ट नहीं किया है। इसलिए आपको अपने डॉक्टर के अनुसार ही एक्सरसाइज करना चाहिए। आप उन्हीं से संपर्क करें, जिन्होंने बायपास किया है। वही आपकी कंडीशन के अनुसार सही एक्सरसाइज की सलाह देंगे। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

डॉक्टर एडवाइस

डॉ. पी. वेंकट कृष्णन
सीनियर फिजिशियन, आर्टेमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम

अगर आपकी डाइट या लाइफस्टाइल की हैबिट के कारण मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया प्रभावित होती है तो इसका आपकी हेल्थ और एनर्जी लेवल पर बैड इफेक्ट पड़ता है। शरीर को हेल्दी और एक्टिव बनाए रखने के लिए मेटाबॉलिज्म प्रोसेस का दुरुस्त होना बहुत जरूरी है। एक्सपर्ट डॉक्टर बता रहे हैं मेटाबॉलिज्म को सही रखने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

## जब मेटाबॉलिज्म होगा सही आप रहेंगे हेल्दी-एनर्जेटिक



हम जो भोजन करते हैं, उससे शरीर को एनर्जी मिलती है, ताकि शरीर की सारी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहें। सरल शब्दों में समझा जाए तो हम जो कुछ भी खाते हैं, उसे एनर्जी में बदलने की प्रक्रिया को मेटाबॉलिज्म कहा जाता है। यह प्रक्रिया भोजन को पचाने के अलावा हॉर्मोन के स्तर को संतुलित रखने और शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने में भी मददगार साबित होती है। जब मेटाबॉलिज्म हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो हमारे लिए यह जानना भी बहुत जरूरी है कि इसे सुधारने के लिए हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

### रेग्युलर एक्सरसाइज

अगर आप चाहते हैं कि आपके शरीर में मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया सुचारु ढंग से काम करे तो एक्सरसाइज को अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। खासतौर पर कार्डियोवैस्कुलर एक्सरसाइज से बेली फैट और बढ़ते वजन को नियंत्रित रखना आसान होता है। इससे कैलोरी को एनर्जी में बदलने की क्षमता बढ़ जाती है। वजन उठाने वाली एक्सरसाइज से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, शरीर का कंपोजिशन सुधरता है और इंसुलिन सेंसिटिविटी बढ़ती है। कुल मिलाकर एक्सरसाइज से मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया चुस्त-दुरुस्त रहती है, इसलिए प्रतिदिन एक्सरसाइज के लिए कम से कम 40 मिनट का समय जरूर निकालें।

### बैलेंस्ड डाइट

हमारे भोजन से मिलने वाली कैलोरी को एनर्जी में परिवर्तित करने की प्रक्रिया को बीएमआर यानी बेसिक मेटाबॉलिक रेट कहा जाता है। बीएमआर ज्यादा हो तो शरीर दुबला और फुर्तीला होता है, अगर यह कम हो तो शरीर में अतिरिक्त फैट जमा होने के साथ मोटापा बढ़ने लगता है। अगर यह बहुत ज्यादा हो तो इससे अत्यधिक दुबलापन और बहुत कम हो तो मोटापा जैसी समस्याएं परेशान करती हैं। बीएमआर को संतुलित रखने के लिए अपनी डाइट में कार्बोहाइड्रेट और फैट की मात्रा घटाएं। साथ ही प्रोटीन, विटामिंस और मिनरल्स की मात्रा को बढ़ाएं। सरल शब्दों मे कहा जाए तो घी, तेल, मक्खन और चीनी का सीमित मात्रा में सेवन करें। रोजाना के भोजन में रोटी और चावल की मात्रा घटाकर दालों और हरी सब्जियों का भरपूर मात्रा में सेवन करें। अपने भोजन में दही, पनीर और खमीर युक्त खाद्य पदार्थों इडली, ढोकला आदि को प्रमुखता से शामिल करें, इससे आंतें स्वस्थ रहती हैं और इंसुलिन की सेंसिटिविटी बढ़ती है। जब हम पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन का सेवन करते हैं तो इससे आसानी से कैलोरी बर्न होती है और बढ़ते वजन को नियंत्रित रखना संभव होता है।

### स्ट्रेस मैनेजमेंट है जरूरी

हमेशा खुश और तनावमुक्त रहने की कोशिश करें। स्ट्रेस की वजह से कॉर्टिसोल हॉर्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिसे मैनेज करने के लिए शरीर को अधिक मात्रा में कैलोरी की जरूरत होती है, जिससे व्यक्ति चॉकलेट, सॉफ्ट ड्रिंक और जंक फूड का सेवन अधिक मात्रा में करने लगता है। नतीजतन इससे उसका वजन बढ़ने लगता है। साथ ही स्ट्रेस हॉर्मोन की वजह से कैलोरी को एनर्जी में बदलने की प्रक्रिया धीमी पड़ने लगती है यानी मेटाबॉलिज्म सही ढंग से काम नहीं करता। अगर तन-मन को स्वस्थ रखना है तो तनाव और उदासी से दूर रहें।

### पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं



**शरीर को** स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन कम से एक से डेढ़ लीटर तक पानी पिएं। इससे बर्न होने वाली कैलोरी की संख्या बढ़ती है, जिसे रेस्टिंग एनर्जी एक्सपेंडिचर कहा जाता है। शोध से यह तथ्य सामने आया है कि एक गिलास पानी पीने के दस मिनट के भीतर हमारे शरीर में रेस्टिंग एनर्जी एक्सपेंडिचर लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ जाता है, जिसका असर एक घंटे तक कायम रहता है। खासतौर पर खाना खाने से पहले एक गिलास पानी पीना कैलोरी इंटेक को घटाने में मददगार होता है। इससे बढ़ते वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। *

### अच्छी नींद लेना भी है जरूरी

एक रिसर्च के अनुसार केवल चार रातों की अधूरी नींद की वजह से इंसुलिन को प्रोसेस करने की क्षमता लगभग 30 प्रतिशत तक घट जाती है। नतीजतन भोजन को एनर्जी में बदलने की प्रक्रिया बहुत धीमी हो जाती है। इसके अलावा जो लोग नाइट शिफ्ट में ड्यूटी करते हैं या जिन्हें देर रात तक जागने की आदत होती है, वे अकसर चॉकलेट, जंक फूड या चाय-कॉफी जैसी चीजों का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं, जिससे उनका वजन तेजी से बढ़ने लगता है। इसलिए अगर आप मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को दुरुस्त रखना चाहते हैं तो रोजाना कम से कम आठ घंटे की नींद लेना जरूरी है। इस तरह अपनी दिनचर्या और खान-पान की आदतों में मामूली बदलाव लाकर आप हमेशा स्वस्थ और सक्रिय बने रह सकते हैं। *

**प्रस्तुति : विनीता**

---



## इन बैड हैबिट्स से बचिए

प्रिकॉशन

आजकल बहुत से स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स, अपने साथ लैपटॉप, फाइलें और तमाम कागजात साथ लिए घूमते हैं और इसके लिए बैकपैक का प्रचलन बढ़ गया है। यह बैकपैक पीठ पर लदा रहता है और इससे दोनों हाथ खाली रहने की सहूलियत तो मिलती है लेकिन लंबे समय तक ऐसा करने की आदत से पीठ के दर्द की शिकायत करने वालों की संख्या बढ़ गई है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया है कि पीठ पर भारी बैग टांग कर घूमने से यह समस्या होती है। इसलिए इससे बचना चाहिए।

इसी तरह हेल्थ एक्सपर्ट्स पैंट की बैक पॉकेट में भरे-पूरे वॉलेट रखने के लिए मना करते हैं। इनका मानना है कि ये वॉलेट कूल्हे की हड्डियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। कूल्हे की मसल्स, धमनियां और रक्त शिराओं पर भी इनके दबाव से विपरीत असर पड़ता है। सियाटिक नर्व्स भी इनसे इंज्र्ड हो सकती हैं। सेहत विशेषज्ञों की राय में वॉलेट में सिर्फ बहुत जरूरी चीजें या सीमित रुपए रखें ताकि यह पतला रहे। अतिरिक्त सामान के लिए हैंड बैग का इस्तेमाल करना बेहतर है। *

**-अंजू जैन**

---

न्यू स्टडी

शिखर चंद जैन

अगर आप भी डेली काफी रात तक जागते हैं और सुबह देर तक सोते हैं तो एलर्ट हो जाएं। कई स्टडीज में यह नतीजे सामने आए हैं कि ऐसा करने से आपको कई तरह की मानसिक और शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## हेल्थ के लिए हार्मफुल सुबह देर तक सोना



सर्दी के मौसम में सुबह की नींद कुछ ज्यादा सुहानी लगने लगती है। सर्द हवाओं के डर से गद्दे और रजाई में मिल रही गर्माहट छोड़ने का मन ही नहीं करता। कई लोग इस मौसम में देर तक सोने लगते हैं। लेकिन स्वास्थ्य विज्ञानियों की मानें तो सुबह देर तक सोते रहने से कई प्रकार की मानसिक और शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हाल ही शोधकर्ताओं ने देर तक सोने के प्रभाव को जानने के लिए विस्तृत अध्ययन किए। इस अध्ययन में शामिल होने वालों की उम्र 38 वर्ष से 73 वर्ष के बीच थी।

**कम होती है औसत उम्र:** इंटरनेशनल क्रोनोबायोलॉजी में प्रकाशित इस शोध की रिपोर्ट में कहा गया है कि जो लोग रोज सुबह जल्दी उठते हैं, उनकी औसत आयु रात को देर तक जागने वालों की तुलना में साढ़े छह वर्ष ज्यादा होती है। हालांकि यह बहुत कुछ उस व्यक्ति की उम्र, लिंग, वजन, सोशियो-इकोनॉमिक पोजीशन, खान-पान की आदतों और लाइफस्टाइल पर भी निर्भर करता है। सब कुछ ठीक-ठाक रहे, तो देखा गया है कि सुबह जल्दी उठने वाले लोगों में असमय मृत्यु का जोखिम सबसे कम होता है। जबकि देर रात सोने और सुबह देर से उठने वालों की जैवघड़ी जब अनियमित हो जाती है तो उनकी असमय मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है। साथ ही करीब 30 फीसदी लोगों को डायबिटीज से पीड़ित होने का खतरा रहता है। इसके अलावा ऐसे लोगों में नर्व और आंतों की बीमारियां होने का जोखिम भी बढ़ जाता है।

**डिप्रेशन का जोखिम:** जिन लोगों की देर तक जागने की आदत होती है, उनमें से 90 फीसदी को आगे चल कर मानसिक बीमारी होने की आशंका रहती है। जर्नल ऑफ साइकिएट्रिक रिसर्च में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार रात को देर तक जागने वाले लोगों में डिप्रेशन का रिस्क ज्यादा होता है। जो जितनी देर तक जागता है, उसमें यह जोखिम उतना ही बढ़ जाता है।

**हार्ट डिजीज की आशंका:** द जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि वीकेंड पर स्लीपिंग शेड्यूल बदलने वाले लोगों में हार्ट डिजीज और डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है। तुलनात्मक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि सप्ताह के अन्य दिनों और सप्ताहांत में सोने के समय में जितना ज्यादा अंतर रहा, इन बीमारियों का खतरा भी उतना ही बढ़ गया।

**जैव घड़ी हो जाती है गड़बड़:** सुरे यूनिवर्सिटी के क्रोनोबायोलॉजी विभाग में प्रोफेसर मैलकम भन के मुताबिक देर रात तक जागने की आदत ने वर्तमान में एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या का रूप ले लिया है। सूर्योदय से सूर्यास्त के साथ जैव घड़ी का तालमेल कायम रखने के लिए कौन से कदम उठाने चाहिए, इस पर काफी रिसर्च की जरूरत है। यूएस की नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी में मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर क्रिस्टेन नूटसन कहते हैं, 'असमय भोजन करना, नींद की कमी, एक्सरसाइज ना करना, रात को देर तक जागना, नशीले पदार्थों का सेवन आदि आदतों के पीछे कई बार लंबा मानसिक दबाव भी होता है।

इन्हीं आदतों के कारण इंसान के सोने और जागने का सही रुटीन भी मेंटेन नहीं होता। हालांकि कई मामलों में जैव घड़ी का परिचालन जीन पर निर्भर करता है, लेकिन कई मामलों में आदतों में बदलाव लाकर इसे दुरुस्त किया जा सकता है।

**ऐसे दुरुस्त रखें बॉडी क्लॉक:** स्लीप एक्सपर्ट्स हमारी बॉडी क्लॉक को दुरुस्त रखने के लिए कुछ आसान टिप्स बताते हैं-

- सोने की जगह या बेडरूम ऐसा हो, जहां सूर्य की रोशनी आसानी से पहुंचे, लेकिन रात को अंधेरा रहे।
- रात को नियत समय पर अपने बेड पर चले जाएं। दस पांच मिनट की हेर-फेर अलग बात है, लेकिन ऐसा ना हो कि कभी 10, तो कभी 11, तो कभी रात 12 बजे सोने जाएं।
- दिन में करने वाले काम दिन में खत्म करें। दिन में करने वाले काम रात में करने की आदत ना डालें।
- सोते समय टीवी, अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और मोबाइल से दूर रहें। *

---

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

## डायबिटीज नियंत्रण में सहायक है मंडूकासन



मंडूकासन को अंग्रेजी भाषा में फ्रॉग (मेंढक) पोज कहते हैं। यह आसन डायबिटीज पर कंट्रोल करने के मामले में रामबाण माना जाता है। इसे करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर आराम से बैठकर रिलैक्स हो जाएं, फिर शरीर को वज्रासन की मुद्रा में लाएं। अब दोनों हाथों की मुट्ठी बनाएं, जिसमें अंगूठे मुट्ठी के अंदर हों। इसके बाद मुट्ठी को नाभि के बीचों-बीच रखें और एक लंबी सांस अंदर की ओर लें। फिर गहरी सांस को छोड़ते समय थोड़े आगे की तरफ झुकें और नाभि की ओर अधिक प्रेशर बनाएं। अब ऐसी मुद्रा बनाएं कि आपकी छाती, आपकी जांघों को छू रही हो। इस अवस्था पर 2 से 3 मिनट रहें फिर इस पोज को छोड़ दें और एक लंबी सांस छोड़ें। अब वज्रासन की मुद्रा में वापस आ जाएं। यह प्रक्रिया तीन से चार बार दोहराएं।

यह योगासन नियमित करने से ही फायदा मिलता है। वैसे तो यह आसन बहुत ही आसान है लेकिन इसे करने में मुश्किल हो रही हो तो किसी विशेषज्ञ की देख-रेख में ही आसन करें। अगर पीठ में दर्द है, पेट की कोई बीमारी है, हाल में ऑपरेशन हुआ है, नाभि में किसी तरह की समस्या हो या जो महिला गर्भवती हैं उन्हें मंडूकासन करने से बचना चाहिए। इस आसन को कभी पांच मिनट से ज्यादा और दिन में दो बार से ज्यादा ना करें।

मंडूकासन भारी, थुलथुल और बेतरतीब फैले पेट को चुस्त दुरुस्त करता है। यह आसन अपच से मुक्ति दिलाता है। साथ ही वजन पर भी नियंत्रण करता है। *



## खबर संक्षेप

### चैतरा में युवक का शव फांसी में लटका मिला

**छुईहा बेलर।** थाना फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम चैतरा का युवक पवन उर्फ परदेशी यादव उम्र 25 वर्ष का 1 जनवरी को सुबह लगभग 10 बजे चैतरा गांव से लगे एनीकट के पास जंगल में फांसी में लटका शव मिला है। सूचना पर परिजन पहुंचे। परिजन इस घटना से स्तब्ध थे और परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद परिजन ने थाने में सूचना दी। पुलिस ने पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### चरित्र संदेह पर पति ने पत्नी के पर किया प्राण घातक हमला

**मैनपुर।** थानांतर्गत एक पति ने अपने पत्नी पर चरित्र संदेह पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने अपनी बेटी सुकरी बाई का करीब 10-12 साल पहले केशबो मरकाम के साथ शादी की थी। केशबो मरकाम द्वारा पत्नी सुकरी बाई को चरित्र शंका कर लगातार गालीगलौज कर मारपीट करता था। एक जनवरी को रात करीब 8.30 बजे सुकरीबाई को केशबो मरकाम रात में गाली गुप्तार कर रहा था। केशबो ने अपनी पत्नी सुकरी बाई को तुम्हारा पेट में जो बच्चा है, वह मेरा नहीं है। तू मेरे घर से निकल जा नहीं तो जान से मार दूंगा बोल रहा था। सुकरी बाई ने कहा कि नहीं जाउंगी तो केशबो मरकाम ने हत्या करने की नियत से आक्रोश में आकर घर में रखे धारदार हथियार से सुकरी बाई के सिर पर प्राणघातक हमला किया। साथ ही शरीर में अन्य जगहों पर मारपीट किया है।

# 3.3 करोड़ की ठगी मामले में शिक्षक दंपति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




■ रकम दुगनी करने के नाम पर 70 लोगों से धोखाधड़ी का मामला दर्ज

स्वयं को अभिकर्ता बताते हुए डेली, मासिक व वार्षिक कलेक्शन कर गबन करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने शिक्षक दंपति को गिरफ्तार किया है। जैसे ही शिक्षक दंपति के गिरफ्तार किए जाने की खबर शहर में फैली देनदार थाना पहुंचने लगे। जांच उपरांत पुलिस ने रूपए दुगना करने के नाम पर 70 लोगों से रकम लेने का मामला दर्ज किया है।

सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि आरोपियों द्वारा स्वयं को अभिकर्ता बताकर डेली कलेक्शन, मासिक कलेक्शन कर वार्षिक भुगतान किया जाना बताकर रुपए गबन करते हुए 3 करोड़ 3 लाख 12,808 रुपए वसूला गया था।

मामले कि रिपोर्ट दर्ज होते ही 24 घंटे के भीतर पुलिस ने लालबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। मामले में आरोपी जोगेन्द्र यादव उर्फ जूगनू (47) व अरूणा यादव पति जोगेन्द्र यादव उर्फ जूगनू (43) निवासी लालबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी से पूछताछ कर रही है। मामले कि रिपोर्ट महारानी वार्ड निवासी प्रार्थी वेकेंटेश्वर राव द्वारा दर्ज कराते हुए बताया कि 7 अगस्त 2021 को जोगेन्द्र यादव उर्फ जूगनू व उसकी पत्नी अरूणा यादव व भाई उत्तम यादव निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी लालबाग जगदलपुर के द्वारा शहर के विभिन्न शासकीय एवं गैर शासकीय, व्यापारियो से डेली कलेक्शन, मासिक कलेक्शन कर वार्षिक भुगतान में दुगुना रकम देना बताकर 70 लोगों से 3 करोड़ रुपए से अधिक जमा करवाया गया। इसके बाद उनके द्वारा लोगों को धोखे में रखकर अभी तक रुपए वापस नहीं किया गया है। दोनों के द्वारा जमा पैसे को किसी को न देकर सभी लोगों के साथ छल करते हुए धोखाधाड़ी किया गया है। रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में धारा 409, 420, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 32 लाख के अवैध कबाड़ के साथ संचालक पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



■ पुराने वाहनों को गैस कटर से काटकर खपाने का करता रहा है कार्य

बसना के एक दुकान से पुराने वाहनों के 32.53 लाख रूपए का अवैध कबाड़ सहित संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वह काफी लंबे समय से पुराने वाहनों को गैस कटर से काटने का व्यवसाय कर रहा था। उसके पास किसी भी वाहन का दस्तावेज नहीं पाया गया। जिसके बाद कुल कबाड़ का वजन 12,560 किलोग्राम एवं 4 नग ट्रैक्टर, एक नग हार्वेस्टर और हार्वेस्टर का कटर कुल जुमला किमती 32,53,200 रूपए जब्त किया गया। साथ ही आरोपी के खिलाफ धारा 41(1+4) सीआरपीसी, 379 भादवि के तहत कार्रवाई की गई।

मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि रायपुर रोड स्थित धनानी कबाड़ी दुकान का संचालक भारी मात्रा में अवैध रूप से कबाड़ का समान रखा हुआ है। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु अधिकारी अभिषेक केसरी के मार्गदर्शन में छापामार कार्रवाई की गई। जहां पर धनानी कबाडी दुकान का संचालक मो फयाज धनानी पिता मो. इकबाल धनानी 37 साल साकिन वार्ड न. 07 बसना द्वारा पुराने वाहनो को गैस कटर से काटते मिला। मौके पर भारी मात्रा में लोहे का कबाड़ एवं पिकअप वाहन मे कबाड़ भरा मिला। उक्त लोहे के कबाड़ एवं गैस कटर से वाहनों को काटने के संबंध में आरटीओ कार्यालय महासमुन्द से अनुमति एवं पुराने वाहन खरीदने के संबंध में संचालक द्वारा दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर की ठोकर आसुलखार के बुजुर्ग की मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम शाहकट्टा तालाब के पास 15 दिसंबर को ट्रैक्टर चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे आमापारा आसुलखार निवासी 65 वर्षीय लक्ष्मीनाथ जाड़े पिता स्व. कदरूराम जाड़े की मौत होने पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक का मौत रोड एक्सीडेंट एवं गंभीर चोट लगने से हुआ है। घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा घटना स्थल के पास चश्मदीद गवाह के बयान के आधार पर जानकारी हुआ कि 15 दिसंबर को दोपहर 1 बजें ग्राम शाहकट्टा तालाब के पास मेन रोड में ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 19 बीआर 7596 उसमें लगे ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक सीजी 05 जी 2922 के चालक कांकेर थाना क्षेत्र के बरदेभाठा निवासी 27 वर्षीय थमश्री वैध पिता वासुदेव वैध ने ट्रेक्टर एवं ट्राली को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर लक्ष्मीनाथ जाड़े को एक्सीडेंट करने व गंभीर चोट लगने से मृत्यु हुआ है।

## 30 पौवा शराब के साथ युवक पकड़ाया

**भाटापारा।** पुलिस ने शराब लेकर जा रहे युवक को मुखबीर की सूचना पर पकड़ा। जांच में उसके बैग से 30 पौवा शराब मिली। शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार के बाद जेल भेजा गया है। पेट्रोलिंग के लिए निकली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक छोटे कद का आदमी काला बैग में अवैध शराब रखकर शराब भट्ठी तरफ से मेन रोड की ओर पैदल जा रहा है। पुलिस ने हुलिया के आधार पर व्यक्ति को रोककर उसके बैग की तलाशी ली, जिसमें 30 पौवा शराब मिली। पुलिस की पूछताछ में युवक ने अपना नाम हेमन पिता कृष्ण कुमार आडिल 25 वर्ष साकिन आलेसुर थाना भाटापारा ग्रामीण का रहने वाला बताया। उसके पास लिखित में कोई वैध दस्तावेज नहीं होने आरोपी गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** नाबालिग लकड़ी को बहला-फुंसलाकर भगाने वाले युवक को पुलिस ने बुधवार को बेमेतरा जिले के ग्राम मुंगवाय थाना चांदनू से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाबालिग को बरामद किया। पुलिस ने यह कार्रवाई आरोपी के विरूध धारा 363 में धारा 366ए, 376, भादवि व 4, 6 पाक्सों एक्ट जोड़ कर की। पुलिस ने बताया कि पिछले वर्ष 1 मई को प्रार्थी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी पुत्री 17 वर्षी 28 अप्रैल की रात करीबन 1 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गई है, जिसका आस पड़ोस में पता किए, कहीं पता नहीं चला। युवक की रिपोर्ट पर सिमगा पुलिस ने गुम इंसान कायम किया। प्रार्थी की नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसालकर भगा ले जाने की शंका पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना 2 जनवरी को आरोपी नरेन्द्र कुमार पिता साधेलाल कोसले 26 साल निवासी ग्राम मुंगवाय थाना चांदनू जिला बेमेतरा के कब्जे से बरामद किया गया। अपहृता नाबालिग ने बताया कि आरोपी नरेन्द्र कुमार कोसले शादी कर पत्नी बनाकर रखने की झूठी बात कहकर बहला फुसलाकर अपने साथ रायपुर, मुंगेली एवं अपने घर ले जाकर 8 माह से अपने साथ रखा और शारीरिक संबंध बनाता रहा। थाना सिमगा पुलिस द्वारा आरोपी के विरूध धारा 363 में धारा 366ए, 376, भादवि व 4, 6 पाक्सों एक्ट जोड़ कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

---

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

**आवश्यकता है-** ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। **संपर्क करे:- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525.** (RO-6301)

### अकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य करने हेतु एकाउन्टेन्ट की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसा। **संपर्क- श्याम हार्ड वेयर स्टोर्स, स्टेशन रोड, देशबन्धु स्कूल के पास रायपुर मो.- 9300908801.**(RO-239)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के रायपुर और रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 5 वी,8, 10 वी पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 mobile **8109070600,7869230888, 8085859632, 8839506548.** (RO -1031)

**आवश्यकता है-** रायपुर मोवा हॉस्पिटल मे 10 सुरक्षा गार्डों की आवश्यकता हैं एवम सिलतरा मे 15 गार्डो कि तत्काल आवश्यकता है, वेतन 10000 +पीएफ ईएसआईसी **सम्पर्क सूत्र:- 7400656000.** (RO -2389)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** कार एसेसरीज दुकान में काम करने के लिए लड़के और लड़कियों की दुकान आव्यशक्ता है **संपर्क करे भाव्या ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो 8818833330.**(RO-56)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आवश्यकता है-** सबमर्सिबल पंप एवं प्लास्टिक पाइप नल दुकान में काम करने हेतु लडको की आवश्यकता है। सैलरी 9000-12000 योग्यता अनुसार।हम्माल की भी अवश्यकता है। **बजाज एंटरप्राइजेज रायपुर 9644433085, 9425843865.** (RO-1879)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** मेडिकल स्टोर में कार्य हेतु कप्यूटर ऑपरेटर, मार्केट बॉय, सेल्स कर्मचारी तथा ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। **संपर्क:- पायल- 79991 49489, 7770807779 (केवल व्हाट्सअप)** (RO -238)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** कार और ट्रक टायर कम्पनी में लोकल रायपुर शहर में ट्रांसपोर्टेशन के लिए 1 Tata Ace की जरूरत है जिनकी खुद की गाड़ी हो खुद ड्राइवर हो वही **सम्पर्क करें - 9977787518..** (RO-A)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### टीचर

**Requirment** - Trained teachers with PG English, Physics, Biology and Accountancy for PGT, TGT and PRT with all subjects needed in Theresian Academy, Boriyakhurd, Raipur. Interested candidates can submit your Biodata at the office before 6th February 2024. Time 9.00am to 11.30am Contact- **9407798966, 07712972515.**(RO-2396)

**आवश्यकता है-**महर्षि दयानंद उ.मा.विद्यालय कोहका भिलाई (C.G. Bord English medium)नर्सरी से 8वीं तक हेतु प्राचार्य/इंचार्ज की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार Resume जमा करने का स्थान व अंतिम तिथि **डी.ए.व्ही. मॉडल हायर सेकेण्ड्री स्कूल आर्यनगर दुर्ग में 20.01.2024 तक। समय प्रतिदिन 11से 3बजे तक।** (आरो न.-381)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** महर्षि दयानंद उ.मा. विद्यालय मठपारा एवं गयानगर दुर्ग (C.G.Bord English Medium)नर्सरी से 12वीं हेतु अनुभवी प्राचार्य/इंचार्ज की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार (02 पद) Resume जमा करने का स्थान व अंतिम तिथि **महर्षि दयानंद उ.मा.विद्यालय पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मठपारा दुर्ग में 20.01.2024 तक समय प्रतिदिन 11से 3बजे तक।** (आरो न.-380)

### लेबर

**आवश्यकता है-** पुटी वर्क रेस्टिक पुटी कार्य हेतु लेबर की जरूरत है पेंटिंग वर्क रोजी 700 rs प्रतिदिन **9755832989.** (RO-43160)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा स्विफ्ट। चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी क्रिस्टा- 25000, स्विफ्ट- 15000, + PF+ ESI+ पेंशन, संपर्क करें राहुल ट्रेवल्स रायपुर एयरपोर्ट मोबाइल 7399411411. (RO-3670)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** टैक्सी डिजायर कार चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी ड्राइवर ही **सम्पर्क करे महावीर नगर तेलीबांधा रायपुर 7470308181 7697800066.** (RO-1878)

### दुकान/गोदाम

**आवश्यकता है-** दुकान/गोदाम कार्य हेतु मेहनती युवक की आवश्यकता है। **तुरंत संपर्क करें योग्यता पांचवी पास रायपुर कृषि केन्द्र शॉप नं. 124, एस.के.प्लाजा बाम्बे मार्केट रायपुर** (RO-1594)

### टेली ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु पुरूष, महिला एंव टेली आपरेटर (फिमेल) की **संपर्क करें राजेश होजियरी फारेस्ट कॉलोनी के पास गली नं. 1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9826908201.**(आरो-1877)

### अकाउंटेंट

**आवश्यकता है- हमारे प्रतिष्ठित कलेक्शन एजेंसी को** Tally **एवं** Excel **मे 2 वर्ष के अनुभवी** Senior Accountant-1, Junior Accountant-1 **पद, टेलीकालर्स व टीम लीडर की आवश्यकता हैं एवं 10 वी पास ऑफिस बॉय-1 पद, स्वयं का मोबाइल, टू व्हीलर वाहन होना आवश्यक। ई-जेनेसिस, दक्षिण गंगोत्री, नियर अग्रवाल होमियोपैथी, जर्मन रेमेडीज सुपेला, भिलाई 8109008885, 9589049626.** (RO-SP/102)

### खाना मिस्त्री

**आवश्यकता है-** कैंटीन मेस में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, बर्तन धोने एवं काउन्टर में खाना देने हेतु कर्मचारी चाहिए। रहने खाने की सुविधा **सम्पर्क करें- राजकिशोर नगर बिलासपुर 8871824812, 9993334937.**(RO-32391)

### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** Job For Marketing Executive At a Medical Agency in Raipur Salry 8000/- Plus Commission Call For Send Resume On **78989-40007** (RO -1069)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** कानपुर झांसी में ऑफिस कार्य हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के चाहिए सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस+ रेल, किराया आवास फ्री ट्रेनिंग पश्चात कमाएं 15000 से 20000 **सम्पर्क बिलासपुर 8770508791, 7225815090, 6266578863.**(RO-32400)

**आवश्यकता है-** इन्दौर में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष, 10/12, ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए। वेतन 8000+ रहना, खाना फ्री+ कमीशन+ बोनस+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा। **सम्पर्क करें- 7415455110, 7898882634.**(RO-32401)

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD DEPARTMENT) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के-लड़कियां) सैलरी (35400-83900) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, ड्राइवर, हेल्पर, गार्ड (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्क:- 09310717928.** (RO-2358)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL / SMS / WHATSAPP **करें :- 8695963713.** (RO - 1306)

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट हेतु पक्की जॉब लड़के - लड़कियां अनपढ़ / 8वीं 10वीं 12वीं ग्रेजुएट लोडर, हेल्पर, ड्राइवर, ग्राउंड सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, रहना खाना फ्री+ (कैब सुविधा) सैलरी 35,500/- से 85,500/- 9625271611 (RO - 1308)

**आवश्यकता है-** Reliance jio 5G कंपनी में घर बैठे पार्ट/फुलटाइम (SMS JOB ) करके लड़के/लड़कियां, ग्रहणीय, स्टूडेंट कमाए (18,500-48500) महीना लैपटॉप मोबाइल फ्री नौकरी हेतु नाम पता WhatsApp **करें 9631550466.** (RO-6697)

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (34900- 81300) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्क:- 08882895824.** (RO-2369)

## Education शिक्षण

**शीर्षक-फेल विद्यार्थी समय बचाए-** पत्राचार ओपन प्राईवेट द्वारा 10वीं, 12वीं निश्चित सफलता के साथ पास करें B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECH-NIC, B.Tech, (* अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** Bharti Education Academy , Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515** (RO- 6313)

## Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** फ्रीसेवा घरबैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण , सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज , रूठें मनाना, ग्रहकलेश , कियाकराया, दवाई ना लगना , कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसीभी जड़से खत्म) **7347259119.** (RO-12146)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ज्योतिष -** आपके घर किसी ने किया कराया, भूत-प्रेत, वशीकरण, पति-पत्नि में अनबन, गृहक्लेश, दवाई का ना लगना, या और कोई भी बाधा है तो खुली आंखों से दिखाऊंगा। दुःखीया एक बार फोन जरूर करे। **पता:-** 2nd floor, Shikhar Apartment, Near T.I. Mall, Smritinagar Bhilai, Durg **संपर्क:- स्वामी कुलदीप जी 8059178317.** (RO-2387)

## Home Buildup भवन निर्माण

**भवन निर्माण-** भवन निर्माण, कंस्ट्रक्शन 1100/- से शुरू, बिल्डिंग मटेरियल, प्लानिंग, ऐस्टीमेशन, हेतु **संपर्क करें- रियल भूमि इंफ्रा स्ट्रक्चर रायपुर मोबाइल नंबर:- 9340257656, 7869869744.**(RO-2388)

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट

**फ्लैट बेचना है-** फ्लैट नं. 301, 302 तीसरे फ्लोर में कुल 1555 Sqft. में बना हुआ 4 बेडरूम, हाल, किचन, सर्वेंट रूम, स्टोर रूम, सर्वसुविधायुक्त फ्लैट बेंचना है। पता- श्रीराम रेसीडेंसी शंकरनगर बाटल हाऊस के पास रायपुर संपर्क करें- 9977345867 (RO - 1065)

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** प्राइम लोकेशन आईआईटी भिलाई के पास आवासीय डायवर्टेड प्लाट मात्र 499/- रूपये में उपलब्ध है। **संपर्क करें:-मो :- 78287-81009.** (RO -371)

### मकान

**मकान बेचना है-** 44, नगर निगम कोलोनी (समता कालोनी) अग्रसेन चौक के पास पूर्व एवं उत्तर दिशा का कार्नर का मकान- नीचे-पहला एवं दूसरा मंजिल बना हुआ 1500 Sqft. का प्लाट एरिया बिक्री करना है। इच्छुक व्यक्ति **संपर्क करें- 94790-88739** (RO -1067)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152






# दुनिया के नक्शे में नहीं मिलेंगे ये कई देश...जानेंगे तो चौंकेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया में 195 देश हैं, लेकिन इसके अलावा भी कुछ ऐसे देश हैं जो वर्ल्ड मैप में आपको नजर नहीं आते हैं। इन देशों के बारे में बेहद कम लोग जानते हैं। दुनिया में कई तरह के वर्ड मैप को लोग फॉलो करते हैं। वर्ल्ड मैप में कुल 195 देश हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि वर्ड मैप में ऐसे 7 देश हैं, जो शामिल ही नहीं किए गए हैं। इस लेख में हम आपको ऐसे ही देशों के बारे में बताएंगे जिनका नाम तक आपने सुना नहीं होगा और वर्ड मैप पर इन देशों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## इराकी कुर्दिस्तान

कुर्द लोग इसे बृहद कुर्दिस्तान के चार भागों में से एक मानते हैं और इराकी कुर्दिस्तान को इराकी संविधान में आधिकारिक रूप से कुर्दिस्तान क्षेत्र कहते हैं। यह देश साल 1970 से ही इराक के अंतर्गत मौजूद था। इराकी कुर्दिस्तान का अधिकांश भौगोलिक और सांस्कृतिक क्षेत्र कुर्दिस्तान क्षेत्र का हिस्सा है। यह देश वर्ड मैप में शामिल नहीं है।

## सोमालीलैंड

सोमालीलैंड आधिकारिक तौर पर सोमालीलैंड गणराज्य, हॉर्न ऑफ अफ्रीका में एक गैर-मान्यता प्राप्त राज्य है। यह देश अदन की खाड़ी के दक्षिणी तट पर स्थित है। सोमालीलैंड सरकार खुद को ब्रिटिश सोमालीलैंड का उत्तराधिकारी राज्य मानती है, स्वतंत्र सोमालीलैंड राज्य के रूप में साल 1960 से 1991 तक सोमाली गणराज्य बनाने के लिए ट्रस्ट टेरिटरी ऑफ सोमालीलैंड के साथ एकजुट हुआ था।



## ट्रांसनिस्ट्रिया

ट्रांसनिस्ट्रिया को सोवियत संघ के अवशेष के रूप में बताया जाता है। जब मोल्दोवा के सैनिकों ने 1990-1992 में इस देश पर कब्जा करने का प्रयास किया था तो ट्रांसनिस्ट्रिया में स्थित रूसी सैनिकों की मदद से ट्रांसनिस्ट्रिया ने उनका विरोध किया था। यह देश 1990 में बना था और इस देश की अपनी अलग सेना, करेंसी और झंडा है लेकिन यह वर्ड मैप में मौजूद नहीं है।

## पुंतलैंड

पुंतलैंड पर हमेशा आईएसआईएस का कब्जा रहा, इसके बावजूद इस देश में शांति का माहौल रहता है। यह देश वर्ड मैप पर मौजूद नहीं है। फिर भी यहां के लोग खुद को स्वतंत्र ही मानते हैं।

# महुआ मोइत्रा मामला : सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा महासचिव से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ कैश-फॉर-क्वेरी को लेकर हुआ है निष्कासन

सुप्रीम कोर्ट ने कैश-फॉर-क्वेरी मामले में लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस पार्टी की नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने लोकसभा के महासचिव से दो हफ्ते के अंदर मामले में जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट आगे इस मामले की सुनवाई 11 मार्च से शुरू हो रहे हफ्ते में करेगा। गौरतलब है कि महुआ मोइत्रा को पैसे लेकर सवाल



पूछने के मामले में शीत सत्र के दौरान लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। मोइत्रा ने उनके निष्कासन की सिफारिश करने वाली लोकसभा की आचार समिति पर पर्याप्त सबूत के बिना फैसले लेने और मनमानी का आरोप लगाया है।

## एससी : जेलों में जातिगत भेदभाव पर केंद्र-राज्यों को नोटिस

जेलों में जातिगत भेदभाव और अलग-अलग जाति आधारित मैंनुअल काम आवंटित करने पर रोक लगाने संबंधी याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई चल रही हैं। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर केंद्र सरकार और 12 राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया हैं। गौरतलब हैं कि याचिका में जेलों में जातिगत भेदभाव और उन्हें अलग-अलग जातियों के आधार पर काम देने पर रोक की मांग की गई हैं।

ज्ञानवापी मामला

# वजूखाना की सफाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में आवेदन

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

■ हिंदू याचिका कर्ताओं ने उठाया

वाराणसी स्थिति ज्ञानवापी के वजूखाना की स्वच्छता बनाए रखने के लिए हिंदू याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दायर किया है। वकील विष्णु शंकर जैन के माध्यम से दायर आवेदन में कहा गया है कि पानी की टंकी में 12 से 25 दिसंबर 2023 के बीच मछलियां मर गईं, इस कारण टैंक से दुर्गंध आ रही है। चूंकि वहां मौजूद शिवलिंग हिंदुओं के लिए पवित्र है, इसे गंदगी और मृत जानवरों से दूर रखा जाना चाहिए। आवेदन में आगे यह भी कहा गया है कि ज्ञानवापी परिसर में मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद प्रबंधन समिति मछलियों की उस स्थिति के लिए जिम्मेदार है जिसके कारण वे मर गईं। आवेदन में 'वजूखाना' को साफ करने का निर्देश देने की मांग करते हुए कहा गया है, यदि जिला मजिस्ट्रेट, वाराणसी के अनुरोध के अनुसार मछली को स्थानांतरित कर दिया गया होता तो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति उत्पन्न न होती। उल्लेखनीय है कि 'शिवलिंग' की खोज के बाद 2022 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 'वजूखाना' क्षेत्र को सील कर दिया गया है।

## कुंडू के तबादला आदेश पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी संजय कुंडू को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की उस याचिका पर रोक लगा दी, जिसके तहत उनका राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद से तबादला किया जाना था। इसे लेकर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए थे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले पर बुधवार को स्टे दे दिया।

# मणिपुर हिंसा : परिजनों ने किया शव लेने से इंकार

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले में सोमवार को गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी। वहीं इस हादसे में 18 अन्य घायल भी हुए। इस गोलीबारी में मारे गए चार लोगों के परिवारवालों ने शव लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने राज्य सरकार को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें मैतेई मुस्लिम समुदाय के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती की मांग की गई है। इसके साथ ही समुदाय ने इस हादसे की जांच केंद्रीय जांच एजेंसी से कराने की भी मांग रखी है।राज्य सरकार ने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया है, जिसका नेतृत्व मणिपुर पुलिस के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी मोहम्मद रियाजुद्दीन शाह करेंगे। मैतेई समुदाय ने अपने ज्ञापन में कहा, 'राज्य सरकार को 48 घंटों के भीतर मांगे पूरी करनी चाहिए। अगर मांगे पूरी नहीं होती है तो वे अपने परिजनों का शव नहीं लेंगे।' नए साल के दिन सोमवार की शाम को थौबल में करीब 20-25 उग्रवादी लिलोंग चिंगजाओ इलाके में एक व्यापारी के घर लूटपात करने आए थे।

## इंडिगो की पटना में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** कोहरे के कारण विलंब से परेशान विमान परिचालन की खबरों के बीच बुधवार को पटना में जमीन से आसमान तक कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। पटना से दिल्ली के लिए 12:58 पर उड़ान भर चुकी इंडिगो फ्लाइट 2074 में खराबी की जानकारी सुनकर विमान में सवार यात्री असहज महसूस करने लगे।


OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER NAGAR PANCHAYAT, JHAGRAKHAND

**E-procurement Tenter Notice**

Main Portal : https://cgeprocurement.gov.in

NIT.No.389 Jhaghrakhand / Dated - 03/01/2024

Online bids ( 3rd call) are Invited for followings works up to 15/01/2024.

| S. No. | System Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract (In lakh) | Earnest Money (In lakh) | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 150941 | Survey, Engineering, Procurement. Construction, testing, commissioning of Jhagrakhand Water supply scheme under AMRUT Mission 2.0 Including Trail run,12 months Defects Liability period and 5 years Operation and Maintenance of all Project Components /whole scheme(3rd Call) | Rs.1732.64 | Rs.8.66 | In Appropriate Class |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 03-01-2024 at 10:00 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Chief Municipal Officer
Nagar Panchayat Jhagrakhand District.- M.C.B. (C.G.)



झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)
PR No.- 303890 Date 03/08/2023

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 203 / 2023-24 दिनांक :-02.01.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-DEO-02/2023-24 | मधुपुर | 1 | L058 गरिया पी०डब्ल्यू०डी० पथ से महुआडाबर भाया गांगोमारनी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं०–3.000 कि०मी०) | 1206.465 | बारह करोड़ छः लाख छियालीस हजार पाँच सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | मधुपुर | 2 | एस०एच० पथ दुर्गापुर से बेलकुकराहा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० –1.800 कि०मी०) | | | |
| | | मधुपुर | 3 | तीनघरा से सुगापहाड़ी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० –5.350 कि०मी०) | | | |
| | | करौं | 4 | पनचरिया से कोलडिह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० –4.500 कि०मी०) | | | |
| | | करौं | 5 | करौं से सलटार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० –2.100 कि०मी०) | | | |
| | | करौं | 6 | रंगा पी०डब्ल्यू०डी० पथ से केयराकोल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० –1.600 कि०मी०) | | | |
| | | करौं | 7 | कल्हर से हरेजा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० –1.785 कि०मी०) | | | |
| | | करौं | 8 | पथरा से गनजीबारी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० –5.200 कि०मी०) | | | |
| | | करौं | 9 | करौं से सिरीया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० –1.800 कि०मी०) | | | |
| | | करौं | 10 | खुरखुरा से भगडरो तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० –1.800 कि०मी०) | | | |
| | | करौं | 11 | डुमरटांड से गोबिन्दपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० 2.500 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–04.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 17.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–18.01.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..............................
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०,राँची

PR 315038 Rural Work Department(23-24).D



छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर
ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)

Website- www.cgmsc.gov.in Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

क्र./12071 / निर्माण / 2024 दिनांक 02/01/2024

| स.क्र. | नि.आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रु.लाख) | निविदा आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 9477 | जिला दंतेवाड़ा वि.ख. कुआकोण्डा के उप स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर कैम्प में 06 बिस्तरीय वार्ड (ECRP) एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र बरगुम में 06 बिस्तरीय वार्ड ( ECRP ) का निर्माण कार्य। | 18.28 | तृतीय |
| 2 | 9478 | जिला बीजापुर वि.ख. भैरमगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू में 06 बिस्तरीय वार्ड। ( ECRP ), प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मिस्तुर में 06 बिस्तरीय वार्ड (ECRP), उप स्वास्थ्य केन्द्र गुड़मा में 06 बिस्तरीय वार्ड ( ECRP ), उप स्वास्थ्य केन्द्र जंगला में 06 बिस्तरीय वार्ड ( ECRP ), उप स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू में 06 बिस्तरीय वार्ड ( ECRP), उप स्वास्थ्य केन्द्र सतवा में 06 बिस्तरीय वार्ड ( ECRP ) एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र धरमा में 06 बिस्तरीय वार्ड ( ECRP ) का निर्माण कार्य। | 63.98 | तृतीय |
| 3 | 9479 | जिला बीजापुर के ब्लॉक भोपालपट्टनम के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोपालपट्टनम में 20 बिस्तर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेंड्रा में 06 बिस्तरीय वार्ड ( ECRP) स्थापना कार्य। | 39.62 | षष्ठ |
| 4 | 9480 | जिला बीजापुर के ब्लॉक उसूर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उसूर में 20 बिस्तरीय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इलमिड़ी मे 06 बिस्तरीय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पामेड़ में 06 बिस्तरीय, उप स्वास्थ्य केन्द्र लिंगागिरी में 06 बिस्तरीय उप स्वास्थ्य केन्द्र आवापल्ली में 06 बिस्तरीय एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र पामेड़ में 06 बिस्तरीय वार्ड (ECRP) का निर्माण कार्य। | 76.18 | षष्ठ |
| 5 | 9482 | जिला कोण्डागांव ब्लॉक माकड़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतपुर में 06 बिस्तरीय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शामपुर में 06 बिस्तरीय उप स्वास्थ्य केन्द्र बागबेड़ा में 06 बिस्तरीय वार्ड ( ECRP) का निर्माण कार्य। | 27.42 | षष्ठ |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 08/01/2024 से देखी जा सकती है। उपरोक्त कार्यों की निविदा लो.नि.वि (2015) की दर से आमंत्रण की जा रही है, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 18/01/2024 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

S-39260/2 अधीक्षण अभियंता


## भाजपा अभिषेक को बना देगी मुख्यमंत्री मतभेद सामने आए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पिछले कुछ समय से ओल्ड बनाम न्यू गार्ड की लड़ाई देखने को मिल रही है। पार्टी के ही कुछ युवा नेता अब अभिषेक बेनर्जी को बड़े पद पर देखना चाहते हैं, वहीं ममता वरिष्ठ नेताओं के लिए उचित सम्मान की बात कर रही हैं। असल में टीएमसी के 27वें स्थापना दिवस समारोह के बीच पार्टी के अंदर ही कुछ मतभेद सामने आ गए हैं।

## करणी सेना के प्रमुख की हत्या एक और व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पिछले महीने जयपुर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के एक प्रमुख संदिग्ध को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए ने इस सिलसिले में राजस्थान और हरियाणा में 31 स्थानों पर छापे मारे। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि राजस्थान के झुंझनू में छापेमारी के बाद अशोक कुमार नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जो इस मामले में नौवां आरोपी है। उन्होंने बताया कि कुमार के ठिकानों पर की गई छापेमारी के दौरान कई हथियार बरामद हुए। अधिकारी ने कहा कि कुमार से पूछताछ के दौरान इस मामले में उसकी संदिग्ध भूमिका और गैंगस्टर रोहित गोदारा से उसके संबंधों के बारे में पता चला। उन्होंने कहा कि गोदारा के संबंध गोगामेड़ी की हत्या करने वाले दो हमलावरों से हैं। पांच दिसंबर को जयपुर में गोगामेड़ी के श्याम नगर स्थित आवास पर दिनदहाड़े हुई गोलीबारी में उनकी मौत हो गई थी।


कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 02/01/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82, रा.नि.मं. 18, तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक गौरव जैन पिता गुलाब जैन निवासी आमापारा रायपुर खसरा नंबर 15002/56 रकबा 0.2560 हे. के द्वारा धारित उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी हक की भूमि के बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 02/01/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का बटांकन हेतु हमारे द्वारा दिनांक **09/01/2024** को समय **12.00** बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामीयों तथा आसपास के भूमिस्वामीयों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा /आपत्ति हो तो मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में बटांकन कार्य किया जा सकता है। बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सो सूचना जाने।**

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18



पूर्व तट रेलवे

(1) निविदा सूचना सं.: eT-WAT-SOUTH-43-2023, दिनांक 22.12.2023

**कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/ट्रैक/वाल्टियर के क्षेत्राधिकार के अधीन वाल्टियर मंडल के अमृत भारत चरण-II के अधीन सिम्हाचलम स्टेशन का उन्नयन।

**कार्य की अनुमानित लागत** रु. 5,30,96,448.66, EMD: रु. 4,15,500.00.

(2) निविदा सूचना सं. eT-WAT-SOUTH-44-2023, दिनांक 22.12.2023

**कार्य का नाम:** मंडल अभियंता/दक्षिण/वाल्टियर के अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (वर्क्स)/लाइन्स वाल्टियर मंडल के लिए 24 महीने (दो वर्षों) की अवधि के लिए 01 (एक) संख्यक सड़क वाहन MUV सेवाएं यानी ISUZU DIMAX, TATA DIEX-207 इत्यादि वाहन किराये पर लेना।

**कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 11,84,256.00, EMD: रु. 23,700.00. निविदा दस्तावेज की कीमत: रु. 2,360.00

कार्य समापन की अवधि: 12 (बारह) महीने (क्रमांक 1 के लिए) तथा 24 (चौबीस) महीने (क्रमांक 2 के लिए)।

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 18.01.2024 को 1500 बजे (दोनों निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

ऊपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**टिप्पणी:** प्रत्याशित निविदाताओं को इस निविदा के लिए जारी किए जाने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धिपत्र नोट करने के लिए निविदा बंद होने की तारीख से 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट पुनः देखने की सलाह दी जाती है।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-943/O/23-24






स्लम/गैर स्लम में किराये के मकान में निवासरत हितग्राहियों को दो कमरे का आवास उपलब्ध कराने की योजना

**मोर मकान- मोर आस**

विज्ञापन क्रमांक 07/2024 दिनांक 02/01/2024

"मोर मकान - मोर आस" योजनांतर्गत परियोजना - 1044, 870, 754, 899, 609, 841, 928, 667 **स्थल कचना, दलदल सिवनी, सोनडोंगरी एवं मठपुरैना** में निर्मित आवासों में से **कुल 2220** नग आवासीय फ्लैट आबंटन के लिए उपलब्ध है। आबंटन के लिए ऑनलाईन आवेदन, नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाइट www.nagarnigamraipur.nic.in के "शीर्षक" **"कार्यक्रम और योजनाएँ -पी. एम.ए. वॉय - एच.एफ.ए.- मोर मकान - मोर आस आवेदन"** में जाकर **दिनांक 03/01/2024** से **24/01/2024** शाम 5:30 बजे तक राशि रू. 100/- का ऑनलाईन भुगतान कर किया जा सकता है।

**उपलब्ध आवासीय फ्लैट की जानकारी निम्नानुसार है :-**

| स्थल का नाम व आवास संख्या | तल का विवरण | फ्लैट्स की संख्या | कॉरपेट एरिया (वर्गफीट में) | अनुमानित मूल्य (लाख में) लगभग |
|---|---|---|---|---|
| कचना (1044), 804 नग आवास | भू-तल | 125 | 325 | 3.25 |
| | प्रथम तल | 221 | 325 | 3.25 |
| | द्वितीय तल | 224 | 325 | 3.25 |
| | तृतीय तल | 234 | 325 | 3.25 |
| कचना (870), 288 नग आवास | भू-तल | 38 | 325 | 3.25 |
| | प्रथम तल | 75 | 325 | 3.25 |
| | द्वितीय तल | 80 | 325 | 3.25 |
| | तृतीय तल | 95 | 325 | 3.25 |
| कचना (754), 216 नग आवास | भू-तल | 30 | 325 | 3.25 |
| | प्रथम तल | 58 | 325 | 3.25 |
| | द्वितीय तल | 58 | 325 | 3.25 |
| | तृतीय तल | 70 | 325 | 3.25 |
| दलदल सिवनी (899), 88 नग आवास | भू-तल | 08 | 325 | 3.33 |
| | प्रथम तल | 22 | 325 | 3.33 |
| | द्वितीय तल | 26 | 325 | 3.33 |
| | तृतीय तल | 32 | 325 | 3.33 |
| दलदल सिवनी (609), 40 नग आवास | भू-तल | 04 | 325 | 3.38 |
| | प्रथम तल | 08 | 325 | 3.38 |
| | द्वितीय तल | 12 | 325 | 3.38 |
| | तृतीय तल | 16 | 325 | 3.38 |
| सोनडोंगरी (841), 322 नग आवास | भू-तल | 46 | 325 | 3.29 |
| | प्रथम तल | 80 | 325 | 3.29 |
| | द्वितीय तल | 96 | 325 | 3.29 |
| | तृतीय तल | 100 | 325 | 3.29 |
| मठपुरैना (928), 171 नग आवास | भू-तल | 24 | 325 | 3.25 |
| | प्रथम तल | 38 | 325 | 3.25 |
| | द्वितीय तल | 51 | 325 | 3.25 |
| | तृतीय तल | 58 | 325 | 3.25 |
| मठपुरैना (667), 291 नग आवास | भू-तल | 45 | 325 | 3.25 |
| | प्रथम तल | 70 | 325 | 3.25 |
| | द्वितीय तल | 88 | 325 | 3.25 |
| | तृतीय तल | 88 | 325 | 3.25 |

- दिनांक 24/01/2024 तक प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के परीक्षण उपरांत पात्र/अपात्र आवेदकों की प्राथमिक सूची, दिनांक 08/02/2024 को नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट "शीर्षक" **"कार्यक्रम और योजनाएँ -पी.एम.ए.वॉय.-एच.एफ.ए."** -**"मोर मकान-मोर आस आवेदन"** में प्रदर्शित की जावेगी।
- पात्र/अपात्र की प्रथम सूची जारी दिनांक से पात्र/अपात्र आवेदक 15 दिवस तक नगर पालिक निगम, रायपुर (मुख्यालय) के तृतीय तल स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना प्रकोष्ठ में अपनी पात्रता सिद्ध करने संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। जिसके आधार पर पात्र/अपात्र की अंतिम सूची जारी की जावेगी।
- अधिक जानकारी के लिए नगर पालिक निगम, रायपुर (मुख्यालय) तृतीय तल स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना प्रकोष्ठ में संपर्क किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
रायपुर (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**

## सिएट को जीएसटी मांग को लेकर नोटिस




**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली सिएट लि. को महाराष्ट्र और गुजरात के वडोदरा में कर अधिकारियों से जीएसटी और जुर्माने की मांग को लेकर 19 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। वडोदरा के अतिरिक्त आयुक्त ने 3.27 करोड़ रुपये के ब्याज और 13.68 करोड़ रुपये के जुर्माने के साथ आदेश जारी किया है।

## एयर कंडीशनर गुणवत्ता आदेश में मिली ढील



**नई दिल्ली।** सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के इरादे से एयर कंडीशनर (एसी) उद्योग के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) से जुड़े मानकों में ढील दी है। एयर कंडीशनरों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने 2019 में क्यूसीओ आदेश जारी किया था और यह पिछले साल अक्टूबर से लागू हुआ है।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आवास ऋण घटाया




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आवास ऋण पर ब्याज 0.15 प्रतिशत घटाकर 8.35 प्रतिशत कर दिया है। ग्राहकों को नये साल की पेशकश के तहत ब्याज में कमी की गई है। आवास ऋण के लिए प्रसंस्करण शुल्क में भी कटौती की गई है। सभी ग्राहकों को बेहतर वित्तपोषण समाधान प्रदान करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने में मदद करने की बैंक की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 83.28 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी कोषों के प्रवाह से रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे की मजबूती के साथ 83.28 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में नकारात्मक रुख के बीच भारतीय मुद्रा दबाव में रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर खुला।

## वोडाफोन आइडिया के बालाजी का इस्तीफा



**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया के मुख्य नियामकीय एवं कॉरपोरेट मामलों के अधिकारी पी बालाजी ने इस्तीफा दे दिया है। बीएसई को बुधवार को भेजी सूचना में वोडाफोन आइडिया ने कहा कि बालाजी 10 जनवरी, 2024 से कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन कर्मी के पद पर नहीं रहेंगे। कंपनी ने यह नियामकीय सूचना के साथ यह पत्र साझा किया है।

## मोटोरोला ने नरसिम्हन को बनाया प्रबंध निदेशक



**नई दिल्ली।** मोटोरोला ने टी एम नरसिम्हन को भारत में अपने मोबाइल कारोबार समूह का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि नरसिम्हन मोटोरोला के भारतीय कारोबार की देखरेख करेंगे। बयान में कहा गया है, 'भारतीय स्मार्टफोन बाजार पर ध्यान केंद्रित करने और शीर्ष तीन स्मार्टफोन ब्रांड में शामिल होने के लक्ष्य के तहत कंपनी ने भारत में अपनी नेतृत्व करने वाली टीम को मजबूत किया है। इसी के तहत नरसिम्हन को भारतीय कारोबार का प्रमुख नियुक्त किया गया है।'

# ट्रक चालक काम पर लौटे, एक-दो दिन में हालात हो जाएंगे सामान्य

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

'हिट एंड रन' के नए और सख्त कानून के खिलाफ हड़ताल पर गए ट्रक चालकों ने काम पर लौटना शुरू कर दिया है और एक-दो दिन में हालात सामान्य हो जाएंगे। ट्रक चालक संघ अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एआईएमटीसी ने मंगलवार को सरकार के इस आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी ट्रक चालकों से अपनी हड़ताल खत्म करने की अपील की कि भारतीय न्याय संहिता के तहत 'हिट-एंड-रन' मामलों के लिए जेल और जुर्माने के सख्त प्रावधानों को लागू करने का निर्णय संघ के साथ परामर्श के बाद लिया जाएगा। 'हिट-एंड-रन' मामलों के लिए कड़े प्रावधानों का मुद्दा उठाने के लिए एआईएमटीसी के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला से मुलाकात की थी।

एआईएमटीसी के महासचिव एन के गुप्ता ने कहा, "हमने हड़ताल का कोई आह्वान नहीं किया था... हड़ताली चालक काम पर वापस आ रहे हैं और एक या दो दिन में सामान्य परिचालन बहाल हो जाएगा।" उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर ट्रक चालकों की हड़ताल नए कानूनों पर एक सहज प्रतिक्रिया थी और "चालकों को अब चिंता करने की ज़रूरत नहीं है और उन्हें काम में शामिल होना चाहिए और अर्थव्यवस्था की वृद्धि में योगदान देना चाहिए।"

**हड़ताल पर गए ट्रक चालकों ने काम पर लौटना शुरू कर दिया**

### 'कड़े दंड' प्रावधानों का विरोध

कुछ ट्रक, बस और टैंकर संचालकों ने 'कड़े दंड' प्रावधानों के विरोध में कई राज्यों में सोमवार को तीन दिन की हड़ताल शुरू की थी। भारतीय दंड संहिता की जगह लेने जा रही भारतीय न्याय संहिता के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण गंभीर सड़क दुर्घटनाएं करने वाले और अधिकारियों को सूचित किए बिना भागने वाले ड्राइवरों को 10 साल तक की जेल या सात लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। ब्रिटिशकालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में ऐसे मामलों में सजा का प्रावधान दो साल था।



## निफ्टी भी 148.45 अंक यानी 0.69 प्रतिशत फिसला

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 536 अंक और टूटा

- अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले बाजार में सुस्ती रही
- धातु और जिंस शेयरों में भी गिरावट रही

एजेंसी ▸▸| मुंबई

शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 536 अंक और लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 535.88 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,356.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 588.51 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 148.45 अंक यानी 0.69 प्रतिशत फिसलकर 21,517.35 अंक पर रहा।

वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच आईटी तथा बैंक शेयरों में लगातार गिरावट से प्रमुख सूचकांक दिन के निचले स्तर के करीब बंद हुए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले बाजार में सुस्ती रही। धातु और जिंस शेयरों में भी गिरावट रही। हालांकि, ताजा लिवाली से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, रियल्टी और दवा कंपनियों के शेयरों में तेजी रही।



### 1,602.16 करोड़ के शेयर खरीदे

इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75.47 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,602.16 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे थे। सेंसेक्स मंगलवार को 379.46 अंक और निफ्टी 76.10 अंक के नुकसान में रहा था।

### इन कंपनियों में नुकसान

सेंसेक्स की कंपनियों में जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक और मारुति प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, आईटीसी, भारती एयरटेल और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### शेयरों के मूल्यांकन को लेकर चिंता

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'नए संकेतकों के अभाव और शेयरों के मूल्यांकन को लेकर चिंता से निवेशक बाजार से दूर रहे। चीन और यूरो क्षेत्र में विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट के साथ वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेतकों से 2024 में वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार को लेकर चिंता बढ़ी है। सबसे महत्वपूर्ण, बाजार को नीतिगत दर के बारे में संकेत को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक के बैठक के ब्योरे की प्रतीक्षा है।

### विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि घटी

महंगाई कम रहने के बावजूद कारखाना ऑर्डर और उत्पादन में धीमी बढ़ोतरी की वजह से दिसंबर में देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि घटकर डेढ़ साल के निचले स्तर 54.9 पर आ गयी। नवंबर में यह 56 थी। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली है। एचएसबीसी इंडिया के विनिर्माण पीएमआई सर्वेक्षण से पता चलता है कि कारखाना ऑर्डर और उत्पादन में नरम वृद्धि हुई। हालांकि, आगामी वर्ष के लिए कारोबारी भरोसा मजबूत हुआ है।

### आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी रहेगी: फिच




एशिया-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि वर्ष 2024 में मजबूत बनी रहेगी और भारत समेत कई उभरते बाजारों में सकल घरेलू उत्पाद में लगभग पांच प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद है। फिच रेटिंग्स ने बुधवार को यह अनुमान जताया। रेटिंग एजेंसी ने 'एपीएसी क्रॉस-सेक्टर आउटलुक 2024' शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत और इंडोनेशिया समेत समग्र एशिया-प्रशांत के उभरते बाजारों में बैंक क्षेत्रों के लिए परिदृश्य वर्ष 2024 में सुधार की तरफ अग्रसर है।

### एशियाई बाजारों में गिरावट

अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.30 प्रतिशत और मिडकैप 0.20 प्रतिशत मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहा। यूरोप के बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा।

# ओएनजीसी को तेल-गैस के सात ब्लॉक, रिलायंस को एक मिला

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- तेल और गैस की खोज एवं उत्पादन के लिए 10 ब्लॉक की पेशकश की गई थी

सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी को तेल एवं गैस की खोज के लिए आयोजित नवीनतम बोली दौर में सात ब्लॉक मिले हैं जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी पीएलसी के गठजोड़ के हिस्से में एक ब्लॉक आया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मुक्त क्षेत्र लाइसेंस नीति के आठवें दौर में तेल और गैस की खोज एवं उत्पादन के लिए 10 ब्लॉक की पेशकश की गई थी। उन्होंने कहा कि बोली में रखे गए सभी 10 ब्लॉक के अनुबंध पर बुधवार सुबह हस्ताक्षर किए गए।

इन ब्लॉक में से ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन को सात जबकि रिलायंस-बीपी गठजोड़, ऑयल इंडिया लिमिटेड और सन पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड को एक-एक ब्लॉक मिला है। इसके साथ कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) के तीन ब्लॉक भी आवंटित किए गए और ओएएलपी का नौवां दौर बोली के लिए खोल दिया गया। एक आधिकारिक वक्तव्य में कहा गया कि प्रतिबद्ध अन्वेषण कार्य कार्यक्रम के लिए दिए गए ब्लॉकों में 23.3 करोड़ डॉलर का निवेश होने का अनुमान है।

### 10 ब्लॉक की पेशकश

भारत ने ओएएलपी के आठवें दौर में बोली लगाने के लिए जुलाई, 2022 में 10 ब्लॉक की पेशकश की थी। बोली की समय सीमा कुछ बार बढ़ाए जाने के बाद यह दौर जुलाई, 2023 में बंद हो गया था। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के मुताबिक, इन ब्लॉक के लिए पांच कंपनियों- ओएनजीसी, वेदांता लिमिटेड, ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल), सन पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस-बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लिमिटेड ने मिलकर 13 बोलियां लगाई थीं। प्रस्तावित 10 ब्लॉक में से सात को एकल बोलियां मिली थीं जबकि अन्य तीन ब्लॉक के लिए दो-दो बोलियां आई थीं। एक्सॉनमोबिल, शेवरॉन और टोटलएनर्जीज जैसे वैश्विक ऊर्जा दिग्गजों ने ने कोई बोली नहीं लगाई।

# वैश्विक तेल बाजार में बेहद अशांत स्थिति, स्थिर होने पर होगी कटौती

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में आई नरमी के बीच पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की संभावना पर बुधवार को कहा कि वैश्विक बाजार इस समय 'बेहद अशांत' है और किसी भी कटौती से पहले इसे स्थिर होना होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों तेल विपणन कंपनियों ने पिछले 21 महीनों से पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड का लगभग 90 प्रतिशत घरेलू पेट्रोलियम बाजार पर नियंत्रण है। पुरी ने यहां खुदरा कीमतों में कटौती को लेकर तेल कंपनियों के साथ किसी तरह की बातचीत के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, ऐसे किसी भी मुद्दे पर तेल विपणन कंपनियों के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है।



- पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया

## अमेरिका का कर्ज 34,000 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में संघीय सरकार का कुल राष्ट्रीय कर्ज 34,000 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया है। कर्ज के इस स्तर से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में सरकार को देश के बही-खाते को सुधारने के लिए राजनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर कई चुनौतियों से जूझना पड़ेगा। अमेरिकी वित्त विभाग ने मंगलवार को देश की वित्तीय स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी की है। यह राजनीतिक रूप से बंटे देश के लिए तनाव पैदा करने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार, बिना वार्षिक बजट के सरकार के कामकाज के कुछ हिस्सा ठप हो सकता है। रिपब्लिकन सांसदों और व्हाइट हाउस ने पिछले साल जून में देश की ऋण सीमा को अस्थायी रूप से हटाने पर सहमति व्यक्त की थी, जिससे ऐतिहासिक चूक या 'डिफॉल्ट' का जोखिम टल गया था। यह समझौता जनवरी, 2025 तक चलेगा। अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज कहीं अधिक तेजी से बढ़ा है। कांग्रेस के बजट कार्यालय ने जनवरी, 2020 में वित्त वर्ष 2028-29 में सकल संघीय ऋण 34,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान लगाया था।

## एसबीआई ने विदेशों से एक अरब डॉलर जुटाए




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने बुधवार को कहा कि उसने घरेलू ईएसजी वित्तपोषण बाजार के लिए एक अरब डॉलर (लगभग 8,300 करोड़ रुपए) का कोष जुटाया है। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बैंक ने सिंडिकेटेड सामाजिक कर्ज के जरिये एक अरब डॉलर (75 करोड़ डॉलर और 25 करोड़ डॉलर का ग्रीन शू विकल्प) जुटाने का काम पूरा कर लिया है। बैंक ने कहा कि यह लोन बुक दो जनवरी, 2024 को बंद कर दी गई।

**बिजनेस साइट**

## जीके जेसीबी ने मनाया हाईएस्ट मशीन सेल का उत्सव



**रायपुर।** देश का नंबर वन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट निर्माता कंपनी जेसीबी के साउथ छत्तीसगढ़ एवं विदर्भ के अधिकृत डीलर जीके जेसीबी ने 2023 में अपना सर्वोच्च 1592 जेसीबी मशीने बेचने का नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस खास अवसर को जीके जेसीबी के डायरेक्टर अमर पारवानी एवं पुनीत पारवानी के गरिमामयी उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जेसीबी कंपनी के एरिया मैनेजर अभिषेक तिवारी, शिवदत्त तिवारी एवं दलजीत सिंह भी इस मौके पर उपस्थित थे। जीके जेसीबी के डायरेक्टर अमर पारवानी एवं पुनीत पारवानी ने सभी कर्मचारी के कार्यों को सराहा एवं सम्मानीय ग्राहकों का अभिवादन करते हुए कहा की ग्राहकों के सहयोग के बिना इस लक्ष्य को हासिल करना संभव नहीं था।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उछले अदाणी ग्रुप के स्टॉक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




बुधवार को अदाणी ग्रुप के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। दरअसल, आज सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी ग्रुप को लेकर अपना फैसला सुनाया है। इस फैसले के बाद अदाणी ग्रुप के सभी कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। आज अदाणी ग्रुप में लिस्टेड कंपनी के स्टॉक 2.2 फीसदी से 10 फीसदी तक चढ़ गए हैं। जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट जारी हुई थी। इस रिपोर्ट के बाद कंपनी के शेयर में भारी गिरावट देखने को मिली है। खबर लिखते वक्त अदाणी ग्रुप के सभी शेयर इतने अंक चढ़ गए थे।

- लिस्टेड कंपनी के स्टॉक 2 .2 फीसदी से 10 फीसदी तक चढ़े

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय कॉर्पोरेट दिग्गज द्वारा स्टॉक मूल्य में हेरफेर के आरोपों पर अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद पर याचिकाओं के एक बैच पर अपना फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अदाणी ग्रुप के खिलाफ आरोपों की एसआईटी या अन्य जांच एजेंसी द्वारा जांच का आदेश देने का कोई आधार नहीं है। इसके अलावा कोर्ट ने सेबी को आदेश दिया कि वह तीन महीने के भीतर अपनी जांच पूरी करें। अदाणी ग्रुप की जांच मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली समिति ने की। उन्होंने कहा कि सेबी ने अदाणी ग्रुप के खिलाफ आरोपों से संबंधित 24 में से 22 मामलों में अपनी जांच पूरी कर ली है।

### बढ़े अदाणी ग्रुप के स्टॉक

| कंपनी/शेयर | शेयर प्राइस (रुपए में) | इतने चढ़े |
|---|---|---|
| अदाणी एंटरप्राइजेज | 3,002.30 | 2.38% |
| अदाणी ग्रीन | 1,662.00 | 3.65% |
| अदाणी पोर्ट्स | 1092.80 | 1.34% |
| अदाणी पावर | 538.95 | 3.92% |
| अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस | 1,158.15 | 9.01% |
| अदाणी विल्मर | 381.40 | 4.04% |
| अदाणी टोटल गैस | 1,073.10 | 7.21% |
| एसीसी | 2,285.55 | 0.80% |
| अंबुजा सीमेंट | 536.00 | 1.11% |
| एनडीटीवी | 285.60 | 4.70% |

# सोने में 230 रु. की गिरावट चांदी 400 रु. फिसली

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

विदेशी बाजारों में नरम रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 230 रुपए की गिरावट के साथ 63,970 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 64,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

- सोना 63,970 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया

चांदी की कीमत भी 400 रुपए की गिरावट के साथ 78,400 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 78,800 रुपए प्रति किलो पर थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,059 डॉलर प्रति औंस और चांदी गिरावट के साथ 23.60 डॉलर प्रति औंस रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'डॉलर सूचकांक में आई मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में तेज बढ़ोतरी के बाद सोने की कीमतों पर दबाव आया।' जिंस बाजार में सोना हाजिर 2,059 डॉलर प्रति औंस पर रहा। यह वैश्विक बाजारों में पिछले बंद भाव से 14 डॉलर कम है।





## नाइट फ्रैंक इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

# 50 लाख रुपए तक के घरों की बिक्री 16 प्रतिशत घटी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख शहरों में पिछले साल 50 लाख रुपये कीमत तक के घरों की बिक्री 16 प्रतिशत घटकर 98,000 इकाई रह गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संपत्ति की कीमतों में उछाल और आवास ऋण पर ऊंचे ब्याज की वजह से घरों की बिक्री में गिरावट आई है।

इसके बावजूद शीर्ष आठ शहरों...दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद में बीते साल सभी मूल्य वर्ग में घरों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 3,29,907 इकाई पर पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 50 लाख रुपये तक कीमत के घरों की आपूर्ति में पिछले साल सालाना आधार पर करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई। इससे सस्ती आवासीय इकाइयों की बिक्री घट गई। मध्यम आय वर्ग और लक्जरी आवास खंड में ऊंची मांग की वजह से घरों की कुल बिक्री 10 साल के उच्चस्तर पर पहुंच गई। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया एक वेबिनार में यह रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया है कि 50 लाख रुपए और उससे कम कीमत वाली आवासीय संपत्तियों की बिक्री 2022 के 1,17,131 इकाई के आंकड़े से घटकर 2023 में 97,983 इकाई रह गई। इससे कुल आवास बिक्री में किफायती घरों की हिस्सेदारी 37 प्रतिशत से घटकर 30 प्रतिशत रह गई है।





### एक करोड़ रुपए के घरों की बिक्री बढ़ी

एक करोड़ रुपए से अधिक कीमत वाले घरों की हिस्सेदारी 2022 के 27 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 34 प्रतिशत हो गई। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, 'अधिक महंगी संपत्तियों की ओर बदलाव की वजह से आवास बाजार ने 2023 में भी अच्छी तेजी हासिल की।' उन्होंने कहा कि देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद की वजह से खरीदारों का दीर्घावधि का निवेश करने का भरोसा बढ़ा है। वर्ष 2018 में कुल आवासीय बिक्री में किफायती घरों की हिस्सेदारी 54 प्रतिशत थी।

## खबर संक्षेप



### संजय सिंह के बिना कुश्ती संघ स्वीकार्य

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को कहा कि नए भारतीय कुश्ती महासंघ से उन्हें कोई ऐतराज नहीं जब सिंह के रहने से परेशानी है। संजय के बिना नए महासंघ से या तदर्थ समिति से भी हमें कोई मसला नहीं है।'

### भारतीय टीम के खिलाफ खेलना खास अनुभव

**केपटाउन।** अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में शुरूआती कदम रख रहे दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज टोनी डिजोर्जी ने कहा कि भारत के खिलाफ खेलना उनके लिये खाव अनुभव है क्योंकि जिन खिलाड़ियों को वह टीवी पर देखा करते थे, अब उनके खिलाफ खेल रहे हैं। अब तक सिर्फ तीन टेस्ट और पांच वनडे खेल चुके डिजोर्जी ने इंटरव्यू में कहा, 'यह मेरे लिए खास अनुभव रहा है। कॅरियर की शुरुआत में भारत के खिलाफ अच्छा खेलना और उन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना जिन्हें अब तक टीवी पर ही देखा है। यह शानदार अनुभव है।'

### ब्रिसबेन : दूसरे दौर में हारी ओसाका

**ब्रिसबेन।** मां बनने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रही नाओमी ओसाका ब्रिसबेन इंटरनेशनल के दूसरे दौर में तीन बार की चैंपियन कैरोलिना प्लिसकोवा से 3-6, 7-6, 6-4 से हार गई। दो बार



अमेरिकी ओपन और आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने वाली ओसाका ने पहले मैच में तमारा कोर्पेश को सीधे सेटों में हराया था। यह मई 2022 के बाद एलीट स्तर पर उसका पहला मैच था। अन्य मैचों में शीर्ष वरीयता प्राप्त गत आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-3, 6-0 से मात दी।

### अमांडा की आठ महीने बाद सफल वापसी

**आकलैंड।** अमेरिका की पूर्व युवा स्टार अमांडा अनिसिमोवा ने आठ महीने के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए आकलैंड टेनिस क्लासिक के दूसरे दौर में मारी बूजकोवा को 6-0, 6-1 से हराया। मानसिक स्वास्थ्य कारणों और थकान की वजह से टेनिस से ब्रेक लेने के बाद अमांडा ने वापसी की है। अमेरिकी ओपन जूनियर चैंपियन रह चुकी अमांडा ओपन 2019 सेमीफाइनल खेल चुकी हैं। इससे पहले अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने एलिना अवानेसियान को 6-1, 6-2 से हराया।




टेस्ट : भारत के अंतिम छह खिलाड़ी जीरो पर आउट, पहले दिन गिरे 23 विकेट

# सिराज के तूफान से अफ्रीकी टीम का सबसे छोटा स्कोर, भारत भी 153 पर सिमटा

एजेंसी ▶▶ केपटाउन

मोहम्मद सिराज ने लगातार नौ ओवर के अपने पहले स्पैल में 15 रन देकर छह विकेट झटककर कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे भारत ने बुधवार को यहां दूसरे और आखिरी टेस्ट के शुरुआती दिन दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 55 रन पर समेट दिया। दिन के अंतिम सत्र में भारत ने 11 गेंद में अंतिम छह विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका का यह 1991 में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम स्कोर है। फिर भारत ने चार विकेट पर 153 रन बनाकर 98 रन की बढ़त हासिल की। भारत के छह बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके और जो खिलाड़ी नाबाद रहा, उसका भी खाता नहीं खुला। लुंगी एनगिडी (तीन विकेट) और कागिसो रबाडा (तीन विकेट) ने अंत के छह में से पांच विकेट झटके। इससे उन्होंने बढ़त 100 से कम रहने दी और मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल की क्योंकि शुरुआती दिन इस पिच पर 23 विकेट गिरे। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में आक्रामकता के साथ अधिक सतर्कता भी दिखाई जिससे उसने स्टंप तक तीन विकेट गंवाकर 62 रन बना लिए और अभी वह 36 रन से पीछे है। ऐडन मार्करम 32 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। टेस्ट में पहले दिन सबसे ज्यादा 25 विकेट गिरने का रिकॉर्ड 1902 में एशेज टेस्ट का है।



### गेंद में तेज उछाल से गिरे विकेट

न्यूलैंड्स की पिच पर इतना तेज उछाल था जो निश्चित रूप से आईसीसी मैच रैफरी क्रिस ब्रॉड की निशाने पर आएगा। लाल कूकाबुरा गेंद 'जंबो जेट' की तरह उड़ान भरती दिखी जिससे बल्लेबाजों के लिए क्रीज पर टिकना असंभव हो गया। दिन के अंत में उछाल इतना ज्यादा बदल रहा था कि बल्लेबाजों को कंधे से लेकर पेट तक गेंद लगी।

### कोहली ने बनाए 46 रन

रोहित शर्मा (39 रन) ने इन खतरनाक गेंदों से बचते हुए सात चौके जड़े। विराट कोहली (46 रन) और शुभमन गिल (36 रन) ने कुछ अच्छी बाउंड्री लगाई। लेकिन प्रतिभाशाली यशस्वी जायसवाल (शून्य) और श्रेयस अय्यर (शून्य) की तकनीकी खामियां फिर उजागर हुई और वे स्कोर में कोई योगदान नहीं कर सके।

### मनिंदर के क्लब में सिराज

सिराज से पहले देश के 92 वर्ष के टेस्ट इतिहास में लंच से पहले इस तरह का शानदार प्रदर्शन बाएं हाथ के स्पिनर मनिंदर सिंह के नाम है जिन्होंने 1986-87 में बेंगलुरु में पाकिस्तान के खिलाफ लंच से पहले पांच विकेट झटकने की उपलब्धि हासिल की थी।

### सिराज की तेजी, स्विंग और सीम का जवाब नहीं

बुधवार को उमस भरी सुबह दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजों को सिराज की तेजी, स्विंग और सीम मूवमेंट का सामना करने में काफी परेशानी हुई जिससे पूरी टीम पहली पारी में महज 23.2 ओवर में पवेलियन पहुंच गई। केवल डेविड बेडिंघम (12 रन) और काइल वेरेयने (15 रन) ही दो बल्लेबाज रहे जो दोहरे अंक तक पहुंच सके जिससे स्टैंड में मौजूद दक्षिण अफ्रीकी दर्शक मायूस हो गए। सिराज ने नौ ओवर में तीन मेडन से 15 रन देकर छह विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह (दो विकेट) ने भी दूसरे छोर से दबाव बनाए रखा। मुकेश कुमार (दो विकेट) ने पुछल्ले बल्लेबाजों को समेटा।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन का जायसवाल बो सिराज | 02 | 10 | 0 | 0 |
| डीन एल्गर बो मोहम्मद सिराज | 04 | 15 | 0 | 0 |
| डिजोर्जी का राहुल बो सिराज | 02 | 17 | 0 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का शर्मा बो बुमराह | 03 | 11 | 0 | 0 |
| बेडिंघम का जायसवाल बो सिराज | 12 | 17 | 2 | 0 |
| वेरेयने का गिल बो सिराज | 15 | 30 | 1 | 0 |
| यानसेन का राहुल बो सिराज | 00 | 03 | 0 | 0 |
| महाराज का बुमराह बो मुकेश | 03 | 13 | 0 | 0 |
| रबाडा का अय्यर बो मुकेश | 05 | 13 | 0 | 0 |
| बर्गर का जायसवाल बो बुमराह | 04 | 11 | 0 | 0 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 23.2 ओवर में 55/10
गेंदबाजी : बुमराह 8-1-25-2, सिराज 9-3-15-6, कृष्णा 4-1-10-0, मुकेश 2.2-2-0-2.

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रबाडा | 00 | 07 | 0 | 0 |
| रोहित शर्मा का यानसेन बो बर्गर | 39 | 50 | 7 | 0 |
| शुभमन का यानसेन बो बर्गर | 36 | 55 | 5 | 0 |
| कोहली का मार्कराम बो रबाडा | 46 | 59 | 6 | 1 |
| श्रेयस अय्यर का वेरेयने बो बर्गर | 00 | 02 | 0 | 0 |
| राहुल का वेरेयने बो एनगिडी | 08 | 33 | 1 | 0 |
| जडेजा का यानसेन बो एनगिडी | 00 | 02 | 0 | 0 |
| बुमराह का यानसेन बो एनगिडी | 00 | 02 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| कृष्णा का मार्कराम बो रबाडा | 00 | 03 | 0 | 0 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 24, कुल : 34.5 ओवर में 153/10
गेंदबाजी : रबाडा 11.5-2-38-3, एनगिडी 6-1-30-3, बर्गर 8-2-42-3, यानसेन 9-2-29-0.

## अंडर-15 और अंडर-20 चैंपियनशिप की घोषणा



एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत में कुश्ती का संचालन कर रहे तदर्थ पैनल ने बुधवार को अगले छह सप्ताह के अंदर अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की घोषणा की। इससे पहले जूनियर पहलवानों ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा गठित पैनल को भंग करने की मांग की।

पैनल ने युवा पहलवानों की चिंता को समझा, जिनका करियर पिछले एक साल से शीर्ष पहलवानों के विरोध के कारण अधर में लटका हुआ है। जनवरी 2023 के बाद राष्ट्रीय शिविर या जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन नहीं किया गया है। तीन सदस्यीय पैनल के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने जूनियर पहलवानों को आश्वासन दिया कि सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप जल्द ही ग्वालियर में आयोजित की जाएंगी। बाजवा ने बयान में कहा, 'पैनल युवा पहलवानों की चिंताओं को समझता है और उनका समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। समिति अगले छह सप्ताह के अंदर ग्वालियर में अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की योजना बना रही है।'

## कमजोर टेस्ट टीम चयन का सीएसए ने किया बचाव

एजेंसी ▶▶ जोहानिसबर्ग

न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के लिये कमजोर टीम चुनने पर मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों से आलोचना झेल रहे क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपना बचाव करते हुए कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और घरेलू टी20 लीग दोनों को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के लिए सात नए चेहरों को चुना है जिसमें कप्तान भी नया है। दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रिकेटर उस समय दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग खेलेंगे जो पिछले साल सीएसए और आईपीएल निवेशकों ने शुरू की है। सीएसए ने कहा, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका न्यूजीलैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम को लेकर चिंताओं से वाकिफ है। हम प्रशंसकों को आश्वासन देते हैं कि हम टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही हम एसए 20 लीग को भी मजबूत करना चाहते हैं।'

## कमिंस ने चटकाए पांच विकेट पाकिस्तान ने बनाए 313 रन

एजेंसी ▶▶ सिडनी



आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने लगातार तीसरी बार पारी के पांच विकेट ले कर पाकिस्तान के शीर्षक्रम को झकझोर दिया लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों के जुझारू प्रदर्शन के दम पर मेहमान टीम ने तीसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन 313 रन बनाए।

- पैट कमिंस ने लगातार तीसरी बार चटकाए पारी के पांच विकेट

लंच के बाद पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 96 रन था और लग रहा था कि टीम सस्ते में सिमट जाएगी। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के 88 रन, आगा सलमान और आमिर जमाल के अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने वापसी की। आस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने पर बिना किसी नुकसान के छह रन बनाए थे। अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे डेविड वॉर्नर और उस्मान ख्वाजा को स्पिनर साजिद खान ने काफी परेशान किया। वॉर्नर ने पहली गेंद पर चौका लगाया लेकिन अगली गेंद पर बाल बाल बचे।

## पोलैंड अंतिम-4 में पहुंचा, फ्रांस ने दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶ पर्थ

पोलैंड ने चीन को 3-0 से हराकर यूनाइटेड कप टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि फ्रांस ने इटली को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी झेंग किनवेन को महिला एकल में 6-2, 6-3 से हराया। वहीं हुबर्ट हुरकाज ने झांग झिजेन को पुरुष एकल में 6-3, 6-4 से मात दी। मिश्रित युगल में कैटरीना पीटर और जान जीलिंस्की ने याउ शियाओदी और युन फाजिंग को 6-3, 5-7, 10-7 से हराया। पोलैंड की टीम अब सिडनी में सेमीफाइनल खेलेगी जहां उसका सामना फ्रांस और नॉर्वे के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। यूनान को कनाडा से खेलना है और अगले दौर में पहुंचने के लिए उसे हर हालत में यह मैच जीतना होगा। वहीं सर्बिया की टक्कर आस्ट्रेलिया से होगी।

## जगरेब ओपन के लिए 13 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ की तदर्थ समिति ने क्रोशिया में होने वाले जगरेब ओपन के लिए 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। क्रोशिया की राजधानी में होने वाला पहला विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट 10 से 14 जनवरी तक चलेगा।



डब्ल्यूएफआई का संचालन भारतीय ओलंपिक संघ की तीन सदस्यीय समिति कर रही है। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुवाई में चुने गए महासंघ को उसके अपने संविधान के उल्लंघन के मामले को लेकर निलंबित कर दिया। टीम : पुरुष फ्रीस्टाइल : अमन (57 किलो), यश (74 किलो), दीपक पूनिया (86 किलो), विक्की (97 किलो) और सुमित (125 किलो)। ग्रीको रोमन : ज्ञानेंदर (60 किलो), नीरज (67 किलो), विकास (77 किलो), सुनील कुमार (87 किलो), नरिंदर चीमा (97 किलो), नवीन (130 किलो)। महिला : सोनम (62 किलो) और राधिका (68 किलो)।

## सूर्यकुमार फिर सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर की दौड़ में

**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को बुधवार को आईसीसी के पुरुष 'टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर' के लिए चार नामांकन में शामिल किया गया। भारत के इस 33 साल के खिलाड़ी ने 2022 में यह पुरस्कार जीता था। वर्ष 2023 में सूर्यकुमार ने दबदबा बनाते हुए 17 पारियों में 48.86 के औसत और 155.95 के स्ट्राइक रेट से 733 रन बनाए हैं।



युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी आईसीसी पुरुष 'एमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023' के लिए चार खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। 22 साल के जायसवाल ने 2023 में 70.75 के औसत से टेस्ट में 283 रन बनाये है, उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 33.07 के औसत और 159.25 के स्ट्राइक रेट से 430 रन जोड़े हैं।

## टेस्ट रैंकिंग : कोहली की शीर्ष 10 में वापसी, अश्विन शीर्ष पर कायम

एजेंसी ▶▶ दुबई



भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट में अच्छे प्रदर्शन के बाद जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में चार पायदान आगे छठे स्थान पर पहुंच गए। कोहली 2022 में शीर्ष 10 से बाहर हो गए थे लेकिन पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 38 और 76 रन की पारी खेलने से वह फिर इसमें वापसी करने में सफल रहे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार वह शीर्ष पर चल रहे केन विलियमसन से 103 रेटिंग अंक नीचे हैं जबकि जो रूट और स्टीव स्मिथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 14वें स्थान पर खिसक गए, उन्होंने सेंचुरियन में पांच रन बनाए थे और एक पारी में वह खाता भी नहीं खोल सके थे। केएल राहुल भी 11 पायदान की उछाल से 51वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने श्रृंखला के शुरुआती मैच में 101 और चार रन बनाए थे। गेंदबाजों में रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं जबकि वह सेंचुरियन में 41 रन देकर एक विकेट ही झटक सके थे। रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। जडेजा आल राउंडर सूची में शीर्ष पर कायम हैं। उनके बाद अश्विन दूसरे स्थान पर हैं जबकि शार्दुल ठाकुर 34वें स्थान पर खिसक गए हैं। टीम रैंकिंग में भारत 118 अंक लेकर आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ऊपर शीर्ष पर काबिज है।

## नाडा के राडार में रहेंगे पंत, ईशान और श्रेयस

**नई दिल्ली।** सड़क दुर्घटना के बाद पुनर्वास के दौर से गुजर रहे क्रिकेटर ऋषभ पंत अब राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी के राडार में रहेंगे। नाडा की ओर से पहली बार रिकॉर्ड आठ क्रिकेटरों को अपने पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल किया गया है। इनमें ईशान किशन और श्रेयस अय्यर का नया नाम जुड़ा है, जबकि सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना इस पूल में पहले से शामिल हैं। यही नहीं भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाले पहलवान बजरंग और विनेश फोगाट भी आरटीपी में बरकरार रखे गए हैं। नाडा ने 2024 के पहले क्वार्टर की आरटीपी में 169 खिलाड़ियों को शामिल किया है।

'सैंडपेपर' कांड : पूर्व क्रिकेटर कैटिच का बयान

# वॉर्नर को जनता से पूरा सम्मान मिलना मुश्किल

एजेंसी ▶▶ सिडनी

आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन कैटिच का मानना है कि 2018 के गेंद से छेड़खानी प्रकरण के मद्देनजर डेविड वॉर्नर को जनता का पूरा सम्मान नहीं मिलेगा क्योंकि देश में कई लोगों को अब तक यकीन नहीं होता कि उस समय उनकी टीम ने क्या किया।

तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ, उपकप्तान वॉर्नर और कैमरन बेनक्रॉफ्ट को 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में 'सैंडपेपर गेट' कांड के बाद प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। वॉर्नर पर आजीवन प्रतिबंध लगाया गया था और



उनकी छवि भी खराब हुई। कैटिच का मानना है कि पांच साल बाद भी उन्हें पूरी तरह से माफी नहीं मिली है। उन्होंने 'सेन रेडियो' से कहा, 'यह कहना मुश्किल है कि उन्हें पूरा सम्मान मिलेगा क्योंकि लोगों को वह घटना पसंद नहीं आई थी और आनी भी नहीं चाहिए थी। कइयों को यकीन ही नहीं हुआ कि आस्ट्रेलियाई टीम ऐसा भी कर सकती है।' सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे वॉर्नर वनडे से भी संन्यास ले चुके हैं। कैटिच ने हालांकि कहा कि उस घटना के लिए, वॉर्नर को पूरी तरह से दोषी नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा, 'पूरी घटना के लिए उन्हें दोषी कहना गलत होगा। कैमरन बेनक्रॉफ्ट और स्टीव स्मिथ भी इसमें शामिल थे लेकिन लोगों को लगता है कि इन तीनों के अलावा भी इसमें और लोग जुड़े थे। उस समय वॉर्नर ने माफी मांगने के बाद चुप्पी साध ली और फिर अच्छा क्रिकेट खेलकर मैदान पर वापसी की। यह हालांकि उतना आसान नहीं था। उसके लिए यह बहुत बड़ी बात है।'

**छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक**
(भारत सरकार, राज्य शासन और भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम)
कॉर्पोरेट कार्यालय, सेक्टर-24, नवा रायपुर (छ.ग.) पिन-492018

**सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के समस्त केसीसी खाताधारकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार केसीसी ऋण खातों में ब्याज अनुदान का लाभ प्राप्त करने हेतु आधार की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। अतः समस्त केसीसी खाताधारक, जिन्होंने आधार की अद्यतन जानकारी शाखाओं में उपलब्ध नहीं कराई है तत्काल आधार की प्रति ऋण प्रदान करने वाली शाखा में जमा करावें, ताकि केसीसी ब्याज अनुदान का लाभ शासन द्वारा प्रदान किया जा सके।

नोट- केसीसी ब्याज अनुदान का लाभ वर्ष के दौरान नियमित एवं नवीनीकृत खातों में ही प्रदान किया जाता है। अतः ऐसे केसीसी खाताधारक जिन्होंने वर्ष के दौरान केसीसी नवीनीकरण नहीं कराया है, आवश्यक केवाईसी दस्तावेज के साथ अपनी शाखा में तत्काल संपर्क करें।

दिनांक 04.01.2024 महाप्रबंधक (प्रशासन)






# देश में रोजाना की जा रही फ्रॉड वाली 50 हजार कॉल

## केंद्रीय गृह मंत्रालय से संबद्ध विभाग ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। वे रोजाना ही साइबर अटैक की कोई न कोई तकनीक इस्तेमाल करते रहते हैं। साइबर हमलों का शिकार केवल आम आदमी ही नहीं, बल्कि सरकारें और विभिन्न वित्तीय संस्थान भी बनते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय में साइबर क्राइम से निपटने के लिए स्थापित किए गए 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' (आई4सी) के सीईओ राजेश कुमार ने बुधवार को यह खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि देश में रोजाना साइबर अपराध के चलते 50000 कॉल मिल रही हैं। एक लाख लोगों पर 129 शिकायतें दर्ज हो रही हैं। कुमार ने बताया, अगर एक घंटे के भीतर साइबर अपराध से जुड़ी शिकायत मिलती है, तो पैसे के नुकसान से बचाव हो सकता है। साल 2023 में सेक्सटॉर्शन फ्रॉड के 19000 केस सामने आए हैं।

**जी20 सम्मेलन के दौरान हर 60 सेकेंड में 16 लाख अटैक**

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' (आई4सी) के सीईओ राजेश कुमार ने बताया, जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान हर 60 सेकेंड में 16 लाख साइबर अटैक हुए थे। केंद्रीय एजेंसियों ने अपनी त्वरित कार्रवाई के जरिए साइबर अपराधियों को उनके मंसूबों में कामयाब नहीं होने दिया। अभी तक साइबर क्राइम को लेकर 46229 डिवाइस भी ब्लॉक किए गए हैं। पहले सिम कार्ड, वेबसाइट या एप को ही ब्लॉक किया जाता था। इस साल 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' के लिए एक बड़ी उपलब्धि यह रहेगी कि आई4सी के साथ देश के सभी सरकारी और गैर सरकारी बैंक जुड़ जाएंगे। इससे साइबर अपराध से निपटने में बड़ी मदद मिलेगी। केंद्रीय एजेंसियों और बैंकों के बीच समन्वय पुख्ता हो जाएगा। इसके माध्यम से समय रहते साइबर अपराध की घटना को काउंटर किया जा सकेगा।

### राज्यों को दी जा रही ट्रेनिंग

मौजूदा समय में कुछ ही बैंक आई4सी के साथ जुड़े हैं। क्रिप्टों करेंसी के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय की टीम विभिन्न राज्यों में जाकर विभिन्न एजेंसियों को ट्रेनिंग दे रही है। साइबर अपराध के जरिए जो वित्तीय चपत लगती है, उसकी त्वरित भरपाई के लिए एक ठोस मेकेनिज्म पर काम हो रहा है। गुजरात में लोक अदालत और कर्नाटक में कोर्ट द्वारा इस दिशा में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। अभी वित्तीय फ्रॉड के मामले में बैंक से जब नुकसान की भरपाई की मांग की जाती है, या संबंधित पीड़ित की राशि वापस देने की बात होती है, तो बैंक द्वारा अदालत का आदेश मांगा जाता है। इस प्रक्रिया में ज्यादा समय लगता है। इससे पीड़ित व्यक्ति की परेशानी बढ़ जाती है। इस समस्या का हल करने की दिशा में आई4सी द्वारा विशेष प्लानिंग की जा रही है। यह प्रक्रिया अंतिम चरण में है। कानूनी सलाह ली जा रही है। उम्मीद है कि कुछ माह के बाद नई व्यवस्था अमल में आ जाएगी। इसके बाद पीड़ित को अपनी राशि के लिए बैंकों के यहां चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।



### 295461 सिम कार्ड ब्लाक

साइबर अपराध के चलते 295461 सिम कार्ड ब्लॉक किए गए हैं। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के तहत 2810 वेबसाइट ब्लॉक हुई हैं। 46229 आईएमईआई नंबर ब्लॉक किए गए हैं। एनसीआरपी पर साइबर अपराध की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। 2019 में 26049 शिकायतें मिली थीं। 2020 में 257777, 2021 में 452414, 2022 में 966790 और 2023 में 1556176 शिकायतें दर्ज हुई हैं। साल 2022 के मुकाबले 2023 में शिकायतों का ग्राफ 60.9 फीसदी बढ़ा है।

### विदेशी लोगों का भी हाथ

राजेश कुमार के मुताबिक, साइबर अपराध की घटनाओं को अंजाम देने में विदेशी लोगों का भी बड़ा हाथ है। चीन व कंबोडिया सहित कई देशों में बैठे साइबर अपराधी, ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं। साइबर अपराध की कुल घटनाओं में 40 से 50 फीसदी मामलों को विदेशों में बैठे गैंग अंजाम दे रहे हैं। इसके लिए संबंधित देशों की सरकारों के साथ बातचीत होती है। साइबर अपराध के चलते जो राशि ब्लॉक की गई है, वह 1127 करोड़ रुपये है। इसमें से लगभग 10 फीसदी रिकवरी हुई है। बतौर राजेश कुमार, रिकवरी का यह प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। देश में हर व्यक्ति को साइबर अपराध की शिकायत के लिए '1930' हेल्पलाइन नंबर याद रखना चाहिए। इस नंबर के जरिए रोजाना 50000 कॉल दर्ज हो रही है। यानी इतनी बड़ी संख्या में लोग इस हेल्पलाइन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# वन कानूनों के बाद भी 10.26 लाख हेक्टेयर जंगल खत्म



**नई दिल्ली।** साल 1980 में वन संरक्षण अधिनियम बनने के बाद देशभर में अब तक करीब 10 लाख 26 हजार हेक्टेयर जंगल खत्म हो चुके हैं। यह वन भूमि दिल्ली के भौगोलिक क्षेत्रफल से लगभग 7 गुना अधिक है। सबसे ज्यादा वन भूमि का डायवर्जन 1990 में 1.27 लाख हेक्टेयर हुआ है। दूसरा सबसे बड़ा डायवर्जन साल 2000 में हुआ। इस साल 1 लाख 16 हजार से अधिक वन भूमि गैर वनीय उपयोग के लिए खत्म कर दी गई। पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय के अधिकृत आंकड़ों के अनुसार पिछले 15 वर्षों (2008 से 2023) में 3,05,756 हेक्टेयर वन भूमि का डायवर्जन हुआ है।

### जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदारी

रिपोर्ट के अनुसार वनों की कटाई से वन्यजीवों के निवास स्थान की क्षति, जैव विविधता की हानि और शुष्कता में वृद्धि हुई है। वनों की कटाई से वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड का बायोसेस्ट्रेशन भी कम हो जाता है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग में योगदान देने वाले नकारात्मक प्रतिक्रिया चक्र बढ़ जाते हैं।

### दो तिहाई वन्यजीव खत्म

वर्ल्डवाइड फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की रिपोर्ट के अनुसार इंसानी गतिविधियों की वजह से 1970 से अब तक दुनियाभर के जंगली जीवों की आबादी में 69 फीसदी यानी दो-तिहाई खत्म हो चुकी है। इसके पीछे तीन बड़े कारण हैं। पहला जलवायु परिवर्तन, दूसरा जंगलों का खात्मा और तीसरा प्रदूषण। जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ लंदन (जेडएस एल) में कंजरवेशन एंड पॉलिसी के डायरेक्टर एंड्र्यू टेरी ने कहा कि यह खतरनाक है। हम अपनी दुनिया को खाली करते जा रहे हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने जेडएसएल के डेटा का विश्लेषण करके बताया है कि 5000 से ज्यादा प्रजातियों के 32 जंगली जीवों की आबादी में 69 फीसदी की कमी हुई है।




# हड़ताल खत्म होते ही लौटी रौनक, पेट्रोल पंप, सब्जी मार्केट के हालात सुधरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रक ड्राइवर्स की हड़ताल के कारण पेट्रोल पंपों में लगी भीड़ छंट चुकी है। हड़ताल समाप्त होते ही बुधवार से जनजीवन सामान्य होने लगा। सुबह से सब्जियों की आवक भी मंडियों में होने लगी, जिसके कारण बढ़ी कीमतें फिर सामान्य होने लगी हैं। थोक और चिल्हर में कई सब्जियां फिर पुराने दाम पर ही मिलने लगी हैं। हालांकि दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियों में मटर-भिंडी, शिमला मिर्च, मुनगा सहित अन्य कुछ सब्जियों के दाम अभी भी बढ़े हुए हैं। इन सब्जियों की आवक खपत और डिमांड से बहुत कम है, इसके कारण इनके दाम में अभी तेजी है। गुरुवार से दूसरे राज्यों से आवक बढ़ते ही इनके दाम में गिरावट आएगी।

### सामान्य होने लगा जनजीवन



**लंबी दूरी वाले राज्यों से नहीं पहुंची गाड़ियां :** ट्रक ड्राइवर्स की हड़ताल खत्म होने के बाद थोक एवं चिल्हर सब्जी बाजार में सब्जियों की आवक तथा कीमतों में कितना बदलाव आया है, इसे जानने के लिए हरिभूमि की टीम ने थोक एवं चिल्हर सब्जी बाजार की लाइव रिपोर्टिंग की। टीम सबसे पहले डूमरतराई थोक मंडी पहुंची, जहां थोक सब्जी व्यापारी राजा निर्मलकर, विष्णुप्रसाद साहू व चेतन साहू ने बताया कि मंडी में आज से लोकल एवं दूसरे राज्यों की गाड़ियों का पहुंचना शुरू हो गया है। इससे सब्जियों की एक दिन पहले बढ़ी कीमतें फिर सामान्य हो गई हैं।

### मारामारी के थे हालात

ट्रकों के पहिए जाम होने का सीधा असर पेट्रोल-डीजल पर पड़ा। इसकी वजह से न बसें चलीं और न स्कूल वाहन। यात्रियों को भटकना पड़ा। मंगलवार रात हड़ताल खत्म होने के आसार के साथ आज सुबह से हालात सामान्य होने लगे। बसें भी चलीं और स्कूल वाहन भी नजर आए।

### दूसरे राज्यों से आवक आज से

हड़ताल खत्म होने के बाद पहले दिन लंबी दूरी वाले राज्यों नासिक, रांची, दिल्ली, जबलपुर की गाड़ियां आज सब्जी मार्केट नहीं पहुंच पाई हैं, लेकिन गुरुवार से उन राज्यों से भी सब्जियों की गाड़ियां पहुंचने लगेंगी। इससे जो सब्जियों की कीमत अभी बढ़ी हुई हैं, उनकी कीमतें भी घटेंगी। शास्त्री बाजार में भी टीम ने चिल्हर सब्जी विक्रेताओं से सब्जियों का भाव जाना। इस दौरान टमाटर 10-15 रुपए, लौकी 30, कुंहड़ा 20, कुंदरू 50, कटहल 60 रुपए, बरबट्टी 60, बैगन 50, मुनगा 80, करेला 60, हरी धनिया 60, हरी मिर्च 60, पत्ता गोभी 30, फूलगोभी 40, अदरक 120, मटर 80 रुपए प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है।

# तिरुपति मंदिर की आय-संपत्ति के आगे फीके हैं टाटा-बिरला

एजेंसी ▶▶| तिरुपति

देश में एक ऐसा मंदिर है जिसके पास करीब तीन लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है। यह संपत्ति कितनी होती है आप इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि देश की नामी ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स और टाटा स्टील की बाजार पूंजी क्रमशः 2.63 लाख करोड़ और 1.71 लाख करोड़ रुपये है।

दरअसल, हम बात कर रहे हैं दुनिया में प्रसिद्ध तिरुमला तिरुपति देवस्थानम की. इस मंदिर में हर दिन लगभग तीन से चार करोड़ रुपये का चढ़ावा हुंडी के जरिए आता है। मंदिर की मासिक आय 100 करोड़ से ज्यादा है। 2023 में तिरुमाला मंदिर को हुंडी के जरिए 1398 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।



यह रकम भक्तों द्वारा सिर्फ हुंडी के जरिए समर्पित राशि है। मंदिर के पास आय के कई अन्य साधन भी हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने सन 2022 में एक श्वेत पत्र जारी किया था। इस श्वेत पत्र के अनुसार तिरुमला देवस्थानम की कुल संपत्ति 2.5 लाख करोड़ रुपये थी। श्वेत पत्र को जारी हुए 14 महीने हो गए हैं। मौजूदा समय में अनुमान लगाया जा सकता है कि तिरुमाला की कुल संपत्ति करीब 3 लाख करोड़ रुपये है।

### सचिन-कोहली की सालाना आय से ज्यादा

हुंडी से आय की बात आती है, तो यह कहना होगा कि तिरुमाला की आय सचिन और कोहली की वार्षिक आय से भी अधिक है। जानकारी के मुताबिक सचिन की सालाना आय 1300 करोड़ रुपये के करीब है, वहीं कोहली की सालाना आय 1000 करोड़ रुपये है। भक्त इस मंदिर में उपहार भी भेंट करते हैं। इनके अलावा भक्तों द्वारा मुंडन करवाया जाता है। उनके केश बेचे जाते हैं। इससे भी मंदिर को आय होती है। फिक्स्ड डिपॉजिट पर भी ब्याज मिलता है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा संचालित कई ट्रस्टों को भक्त सालाना करोड़ों का दान देते हैं।




## वैश्विक आपूर्ति का चलेगा पता

# देश में पहली बार औषधीय पौधों का होगा सर्वे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल के पहले दिन केंद्र सरकार ने देश के औषधीय पौधों का सर्वे करने का फैसला लिया है। साथ ही औषधीय पौधों की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग व आपूर्ति का पता लगाने के लिए अध्ययन भी किया जाएगा।



हिमाचल से पूर्वोत्तर राज्यों तक के दुर्गम स्थानों पर मौजूद औषधियों व जड़ी बूटियां भी शामिल हैं। केंद्रीय आयुष मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) ने सह सर्वेक्षण व अध्ययन का फैसला लिया है, जिसे लेकर संस्थानों से प्रस्ताव मांगा है। बोर्ड का मानना है कि दुनिया भर में हर्बल उत्पादों की मांग बढ़ने से औषधीय पौधों की औद्योगिक मांग भी बढ़ रही है। इन पौधों से कॉस्मेटिक उत्पाद और हर्बल पोषण बनाए जा रहे हैं।

### औषधीय पौधों की खपत

आयुष मंत्रालय का कहना है कि औषधीय पौधों की खपत का अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि भारत में अभी केवल 10 कंपनियां 75 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा इस्तेमाल कर रही हैं जबकि हर्बल क्षेत्र में कंपनियों की सूची 500 से भी ज्यादा है। इसी तरह दुनिया के 37 देशों में भारत से औषधीय पौधों से निर्मित कच्चा माल जा रहा है लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत अपनी इस क्षमता को और कितना बढ़ा सकता है? इसके बारे में सही जानकारी होना भी जरूरी है।

### शूगर की दवा की खोज

भारतीय औषधियों के दम पर ही सीएसआईआर के वैज्ञानिकों ने मधुमेह रोगियों के लिए बीजीआर-34 दवा की खोज की जिसका उत्पादन एमिल फार्मास्युटिकल्स कर रहा है। इसी तरह किडनी रोगियों के लिए नीरी केएफटी, प्रदूषण और सूखी खांसी के लिए जूफेक्स, हर्बल उत्पादों के लिए आयुथवेदा, एमिली प्लस जैसे उत्पादों की बड़ी श्रृंखला बाजार में मौजूद है जिन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों में काफी प्रभावी पाया गया है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com